kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-114 ❑ रविवार, 25 मई 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



पूरे देश में शहरीकरण की रफ्तार बढ़ रही है और ड्रेनेज एक बड़ा संकट बन रहा है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर टिकाऊ ड्रेनेज प्रणाली विकसित करने के लिए विशेष योजना बनाई जानी चाहिए। **पुष्कर सिंह धामी**

बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अबू धाबी में किये मंदिर में दर्शन 11

पर्यटन को मिलेगा नया आयाम, मंदिरों को जोड़कर बनेगा पर्यटन सर्किट : मंत्री धन सिंह रावत 12

## संक्षेप

### 'कर्मचारी भविष्य निधि के अंशदाताओं को मिलेगा 8.25% की दर से ब्याज'

**नयी दिल्ली।** सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना के अंतर्गत अंशदाताओं की संचित राशि पर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज दिए जाने को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी शनिवार को यहां आधिकारिक सूत्रों ने दी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ( ईपीएफओ) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भी अंशदाताओं को 8.25 प्रतिशत की दर से ही ब्याज दिया था। कर्मचारी भविष्य निधि योजना में अंशदाताओं की संख्या इस समय सात करोड़ से अधिक है।

### जाने-माने अभिनेता मुकुल देव का निधन

**नयी दिल्ली।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मुकुल देव का निधन हो गया। वह 54 वर्ष के थे। मुकुल देव का शुक्रवार की रात नयी दिल्ली में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। मुकुल देव के बड़े भाई राहुल देव ने इंस्टाग्राम पर मुकुल देव की तस्वीर शेयर कर लिखा, हमें आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमारे भाई मुकुल देव का कल रात नई दिल्ली में निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी बेटी सिया देव हैं। उनके भाई-बहन रश्मि कौशल, राहुल देव और उनके भतीजे सिद्धांत देव उन्हें बहुत याद करेंगे। उनका अंतिम संस्कार आज शाम 5 बजे होगा। मुकुल देव का जन्म 17 दिसंबर 1970 को नई दिल्ली में एक पंजाबी परिवार में हुआ था। उनके पिता हरी देव पुलिस में असिस्टेंट कमिश्नर थे और उन्होंने ही मुकुल को अफगानी संस्कृति से परिचित कराया था। मुकुल देव का सपना अभिनय की दुनिया में आने का नहीं था । उन्होंने चंडीगढ़ में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ एयरोनॉटिक्स में पायलट की ट्रेनिंग ली थी।

### अब सीबीएसई के स्कूलों में लगाया जाएगा 'शुगर बोर्ड'

**लखनऊ।** जंक फूड, शुगर स्नैक्स व कोल्ड ड्रिंक का अत्याधिक सेवन कर रहे विद्यार्थियों को मोटापा, डायबिटीज व ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां घेर रहीं हैं। निर्धारित मानक से अधिक चीनी का सेवन किस तरह उनकी सेहत के लिए हानिकारक साबित हो रहा है इसके लिए अब सीबीएसई के स्कूलों में शुगर बोर्ड लगाया जाएगा। यह शुगर बोर्ड उन्हें बताएगा कि उन्हें कितनी मात्रा में चीनी का सेवन करना है और किस तरह इसका अत्याधिक सेवन उनके लिए खतरनाक है, यह बताया जाएगा। सीबीएसई की ओर से सभी स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि 15 जुलाई तक अनिवार्य रूप से वह शुगर बोर्ड लगाएं और इसकी फोटो सीबीएसई को भेजें। स्कूलों में छात्रों को बताया जाएगा कि टाइप-टू डायबिटीज के तेजी से बढ़ने और निर्धारित मानक से अधिक चीनी का सेवन करने से किस तरह की बीमारियां होती हैं। क्योंकि शुगर से बने स्नैक्स, पेय पदार्थ और प्रसंस्करित खाद्य पदार्थ आसानी से विद्यार्थियों को उपलब्ध रहते हैं।

# ऑपरेशन सिन्दूर जैसी एकजुटता भारत को विकसित बनाने के लिए भी जरूरी : मोदी

## नीति आयोग की बैठक में पीएम बोले- हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। नीति आयोग की संचालन परिषद की दसवीं बैठक में ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर भारतीय सशस्त्र बलों तथा सरकार के नेतृत्व के प्रति पूरे समर्थन तथा एकजुटता का भाव दिखा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भी इसी तरह की एकजुटता, दृढ इच्छाशक्ति और उत्साह से काम करने की जरूरत है।

श्री मोदी ने राजधानी में नीति आयोग की संचालन परिषद की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विकसित भारत अब देश के हर नागरिक की आकांक्षा बन गया है। उन्होंने कहा, हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत अब हर नगरिक का लक्ष्य बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, जब प्रत्येक राज्य विकसित होगा, तो ही भारत विकसित होगा। यह देश के 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है। श्री मोदी ने अर्थव्यस्था में महिलाओं की भूमिका बढ़ाये जाने पर बल देते हुए कहा, हमें कार्यबल में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें ऐसे कानून, नीतियां बनानी चाहिए, जिससे उन्हें कार्यबल में सम्मानपूर्वक शामिल किया जा सके।



बैठक में विपक्षी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

- ❑ सभी राज्य विकसित भारत की अवधारणा से जुड़ गये हैं: नीति आयोग
- ❑ नीति आयोग की दस वर्ष की यात्रा भारत को विकसित राष्ट्र का लक्ष्य हासिल करने की यात्रा, ढाई से तीन वर्ष के अंदर भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा
- ❑ आयोग की बैठक में 36 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया

प्रधानमंत्री ने कहा, हमें इस तरह से काम करना चाहिए कि लागू की गयी नीतियां आम नागरिकों के जीवन में बदलाव लायें। जब लोग बदलाव महसूस करते हैं, तभी यह बदलाव को मजबूत करता है और बदलाव को एक आंदोलन में बदल देता है। उन्होंने कहा, एक टीम के रूप में हमारे पास 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का एक शानदार अवसर है। हमें इस लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि 2047 तक भारत को विकसित बनाना। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर राज्य विकसित हो, हर शहर विकसित हो, हर नगर पालिका विकसित हो और हर गांव विकसित हो। उन्होंने कहा, अगर हम इन सभी दिशाओं में मिल कर काम करेंगे, तो हमें विकसित भारत बनने के लिए 2047 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लाभ को भी रेखांकित किया और एक राज्यः एक वैश्विक गंतव्य का नारा दिया। उन्होंने कहा कि राज्यों को वैश्विक मानकों के अनुरूप और सभी सुविधायें और बुनियादी ढांचा प्रदान करके हर राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस रणनीति से पर्यटन स्थल के आस पास के शहरों का पर्यटन स्थल के रूप में विकास भी होगा। उन्होंने कहा, भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। ● शेष पेज 11 पर

### उत्तर प्रदेश टीम इंडिया में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने को प्रतिबद्धः योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश टीम इंडिया के महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 10वीं बैठक में सहभाग कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। बैठक में 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य 2047 विषय पर गहन विचार-विमर्श हुआ। प्रधानमंत्री के यशस्वी मार्गदर्शन में 'विकसित भारत-विकसित राज्य के पुनीत लक्ष्य की सिद्धि में नए भारत का नया उत्तर प्रदेश 'टीम इंडिया के महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# मानसून ने आठ दिन पूर्व ही केरल में दी दस्तक



**एजेंसी**

नई दिल्ली। झमाझम बारिश के साथ मानसून ने केरल में दस्तक दे दी है। भारत की मुख्य भूमि पर पिछले 16 साल में मानसून का सबसे पहले आगमन हुआ है। इस बार अपने तय समय से 8 दिन पहले मानसून ने दस्तक दे दी है, जो 2009 के बाद से भारतीय मुख्य भूमि पर इसका सबसे जल्दी आगमन है।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की तरफ से शनिवार को जारी बयान में कहा गया है कि दक्षिण-पश्चिमी मानसून केरल पहुंच गया, जो 2009 के बाद से भारतीय मुख्य भूमि पर इसका सबसे जल्दी आगमन है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछली बार राज्य में मानसून इतनी जल्दी 2009 और 2001 में आया था, जब यह 23 मई, 2029 को केरल पहुंचा था। देश में मानसून का जल्दी आना आमतौर पर सभी क्षेत्रों के लिए काफी लाभकारी होता है, विशेषकर कृषि क्षेत्र में जो भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। आमतौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून 1 जून तक केरल में दस्तक देता है, जबकि 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। विभाग के मुताबिक यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है। आईएमडी की तरफ से जारी आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल 30 मई को दक्षिणी राज्य केरल में मानसून आया था। वहीं, साल 2023 में 8 जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में 3 जून को, 2020 में 1 जून को, 2019 में 8 जून को और 2018 में 29 मई को मॉनसून की एंट्री हुई थी। मौसम विज्ञानियों के अनुसार मानसून के आगमन की तारीख और देशभर में इस मौसम में होने वाली कुल बारिश के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। केरल में मानसून के जल्दी आगमन या देरी से पहुंचने का मतलब यह नहीं है कि ये देश के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह पहुंचेगा। एक अधिकारी ने बताया कि यह बड़े पैमाने पर परिवर्तनशीलता और वैश्विक, क्षेत्रीय और स्थानीय विशेषताओं की निर्भर करता है। आईएमडी ने अप्रैल महीने में साल 2025 के मानसून सीजन में सामान्य से ज्यादा वर्षा का अनुमान लगाया था। इसके साथ ही आईएमडी ने अल नीनो की स्थिति की संभावना को खारिज कर ● शेष पेज 11 पर

# पावर कारपोरेशन ने जेई संगठन से मांगा निजीकरण में सहयोग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के आंदोलन के बीच शनिवार को पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन के पदाधिकारियों संग बैठक की। कारपोरेशन प्रबंधन ने ऊर्जा क्षेत्र में प्रस्तावित रिफार्म में जूनियर इंजीनियर संगठन का सहयोग मांगा। अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने कहा कि कारपोरेशन संगठन के सदस्यों के हित में आपके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि इस रिफार्म में आपके सभी हित जैसे प्रोन्नति, सेवानिवृत्त के लाभ और देयक, सेवा-शर्तें तथा रियायती दर पर बिजली आदि की सभी सुविधाएं पूरी तरह सुरक्षित रहेंगी। संगठन से रिफार्म में अवर अभियंताओं की सेवाएं कैसे और बेहतर हों आदि मुद्दों पर सुझाव भी मांगे।

अध्यक्ष ने कहा कि सरकार के निर्णय का विरोध करना उचित नहीं है। संगठनों का कार्य अपने सदस्यों का सेवा हित देखना है, उसमें हम आपके साथ हैं। कारपोरेशन अध्यक्ष ने कहा कि पूर्वांचल व दक्षिणांचल के रिफार्म में कर्मचारियों के हितों को कोई नुकसान नहीं होगा। जूनियर इंजीनियर संगठन के पदाधिकारियों ने प्रबंधन को आश्वस्त किया कि रविवार को होने वाली हाई पावर कमेटी की बैठक में विचार कर अवगत कराएंगे। वार्ता में पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, उत्पादन एवं ट्रांसमिशन के प्रबंध निदेशक रूपेश कुमार सहित अनेक अधिकारी तथा जूनियर इंजीनियर संगठन की ओर से केन्द्रीय महासचिव बलबीर यादव तथा जय प्रकाष सहित अनेक प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# देश में कोरोना के अब तक 350 एक्टिव मरीज

नई दिल्ली। देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3 और यूपी के नोएडा में एक मामला सामने आया है। ठाणे में शुक्रवार को 10 मामले सामने आए थे।

23 मई को अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। इस तरह देश में अब तक कोरोना के 350 एक्टिव केस हैं। 2 मौतें हो चुकी हैं। उधर, दिल्ली सरकार ने कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन, दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें। दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोक नायक अस्पताल भेजा जाए। सभी संस्थानों को अपनी रिपोर्ट दिल्ली हेल्थ पोर्टल पर रोज अपलोड करनी है। एडवाइजरी ऐसे समय आई है जब पाकिस्तान, चीन, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में कोरोना मामलों में बढ़ोतरी हो रही है।

# सुप्रीम कोर्ट में गर्मी की छुट्टियां, 13 जुलाई तक 'आंशिक कार्य दिवस'

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में सोमवार से गर्मी की छुट्टियां शुरू हो रही हैं। इस अवधि को संभवतः पहली बार 'आंशिक कार्य दिवस' नाम दिया गया और इस दौरान भी पहले की ही तरह यहां आंशिक कामकाज होंगे।

शीर्ष अदालत की एक अधिसूचना के अनुसार 26 मई से 13 जुलाई 2025 तक 'आंशिक कार्य दिवस' रहेगा और 14 जुलाई 2025 से शीर्ष अदालत में फिर से नियमित कामकाज शुरू हो जाएगा। इस 'आंशिक कार्य दिवस' में 21 पीठ विभिन्न मामलों की सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ने मामलों की सुनवाई के लिए उन पीठों को नामित किया है। अधिसूचना में कहा गया है कि 26 मई से एक जून के दौरान पांच पीठ विभिन्न मामलों की सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और



न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संजय कुमार, न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार के अलावा न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ अलग-अलग सुनवाई करेगी। इसी प्रकार दो जून से आठ जून (तीन पीठ) की अवधि के दौरान न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी के अलावा न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ अलग-अलग मामलों की सुनवाई करेगी। नौ जून से 15 जून (दो पीठ) न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन, न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ सुनवाई करेगी। इसी प्रकार से 16 जून से 22 जून (दो पीठ) तक न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और पीबी वराले की पीठ सुनवाई करेगी और 23 जून से 29 जून (तीन पीठ) तक न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह, न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठों में सुनवाई होगी। शीर्ष अदालत में 30 जून से छह जुलाई के दौरान 'आंशिक कार्य दिवस' की तीन पीठों में न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एन ● शेष पेज 11 पर

# यूपी में 347 नई टीएचआर इकाइयां स्थापित होंगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

- ❑ वर्तमान में 43 जनपदों में 204 इकाइयों से 288 परियोजनाओं को हो रही टीएचआर सप्लाई
- ❑ विकेंद्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत जनपद स्तर पर 273 करोड़ से ज्यादा धनराशि की गई आवंटित

लखनऊ। योगी सरकार की उत्तर प्रदेश में कुपोषण के खिलाफ जंग तेज हो रही है। वर्तमान में 43 जनपदों में 204 टेक होम राशन (टीएचआर) इकाइयों से 288 परियोजनाओं को आपूर्ति हो रही है और अब 2026-27 तक 347 नई टीएचआर इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के लिए 273.50 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है, जिससे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं तक पौष्टिक आहार सुनिश्चित होगा।

उत्तर प्रदेश सरकार ने टीएचआर उत्पादन इकाइयों को विकेंद्रीकृत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पहले चरण में 43 जनपदों में 204 इकाइयां कार्यरत हैं, जो 288 परियोजनाओं को पौष्टिक राशन उपलब्ध करा रही हैं। इन इकाइयों के माध्यम से बच्चों, गर्भवती और धात्री माताओं को गुणवत्तापूर्ण पोषण समय पर मिल रहा है। सरकार ने अब दूसरे चरण में 2026-27 तक 347 नई इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य तय किया है, जिससे हर जिले में टीएचआर इकाइयां स्थापित हो सकें। योजना के तहत विकेंद्रीकृत भुगतान व्यवस्था लागू की गई है, जिसके लिए कुल 273.50 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। संतकबीर नगर, अंबेडकरनगर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, अलीगढ़, बांदा, इटावा, प्रतापगढ़, ललितपुर, औरैया और महोबा जैसे जनपदों ने शत-प्रतिशत भुगतान पूरा कर लिया है, जो इस योजना की सफलता को दर्शाता है। यह कदम न केवल पोषण आपूर्ति को ● शेष पेज 11 पर

## यमुना एक्सप्रेसवे पर 1000 एकड़ में बन रही है उत्तर भारत की सबसे बड़ी इंटरनेशनल फिल्म सिटी

# जून में शुरू हो सकता है फिल्म सिटी का निर्माण

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो/एजेंसी**

लखनऊ/ग्रेटर नोएडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी'' का निर्माण कार्य इस माह के अंत तक या फिर अगले माह से शुरू हो सकता है। निर्माण कार्य के लिए चयनित निर्माता बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने पूरी तैयारी कर ली है। जिस भूमि पर निर्माण होना है उसका जियो-टेक्निकल सर्वे लगभग पूर्ण हो चुका है और कंपनी आने वाले दो-तीन दिनों में अपना बिल्डिंग प्लान सबमिट कर देगी। इस बीच भूमि को समतल करने का कार्य जारी है और सड़क निर्माण सहित अन्य विकास कार्य भी तीव्र गति से प्रगति पर हैं। साफ-सफाई का काम लगभग पूरा हो चुका है। सभी अप्रूवल मिलते ही निर्माण कार्य का शुभारंभ हो जाएगा। इसका शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलो से कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में यह इंटरनेशनल फिल्म सिटी स्थापित की जा रही है, जिसका उद्देश्य राज्य को फिल्म निर्माण, मीडिया, मनोरंजन और पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाना है।



बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी के जीएम राजीव अरोड़ा के अनुसार, जैसे ही बिल्डिंग प्लान को मंजूरी मिलती है, निर्माण कार्य औपचारिक रूप से शुरू कर दिया जाएगा। पहले चरण (फ़ेज-1) में कंपनी 13 से 14 अत्याधुनिक फिल्म साउंड स्टूडियो और लगभग 3 लाख वर्ग मीटर में फैला फिल्म इंस्टीट्यूट स्थापित करेगी। इस पूरी परियोजना का निर्माण तीन चरणों में 8 वर्षों के भीतर किया जाएगा। राजीव अरोड़ा ने कहा कि, ल्हम ऐसी फिल्म सिटी बनाएंगे, जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपनों को साकार करेगी।ह्नउन्होंने यह भी कहा कि फिल्म सिटी के शिलान्यास का कार्य स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा, जिसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय से समय निर्धारित करने की प्रक्रिया चल रही है।

यीडा क्षेत्र में विकसित होने जा रही फिल्म सिटी के निर्माण को लेकर यीडा भी काफी उत्साहित है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर यीडा इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द शुरू करने को तैयार है। इसके बीच में आने वाली हर तरह की अड़चन को दूर किया जा रहा है। भूमि अधिग्रहण से लेकर किसानों को मुआवजे तक की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है। यह परियोजना न केवल उत्तर प्रदेश को एक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करेगी, बल्कि राज्य में रोजगार सृजन, निवेश आकर्षण और सांस्कृतिक विरासत के प्रचार-प्रसार में भी अहम भूमिका निभाएगी। योगी सरकार का यह ड्रीम प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश की छवि को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। फिल्म सिटी परियोजना को यमुना एक्सप्रेसवे पर स्थित सेक्टर-21 में विकसित किया जा रहा है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 एकड़ है। परियोजना के पहले चरण (फ़ेज-1) में 230 एकड़ भूमि पर काम शुरू किया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत ?1510 करोड़ है। सर्वाधिक 18 प्रतिशत ग्रॉस रेवेन्यू शेयर प्रस्ताव देकर हाईएस्ट बिडर के रूप में चयनित बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी को लेटर ऑफ अवार्ड विगत वर्ष ही जारी किया जा चुका है। 27 जून 2024 को यीडा और कंसेशनायर प्रतिनिधि बोनी कपूर के बीच कंसेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर भी हो चुके हैं, ● शेष पेज 11 पर

- ❑ बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी जल्द शुरू करेगी निर्माण कार्य, पहले फ़ेज़ में फिल्म स्टूडियो और इंस्टीट्यूट का होगा निर्माण
- ❑ जियो-टेक्निकल सर्वे हुआ लगभग पूरा, दो-तीन दिनों में सबमिट कर दिया जाएगा बिल्डिंग प्लान
- ❑ भूमि को समतल करने, सड़क निर्माण सहित अन्य विकास कार्य भी तीव्र गति से प्रगति पर
- ❑ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे फिल्म सिटी का शिलान्यास

# मंदिर की जमीन पर हो रहे निर्माण को लेकर हुआ विवाद

**पूरा मामला थाना तालकटोरा क्षेत्र के राजाजीपुरम बी ब्लॉक का**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। शनिवार को थाना तालकटोरा क्षेत्र के राजाजी पुरम बी ब्लॉक में मंदिर की संपत्ति पर हो रहे एक निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। बात बढ़ने पर डायल 112 को कॉल कर पुलिस बुलाई गई। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर काम रुकवाया। पूरा मामला थाना तालकटोरा क्षेत्र के राजाजीपुरम बी ब्लॉक का है। जहाँ श्री आनंदेश्वर महादेव इच्छापूर्ति मंदिर की ज़मीन पर हो रहे एक निर्माण के दौरान दो पक्षों में कहां सुनी हो गई। श्री आनंदेश्वर महादेव इच्छापूर्ति मंदिर के संरक्षक मुकेश मौर्या ने बताया की यह मंदिर लगभग 80 साल पुराना है जोकि हमारे पूर्वजों का बनवाया हुआ है। यहां पर मंदिर की काफी जमीन थी जिस पर क्षेत्र वासियों द्वारा भजन कीर्तन हुआ करता था इसी में एक पूजनीय कुआं भी है जिनको हमारे चाचा के लड़के कुछ लोगों से मिलकर दबंगई करके इस मंदिर की जमीन को बेच रहे हैं उनका कहना था यह हमारी निजी संपत्ति है जिसमें से आधी आवास विकास में गई थी जिसमें से वर्षो पहले आवास विकास में एक प्लांट को किसी को अलॉट कर दिया था जिसका हमारे पिता ने विरोध किया और उसमें विवाद हुआ इसके बाद आवास विकास ने वह प्लांट कहीं और शिफ्ट करके इस प्लांट को मंदिर के लिए छोड़ दिया था उनका कहना था कि 1 वर्ष पूर्व भी इस जमीन को लेकर विवाद हो चुका है जिसके बाद थाना तालकटोरा में दोनों पक्षों के बीच इस बात पर सुलह समझौता हुआ था की इस मंदिर की जमीन पर कोई भी निर्माण नहीं किया जाएगा तथा इस मंदिर की जमीन पर किसी भी तरह के पूजा पाठ के कार्यक्रम को करने पर रोक नहीं लगाई जाएगी। मुकेश मौर्या का कहना था की मामले को लेकर कोर्ट में व स्थानीय पुलिस को लिखित सूचना दी जा चुकी है। वहीं दूसरे पक्ष का है कहना था की संपत्ति मेरे हिस्से की है और इस संपत्ति का मौखिक रूप से बटवारा हो चुका है जिसको हमने बेचा है। यहां निर्माण करवा रहे जितेंद्र यादव का कहना है की इस संपत्ति को मैंने खरीदा है और 8 महीने से हम इस पर क़ाबिज़ हैं अब जब हमने इस पर निर्माण करना शुरू किया है तो उनके चाचा के परिवार के ही लोग विरोध करने खड़े हो गए हैं। वही यही के स्थानीय निवासी 82 वर्षीय राम अवतार कहते हैं कि इसमें यदि जमीन इन्होंने खरीदी है तो इसमें कोई खसरा खतौनी नंबर नहीं है तो आखिर किस खसरा से इन्होंने रजिस्ट्री करायी है।

मामले को लेकर स्थानीय थाना प्रभारी तालकटोरा का कहना था की यह जमीन मंदिर की है या नहीं यह अभी क्लियर नहीं है, किंतु वहां पर विवाद था इसलिए निर्माण को रोक दिया गया है, इसमें एक पक्ष का कहना है कि यह जमीन उनकी खरीदी हुई है तो वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि यह निर्माणकर्ता विक्रय के लिए अधिकृत नहीं है और यह संपत्ति मंदिर की है जिसका यह वाद भी दाखिल कर रखे हैं मेरे द्वारा वाद के पेपर मांगे गए हैं जब तक फिलहाल काम को बंद करा दिया गया है।

# नगर आयुक्त ने स्कूलों में लगाए पेड़, दिए सुधार के निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शनिवार को अमीनाबाद और कश्मीरी मोहल्ला इंटर कॉलेज का दौरा किया। उनके साथ ललित कुमार और अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त भी मौजूद रहे। उन्होंने स्कूलों का निरीक्षण कर मरम्मत, रंगाई-पुताई, फर्नीचर और स्मार्ट बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पेड़ लगाए और छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। नगर आयुक्त ने कहा कि पेड़ लगाने से शहर हरा-भरा और सुंदर बनेगा। छात्रों ने भी वृक्षारोपण में हिस्सा लिया और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य साहब लाल मिश्रा, पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान, अधिशासी अभियंता किशोरी लाल और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने बताया की नगर निगम आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करेगा।

## कस्बा चौकी प्रभारी कि अगुवाई में हुआ भंडारे का आयोजन



लखनऊ । चिनहट लखनऊ चिनहट थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा चौकी इंचार्ज सुशील कुमार की अगुवाई में शनिवार को विशाल भंडारे का किया गया आयोजनचौकी पर चल रहे भंडारे में दिखी श्रद्धालुओं की एवं प्रसाद ग्रहण करने वालों की लंबी कतारचिनहट पुलिस द्वारा ज्येष्ठ माह के शनिवार के अवसर पर किए जा रहे प्रसाद वितरण कार्यक्रम की क्षेत्र में हो रही है प्रशंसा।

## जोन 6 व 7 में चला अतिक्रमण विरोधी अभियान



लखनऊ। नगर निगम लखनऊ ने महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर जोन 6 और 7 में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की है। जिसके चलते जोन 6 में कोनेश्वर मंदिर से कालीचरन कॉलेज और कैम्पल रोड पर कार्यवाही के दौरान 25 ठेले, 5 गुमटी, 18 दुकानें हटाई गईं, साथ ही कई सामान जब्त किए गए। तो वहीं जोन 7 में खुर्रम नगर से पिकनिक स्पॉट गेट तक चलाये गए अभियान में 3 ठेले, 2 ठेलियां, 1 गुमटी और 1 काउंटर हटवाया गया। मौके पर मौजूद अधिकारीयों द्वारा अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई की अगर दोबारा फिर से अतिक्रमण किया गया तो कड़ी कार्रवाई का की जाएगी। नगर निगम लखनऊ की इस कार्रवाई का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुगम और सुंदर बनाना है। महापौर और नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अतिक्रमण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर भविष्य में और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## राधाग्राम में 4 लोगों पर बिजली चोरी में मुकदमा दर्ज

लखनऊ। शनिवार को बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से बिजली विभाग द्वारा मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। ये अभियान लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल व चौक मण्डल के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पाण्डेय के आदेश पर ठाकुरगंज डिवीजन में चलाया गया था। अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पाण्डेय ने बताया की शनिवार को ठाकुरगंज डिवीजन के अधिशासी अभियंता दीपक कुमार के नेतृत्व में विभाग द्वारा उपकेंद्र राधाग्राम के राधाग्राम इलाके में चलाया गया था। इस दौरान उपखंड अधिकारी रामू गुप्ता व अवर अभियंता दुर्गेश चंद्र व अभय कुमार द्वारा अभियान के दौरान कुल 45 उपभोक्ताओं के कनेक्शन को चेक किया गया जिसमें से 4 उपभोक्ताओं को 4 किलोवाट तक की बिजली चोरी करते हुए पाया गया। उन्होंने बताया कि बिजली चोरी करने वाले इन सभी उपभोक्ताओं की लाइट पोल से काट दी गई तथा सभी पर बिजली चोरी की धारा में एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि लोगों को निर्बाध बिजली देने व बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से चलाए जाने वाला यह अभियान आगे भी इसी तरह से जारी रहेगा।

## आबकारी विभाग की तरफ से भव्य भंडारे का आयोजन



उन्नाव। ज्येष्ठ मास के शुभ अवसर पर जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर के नेतृत्व में सदर कोतवाली निकट भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें पूड़ी सब्जी पानी आदि व्यवस्था के साथ सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया संकटमोचन हनुमान जी का प्रसाद सुबह दस बजे से देर शाम तक लोगों ग्रहण किया आयोजन में मुख्य रूप से जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर के साथ बांगरमऊ आबकारी अखिलेश सिंह सफीपुर पुरुषोत्तम प्रसाद टंडन पुरवा निशांत सिंह बीघापुर आबकारी अधिकारी प्रतिभा सिंह हसनगंज ज्योति अग्रवाल आबकारी बाबू प्रांसु के साथ आबकारी विभाग के स्टाफ मौजूद रहा ।

# डिस्ट्रिक्ट मिशन को-आर्डिनेटर पद के लिये 31 मई तक आवेदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि महिला कल्याण विभाग अन्तर्गत जिला प्रोबेशन कार्यालय बहराइच में जेम अनुबन्ध संख्या ळम्ड 511687743009781 द्वारा आउटसोर्सिंग सेवाप्रदाता सैम्स इण्टरप्राइजेज के माध्यम से हब फार इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन के अन्तर्गत डिस्ट्रिक्ट मिशन को-आर्डिनेटर के शैक्षिक योग्यता में त्रुटि पाये जाने के निरस्त कर त्रुटि का संशोधन करते हुए आवेदन पत्र पुनः आंमत्रित किये जाने हेतु सेवायोजन पोर्टल पर विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि जो अभ्यार्थी पूर्व में आवेदन कर चुके है, वह पुनः अपना आवेदन सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से कर लें तथा अन्य अभ्यार्थी जो आवेदन करने के इच्छुक है, वह 31 मई 2025 तक सेवायोजन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

बहराइच। जरवलरोड के झुकिया गांव के निकट स्थित ओवर ब्रिज के पास डाउन लाइन पर नौ बजे सुबह लगभग 30 वर्षीय अज्ञात युवक आत्महत्या के उद्देश्य से बैठ गया, जिससे ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय थाने के एसआई रंजीत भारती मौके पर दलबल के साथ पहुंचकर आसपास के ग्रामीणों से पहचान करने का प्रयास किया। लेकिन पहचान नहीं हो पाई। युवक की जामा तलाशी में भी कोई पहचान पत्र नहीं मिल पाया जिससे उसकी पहचान हो सके। थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया लखनऊ से गोरखपुर जा रही पलमेल गोरखपुर एक्सप्रेस के ड्राइवर ने बताया है कि युवक लाइन डाउन लाइन पर बैठा था। काफी हार्न बजाने के बाद भी नहीं हटा। 72 घंटे के लिए लाश को सुरक्षित रख दिया गया है, पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# आईटीआई संस्थानों में चतुर्थ चरण के प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ, आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 5 जून

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच ने बताया कि जनपद में अवस्थित राजकीय प्रशिक्षण संस्थानों बहराइच लखैय्याकला, गड़वा, बंजारन टाण्डा व कटघराकला में सत्र अगस्त 2025 में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट एससीवीटीयूपी डाट इन पर 05 जून 2025 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी की आयु 01 अगस्त 2025 को 14 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। सामान्य/पिछड़ा वर्ग हेतु रू. 250=00 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए रू. 150=00 आवेदन शुल्क निर्धारित है। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रवेश हेतु अलग-अलग व्यवसायों के लिए न्यूनतम शैद्धिक योग्यता कक्षा 08 एवं हाईस्कूल निर्धारित है।प्रधानाचार्य ने बताया कि जिले में संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में एक वर्षीय व्यवसाय में वेल्डर, मैकेनिक डीजल इंजन, प्लम्बर, टीटीए, कोपा, आशुलिपिक, कास्मेटालाजी, स्वीइंग टेक्नलाजी, ड्रेस मेकिंग व फैशन डिजाइन टेक्नालाजी तथा दो वर्षीय व्यवससाय में फिटर, इलेक्ट्रानिक्स, वायरमैन, मैकेनिक आरएसी, ड्राफ्ट मैन सिविल, इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक, मशीनिष्ट, मैकेनिक मोटर व्हीकल, टर्नर, ड्राफ्टमैन मैकेनिक, आईसीटीएमएम, मैकेनिक कन्जूमर इलेक्ट्रानिक्स व पेन्टर जनरल तथा टाटा टेक्नालीजी लि. के सहयोग से एक वर्ष वर्षीय व्यवसाय में इण्डस्ट्रीयल रोबोटिक्स एण्ड डिजीटल मैनुफ़ेक्चरिंग व मैन्यूफ़ेक्चरिंग प्रोसेस कन्ट्रोल एण्ड आटोमेशन तथा दो वर्षीय व्यवसाय में बेसिक डिजाइनर एण्ड वर्चुटल वेरीफायर मैकेनिकट, मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल, आर्टिशन यूजिंग एडवांस टूल तथा एडवांस सीएनसी मशीनिंग टेक्नीशियल के कोर्स उपलब्ध हैं।

## रोस्टर के अनुसार हो रही है नाले व नालियों की सफाई

बहराइच । अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहराइच ने बताया कि बरसात के दृष्टिगत नगर क्षेत्र के अन्तर्गत सभी 41 बड़े नाला व मझोले नालों की प्रतिदिन नियमानुसार रोस्टर के अनुसार सफाई करायी जा रही है। उन्होनें बताया कि मो. घसियारीपुरा व कानूनगोपुरा उत्तरी के छोटे नालों का पानी जो संघारन मन्दिर के सामने बने बड़े नाले में गिरता है उसकी तल्लीझार सफाइ्र नगर पालिका के सम्बन्धित सफाई नायक, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक की देख-रेख में करायी जा रही है।

# सांसद साक्षी महाराज की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानीसमिति की हुई बैठक

**बैठक में सम्बोधित करते हुए सांसद साक्षी महाराज बोल बोले- काम जमीन पर दिखने चाहिए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की सांसद साक्षी महाराज ने बैठक की। उन्नाव के विकास भवन सभागार में शनिवार को जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक हुई। सांसद साक्षी महाराज ने बैठक की अध्यक्षता की। तीन घंटे चली बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। सांसद ने विकास कार्यों में लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना प्रशासन की जिम्मेदारी है। पिछड़े कार्यों में सुधार के निर्देश दिए। कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाने को कहा। आपको बताते चलें इस दौरान बैठक में बिजली, सड़क, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद ने धीमी चल रही योजनाओं में तेजी लाने पर जोर दिया। पेयजल संकट, खराब सड़कों और बिजली आपूर्ति की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए। सदर विधायक पंकज गुप्ता, पुरवा विधायक अनिल सिंह और जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। अधिकारियों को क्षेत्र में जाकर वास्तविक स्थिति देखने की सलाह दी गई। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि कई परियोजनाएं अंतिम चरण में हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कानून व्यवस्था की जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी कृति राज सहित सभी विभागों के अधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

# बिजलीकर्मियों की हड़ताल के मद्देनज़र जलकल विभाग ने कसी कमर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बिजली कर्मचारियों की 29 मई से प्रस्तावित हड़ताल के कारण जल आपूर्ति बाधित होने की आशंका को देखते हुए जलकल विभाग ने व्यापक तैयारी की है। जलकल महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर योजना बनाई है जिसमे सभी अधिशासी अभियंता सहायक अभियंता व अवर अभियंता शामिल थे। पंपिंग स्टेशनों और जल शोधन संयंत्रों की निगरानी, जनरेटर जैसे वैकल्पिक पावर स्रोत, और टैंकरों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस दौरान शिकायत निवारण केंद्र भी सक्रिय रहेंगे। कुलदीप सिंह ने बताया कि विभाग पूरी तरह तैयार है और किसी भी स्थिति में जल आपूर्ति बाधित नहीं होगी। यह कदम बिजली कर्मचारियों के निजीकरण विरोधी कार्य बहिष्कार की घोषणा के बाद उठाया गया है। नगरवासियों को पानी की कमी से जूझना नहीं पड़ेगा।

# गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए नि:शुल्क जल सेवा अभियान को मिली नई गति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। पंचवटी श्री सीताराम आश्रम, ऋषि भूमि द्वारा भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए चलाए जा रहे जल सेवा अभियान को एक नई दिशा देते हुए शनिवार को ''जलवाहन'' सेवा का विधिवत शुभारंभ किया गया। श्रद्धेय गुरुदेव श्री रविशंकर जी महाराज ने अन्नपूर्णा रसोई, नानपारा (निकट इंडियन बैंक) में आयोजित कार्यक्रम में पूजन-अर्चन के साथ इस विशेष वाहन को जलापूर्ति कार्य हेतु रवाना किया। इस जलवाहन के माध्यम से मिहीपुरवा, नानपारा, मटेरा, रिसिया एवं बहराइच के विभिन्न क्षेत्रों में पूर्व में स्थापित 108 जल नादों में नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। आश्रम द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में इच्छुक नागरिकों को और जल नाद उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक स्थानों पर जल सुविधा उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम के दौरान अन्नपूर्णा रसोई की ओर से नि:शुल्क भोजन वितरण भी किया गया। इस अवसर पर आश्रम परिवार से उमेश चंद्र शाह, अजय अग्रवाल, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, राधेश्याम मौर्य, अशोक कुमार शुक्ला, हरिशंकर शर्मा और ओमप्रकाश पोद्दार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। गणमान्य नागरिकों में अजीत भीमराजका, राजेश भीमराजका, विनोद सिंघानिया, सुरेश चंद्र शाह, संतोष गुप्ता, शिवकुमार वैश्य, श्याम बिहारी सभासद, विनय प्रकाश गुप्ता, छगन शर्मा और तीरथ राम साहू की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। गुरुदेव श्री रविशंकर जी महाराज ने जून के द्वितीय सप्ताह में ककरहा आश्रम में आयोजित होने वाली रामकथा में भागीदारी के लिए समस्त श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया है।

## पंचायत भवन का निरीक्षण करने पहुंचे जिला पंचायत राज अधिकारी

बहराइच। विकास खण्ड बलहा के ग्राम पंचायत गिरधरपुर में जिला पंचायत राज अधिकारी सर्वेश कुमार पाण्डेय द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी (पं0) बलहा राजेश कुमार चौधरी, सचिव ग्राम पंचायत प्रभात कुमार, पंचायत सहायक संगीता यादव व अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे। पंचायत सहायक अपने कार्यों के बारे में यथोचित जबाब नहीं दे सकी। पंचायत भवन में गंदगी मिलने पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी को कठोर चेतावनी देते हुए सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, सचिव ग्राम पंचायत प्रभात कुमार द्वारा बताया गया कि उन्हें दो कलस्टर आवंटित है, जिस कारण वह प्रतिदिन पंचायत भवन में उपस्थित नहीं हो पाते है, जिस पर सचिव ग्राम पंचायत को निर्देशित किया गया कि वह अपने आवंटित कलस्टर के अनुसार ग्राम पंचायत में उपस्थित होकर शासन की मंशा के अनुरूप कार्य सम्पादित करें। तदोपरांत पंचायत भवन किशुनपुर माफी, विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम पंचायत किशुनपुर माफी का निरीक्षण जिला पंचायत राज अधिकारी सर्वेश कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय पंचायत भवन खुला पाया गया। पंचायत सहायक रूपा देवी उपस्थित थीं, किन्तु पंचायत भवन में पर्याप्त सफाई नहीं पायी गयी। पंचायत भवन में कम्प्यूटर व सहवर्ती उपकरण नहीं पाया गया। विद्युत कनेक्शन नहीं है। पंचायत भवन में बाउण्ड्री वाल का निर्माण नहीं है। पंचायत भवन का शौचालय निष्प्रयोज्य पाया गया। सचिव के कक्ष में मोटी धूल जमी है। पंचायत भवन के सचिव का नाम गलत अंकित है। निरीक्षण के दौरान सचिव ग्राम पंचायत से दूरभाष पर सम्पर्क कर निर्देशित किया गया कि वह 15 दिवस के भीतर पंचायत भवन की समस्त कमियों को दूर करायें तथा निर्धारित रोस्टर के अनुसार पंचायत भवन पर उपस्थित रहें। सहायक विकास अधिकारी (पं0) चित्तौरा को निर्देशित किया गया।

# सैयद मोहम्मद असद ने पेश की भाईचारे की मिसाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शनिवार को अवध के नवाब सैयद मोहम्मद असद ने गंगा-जमुनी तहज़ीब को ज़िंदा रखते हुए भाईचारे की मिसाल पेश की। उन्होंने लखनऊ के 10 प्रमुख धार्मिक स्थलों, जैसे बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, जामा मस्जिद, हनुमान मंदिर, श्री राम नंदिया मंदिर, और अन्य जगहों पर कपसुन कूलर लगवाए, ताकि गर्मी में श्रद्धालुओं और पर्यटकों को राहत मिले। यह नेक काम सिर्फ मुस्लिम स्थलों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हिंदू मंदिरों और अन्य धार्मिक जगहों को भी शामिल किया गया।नवाब साहब ने इस काम को खुद देखरेख में पूरा किया और अपने भाई आरिफ़ जैदी व कपसुन कूलर की टीम का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि अगली योजना में लखनऊ के गुरुद्वारों में भी कूलर लगाए जाएंगे, ताकि सिख समुदाय को भी फायदा हो। यह पहल दिखाती है कि लखनऊ की तहज़ीब इंसानियत को सबसे ऊपर रखती है, और यही इस शहर की असली पहचान है।

# डीएम ने ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान का किया औचक निरीक्षण

**ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों को लेकर जिलाधिकारी ने दिशा निर्देश दिए**





कैनविज टाइम्स संवाददाता

माल/लखनऊ। एक रूपये में स्वच्छता'' अभियान अंतर्गत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के कार्यों का जायज़ा लेने के लिए शनिवार को जिलाधिकारी विशाख जी द्वारा ग्राम पंचायत ढकवा और नबीपनाह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सेक्रेट्री नें बताया कि ग्राम पंचायत में लगभग 526 लोग है, जिसमे 2 ई रिक्शा द्वारा कूड़ा उठान किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में 02 मार्च को स्वच्छता ऑडिट बैठक का आयोजन किया गया था। स्वच्छता ऑडिट बैठक के अनुसार घरों और प्रतिष्ठानों को मिलकर कुल 9400 की धनराशि एकत्रित किए जाने की योजना बनाई गई है। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की ग्राम वासियों से संवाद करते हुए उनको डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की सुविधा का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्थित आरआरसी सेंटर का निरीक्षण करने के दौरान सेक्रेट्री द्वारा बताया गया कि आरआरसी सेंटर में कुल 16 बेड बने है। जिससे वर्मी कम्पोस्ट बनाकर वर्मी धन की ब्रांडिंग करके विक्रय किया जा रहा है। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी माल को निर्देशित किया गया की ग्राम पंचायत की आस पास की गौशालाओं से समन्वय करते हुए आरआरसी सेंटर को गोबर उपलब्ध कराया जाए ताकि वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन बढ़ाया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा सेक्रेट्री को निर्देशित किया गया की ग्राम पंचायत में शादी बारात, सार्वजनिक कार्यक्रमों अथवा भंडारा आदि के समय भी सफाई टीम भेज कर कूड़ा कलेक्शन कराना सुनिश्चित किया जाए। ताकि कोई प्लास्टिक वेस्ट खुले मे फेंकने की स्थिति उत्पन्न न हो। ढकवा स्थित जल जीवन मिशन अंतर्गत बने पम्प हाउस का भी निरीक्षण किया गया। प्रधान द्वारा बताया गया कि उक्त पंप हाउस से ग्राम पंचायत के 4 मजरों में पानी की सप्लाई होनी थी। परन्तु वर्तमान में 2 मजरो में भी आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। जिसके सम्बन्ध में उपस्थित अवर अभियन्ता द्वारा बताया गया कि ओवर हेड टैंक का काम शुरू होने वाला है वर्तमान में 2 मजरो में ट्यूबवेल के द्वारा पानी सप्लाई की जा रही हैं। सभी मजरों में पाईप लाईन पड़ने का कार्य पूरा हो गया है और वाटर कनेक्शन दिए जा रहे हैं। जिलाधिकारी नें खंड विकास अधिकारी माल को निर्देशित किया कि कार्यदाई संस्था द्वारा अभी तक कितना कार्य किया गया है और कितना बाकी है एवं कब से कार्य बंद है इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाए एवं मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि धीमी प्रगति के सम्बन्ध में कार्यदाई संस्था को नोटिस जारी किया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी नें ग्राम पंचायत नविपनाह का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेक्रेट्री द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत में लगभग 900 घरों से 2 ई रिक्शा द्वारा कूड़ा उठान कराया जा रहा है। सेक्रेट्री द्वारा बताया गया कि 16 फरवरी को स्वच्छता ऑडिट बैठक का आयोजन किया गया था। घरों द्वारा 14000 रुपए की धनराशि एकत्रित की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान कूड़ा उठान गाड़ी के सफाई कर्मी से संवाद करते हुए किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत स्थित आरआरसी सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया की उनके द्वारा ग्राम पंचायत में भंडारा या अन्य कार्यक्रम के दृष्टिगत पहले से ही कूड़ा कलेक्शन वाहन को कार्यक्रम स्थल पर भेज दिया जाता है ताकि कूड़ा कूड़ा गाड़ी में ही डाला जाए। साथ ही आयोजन की समाप्ति के बाद साफ सफाई का कार्य कराया जाता है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायतों को जेम पोर्टल पर आईं डी रजिस्ट्रेशन के सम्बन्ध में जानकारी मांगी गई। जिसके सम्बन्ध में जिला पंचायतीराज अधिकारी द्वारा बताया गया कि अभी तक 90 से अधिक ग्राम पंचायतों का रजिस्ट्रेशन जेम पोर्टल पर कराया जा चुका है। इसके बाद जिलाधिकारी नें केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान मैगो पैक हाउस रहमानखेड़ा पहुँचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रोसेसिंग रिसीव एरिया, होल्डिंग एरिया, पैकेजिंग एरिया, कोल्ड वाटर शावर रूम और डिस्पैच डॉक का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडी सचिव द्वारा बताया गया कि पैक हाउस का संचालन हेतु मंडी परिषद द्वारा क्यू 9 संस्था को टेंडर अवार्ड किया गया है। जिसके द्वारा जून के प्रथम सप्ताह से प्रोसेसिंग का कार्य शुरू किया जाएगा। पैक हाउस में निर्यात करने हेतु आम की पैकेजिंग होती है। बाग से आम आने के बाद उनका क्वालिटी ग्रेड के हिसाब से सेग्रिग्रेशन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार पैकेजिंग कराई जाती है। उक्त प्लांट में 1 बार में लगभग 16 टन आम की प्रोसेसिंग होती है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संस्थान में उपलब्ध प्रोसेसिंग यूनिट्स, पैकिंग एवं निर्यात की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## शादी का झांसा देकर युवती का शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बंथरा, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । क्षेत्र की रहने वाली एक 22 वर्षीय युवती ने अर्पित सिंह पुत्र अमर सिंह पटेल निवासी कन्नी खेड़ा थाना बंथरा उम्र करीब 27 वर्ष द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित युवती के मुताबिक आरोपी द्वारा लगातार शादी की बात कहते हुए शारीरिक संबंध बनाए गए बाद में शादी करने की बात कहने पर गाली गलौज करने के साथ जान से मार देने की धमकी दी जाने लगी। जिसके बाद पीड़ित युवती ने बीती 21 तारीख को स्थानीय थाने पर लिखित तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। बंथरा पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करने के साथ विवेचना के दौरान शुक्रवार को आरोपी अर्पित सिंह को बिजनौर कट बंथरा के पास से गिरफ्तार करते हुए शनिवार को विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया है।

# चुरूआ शनि धाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, विशाल भंडारे व जाप कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मोहनलालगंज क्षेत्र स्थित पवित्र चुरूआ शनि धाम पर शनिवार को भव्य भंडारा एवं जाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन श्री शनि शक्ति मानस सेवा संस्थान, चुरूआ धाम द्वारा शनि महाराज की कृपा से और बाबा गोरखनाथ चुरूआ शनि धाम के मुख्य संयोजन में सम्पन्न हुआ। सुबह से ही चुरूआ धाम परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। लखनऊ के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और दूर-दराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस पावन आयोजन में सम्मिलित होने पहुंचे। भक्तों ने पहले शनि देव का दर्शन-पूजन किया, फिर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर आध्यात्मिक तृप्ति पाई। संस्थान के आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक कर्मकांड तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सेवा, एकता और धार्मिक



**श्री शनि शक्ति मानस सेवा संस्थान के तत्वावधान में हुआ आयोजन, समाज में सेवा व धर्म की भावना को किया गया समर्पित**

जागरूकता फैलाने का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि शनि महाराज की उपासना से व्यक्ति को जीवन में आने वाली बाधाओं से मुक्ति मिलती है और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। शनि स्तुति और जाप के स्वर वातावरण में गूंजते रहे, जिससे श्रद्धालुओं को मानसिक शांति और आध्यात्मिक बल की अनुभूति हुई।इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में भी भारी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने आयोजन में तन-मन से सहयोग किया और श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहे। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर व्यवस्था को सफल बनाने में योगदान दिया।श्री शनि शक्ति मानस सेवा संस्थान के सदस्यों ने बताया कि उनका लक्ष्य न केवल धार्मिक आयोजन करना है, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों तक सेवा पहुंचाना और युवाओं में आध्यात्मिक चेतना का विकास करना भी है।आयोजकों की ओर से भक्तों से यह भी अपील की गई कि वे आने वाले समय में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेकर अपने जीवन को शनि महाराज की कृपा से धन्य करें और समाज में धर्म एवं सेवा का संदेश फैलाएं।चुरूआ धाम में सम्पन्न हुआ यह आयोजन एक बार फिर यह सिद्ध करता है कि श्रद्धा, सेवा और समर्पण की भावना जब संगठित होती है, तो बड़े से बड़ा आयोजन भी सफल और मंगलकारी हो सकता है।

# कभी यात्रियों से गुलजार हरौनी रेलवे स्टेशन आज बता रहा अपनी बदहाली की दास्तान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा, लखनऊ। लखनऊ ऽकानपुर रेलमार्ग के मध्य वीरान पड़े हरौनी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का शोरगुल शायद अब एक सपना ही रह जाएगा। बीते पांच साल से अधिक समय से बंद पड़ी लोकल मेमू ट्रेनों की चलने की अब कोई उम्मीद नहीं रही। कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जागरूक लोगों के तमाम प्रयास के बावजूद सुबह शाम इक्का-दुक्का ट्रेनों को छोड़ दिया जाए तो पूरा दिन इस रेल मार्ग के स्टेशन सन्नाटे का शिकार रहते हैं। इन ट्रेनों की बंदी के कारण छात्राओं को शिक्षा के लिए अच्छे स्कूल और युवाओं को बेहतर रोजगार की तलाश नाउम्मीदी बनकर रह गई है।

कई एकड़ में फैले हरौनी रेलवे स्टेशन पर सन्नाटा पसरा है, यहां अब ट्रेन तो आती हैं लेकिन यहां बिना रुके




की निकल जाती हैं। स्टेशन पर साफऽ सफाई का अभाव पेय जल की कमी बीरान जर्जर व्यवस्था और सन्नाटा अतीत की कहानी बयां कर रहा है। ट्रेन पर सवारी न करने की टीस लगभग सभी क्षेत्रवासियों को है। हरौनी से लखनऊ और कानपुर आने ऽजाने के लिए दर्जनों मेमो ट्रेन प्रतिदिन यहां रुकती थी जिन पर सवार होकर हजारों यात्री साधारण किराए के साथ सुगमता से कम समय में अपने गंतव्य तक पहुंचते थे शायद यही कारण था की क्षेत्र वासियों के लिए यह मेमू ट्रेनें वरदान साबित होती थी। वर्षों लंबे इंतजार के बाद भी ट्रेनों का संचालन शुरू न होने से आमजन में मायूसी है। सैयदपुर पुरही गांव के प्रधान मुरली दीक्षित ने बताया हरौनी रेलवे स्टेशन के

**स्थगित ट्रेनों के संचालन न होने और मूलभूत सुविधाओं की कमी से क्षेत्र वासियों के रोज़गार पर बुरा प्रभाव**

आस ऽपास के बीस से अधिक गांव के लोग रोजगार और पढ़ाई के लिए ट्रेन से लखनऊ जाते थे। हजारों लोगों की आवाजाही से स्टेशन शोरगुल में मशहूर रहता था। स्थानीय लोगों के रोजगार का भी जरिया था। लतीफ नगर निवासी पवन त्रिवेदी ने बताया ट्रेनों का आवागमन बाधित होने से क्षेत्र के विकास के रफ्तार थम गई है। बेरोजगारी और अशिक्षा लगातार बढ़ रही है। बेहतर संसाधनों की उपलब्धता की कमी है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा कई प्रयास हुए जरूर हैं लेकिन वह सब ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुए हैं।

# आतंक के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई प्रशंसनीय : निर्मल वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद/लखनऊ। आपरेशन सिंदूर को सफ़ल बनाने वाली भारतीय सेना के समर्थन में ब्लाक प्रमुख निर्मल वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने पैदल तिरंगा यात्रा निकाली। ब्लाक प्रमुख निर्मल वर्मा के नेतृत्व में शनिवार को ब्लाक सभागार से पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गयी। पैदल तिरंगा यात्रा को सम्बोधित करते हुऐ उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने परिवारों के साथ घूम रहे पर्यटकों पर जाति पूछकर 26 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। जिससे भारत वर्ष में आतंकवादियों के विरुद्ध काफी आक्रोश था। आतंकवादियों से बदला लेने के लिये सरकार ने 6-7 मई की रात्रि आपरेशन सिंदूर चलाकर भारतीय सेना ने पाकिस्तान में हमला कर आतंकवादियों के अड्डों को समाप्त कर दिया था। भारतीय सेना के इस अदम्य साहसिक कार्य की भारतवर्ष ने खूब चर्चा कर जगह जगह तिरंगा यात्रा निकाल सेना का उत्साह बढ़ाया। अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विकास



**आपरेशन सिंदूर की सफलता में निकाली गयी तिरंगा यात्रा**

किशोर आशू ने कहा कि महिलाओं का सिंदूर छीनने वालों से बदला लेने के लिए हमारी सरकार ने आपरेशन सिंदूर चलाकर भारतीय सेना की दो जांबाज महिला कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बदला लेने का काम किया। भारतीय सेना के इस मुंहतोड़ जवाब से पाकिस्तान घुटने टेक आपरेशन सिंदूर रोकने लिये गिड़गिड़ाने लगा। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मीनू वर्मा, अखिलेश उर्फ अंजू सिंह, सर्वेश रावत, जितेन्द्र गौतम, नवीन यादव, ओमप्रकाश साहू सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# भांजे की बारात में शामिल होने जा रहे मामा की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत, मचा कोहराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के नगराम मोड़ के पास शनिवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक अनीत (40 वर्ष), निगोहां क्षेत्र के कुशमौरा गांव का रहने वाला था, जो अपने भांजे की बारात में शामिल होने के लिए रमपुरा उतरावां जा रहा था। घटना शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे की है। जैसे ही अनीत नगराम मोड़ के पास पहुंचा, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अनीत बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरा और गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद निगोहां पुलिस तत्काल मौके पर




पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।अनीत की मौत की खबर जैसे ही उसके घर पहुंची, पूरे परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी मालती देवी पति की मौत की खबर सुनते ही बेसुध हो गईं और कई बार रोते-रोते बेहोश हो गईं। गांव में भी मातम का माहौल छा गया। परिजनों के साथ ही ग्रामीणों की आंखों से भी आंसू नहीं थम रहे थे।मृतक अनीत अपने पीछे पत्नी के अलावा दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। वह अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था, जिसकी असमय मृत्यु ने परिवार को गहरे संकट में डाल दिया है।निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी के अनुसार, अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की पहचान करने की कोशिश में जुटी है। क्षेत्रीय पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी वाहन और उसके चालक की पहचान कर ली जाएगी।यह हादसा एक बार फिर सड़कों पर लापरवाही से चल रहे वाहनों और तेज रफ्तार की वजह से हो रहे जानलेवा हादसों की ओर इशारा करता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नगराम मोड़ जैसे व्यस्त और खतरनाक इलाकों में ट्रैफिक कंट्रोल के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, जिससे ऐसे हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

## गऊघाट पम्पिंग स्टेशन स्थित मंदिर मे पूजा पाठ को लेकर विवाद



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। पार्षद रानी कन्नोजिया ने प्रबंधक जलकल को पत्र लिखकर नाराज़गी जताई है कि वार्ड दौलतगंज के गऊघाट पम्पिंग स्टेशन मे स्थित गोमती शिवशक्ति धाम मंदिर है जिसमे काफी संख्या मे भक्त आ कर पूजा पाठ और सुन्दर कांड करते हैं लेकिन यहाँ के वर्तमान एक्स0सी0एन द्वारा अब उन्हें ऐसा करने से ना सिर्फ मना किया जा रहा है बल्कि भक्तो के साथ अभद्रता भी की जा रही है जिसका विडिओ भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है इसी मामले मे मंदिर के पुजारी द्वारा भी बताया गया कि एक्स0सी0एन0 द्वारा धर्मिक कोई भी कार्य यहाँ नही होने दिया जा रहा है जिससे लोग काफी नाराज़ हैं।पार्षद रानी कन्नोजिया ने जलकल विभाग के प्रबंधक से अनुरोध किया है कि कृपया संबंधित अधिकारियों को ऐसा करने से रोके ताकि धर्मिक उन्माद की स्थिति ना पैदा हो और बड़े मंगल पर यहाँ भव्य पूजा और भंडारे का कार्यक्रम सफलता से सम्पन्न किया जा सके। इस पूरे मामले पर जब हमारे संवाददाता ने जल संस्थान के संबंधित उच्च अधिकारियों से सम्पर्क साधना चाहा तो किसी ने अपना फोन रिसीव तक नही किया।

## भंडारे का आयोजन



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजाजीपुरम ई ब्लॉक में भारतीय जन सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ माह के शनिवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष व व्यापारी नेता शैलेश बाजपेई शीलू' ने सभी सामाजिक लोगों का सम्मान भी किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, पूर्व मंत्री सुधाकर त्रिपाठी, भाजपा नेता सुधीर हलवासिया, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, महामंत्री पवन मनोचा, संरक्षक संतोष श्रीवास्तव, सुनील मिश्रा, सेंट्रल बार के अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल, भाजपा नेता प्रकाश मिश्रा, पार्षद धर्मेंद्र सिंह, विनोद यादव, अनूप कमल सक्सेना, गौरी सांवरिया, पूर्व पार्षद नागेंद्र सिंह संतोष राय, शिवपाल सांवरिया राजीव कृष्ण त्रिपाठी, माधुरी शुक्ला मंडल अध्यक्ष सोमेंद्र पांडेय समेत अन्य मौजूद रहे।

# गौरिया में संपन्न हुई पीडीए पंचायत

**सपा सांसद चौधरी और पूर्व विधायक पुष्कर ने किया सम्बोधित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज के अन्तर्गत गोसाईगंज ब्लाक के गौरिया गांव में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा ने की तो संचालन संतोष रावत और देवेंद्र रावत ने किया। आयोजन में मुख्य अतिथि सांसद आर. के. चौधरी तो विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर रहे। सांसद चौधरी ने कहा कि समाजवादी विचारधारा ही संविधान और जनता के हितों की सच्ची गारंटी भी है। उनकी ओर से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया गया। पूर्व विधायक पुष्कर ने भाजपा सरकार पर हमला बोला कहा कि वर्तमान में केंद्र और प्रदेश में सत्ता रूढ़ पार्टी केवल धर्म और जाति की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि अब पीडीए ही



सामाजिक न्याय और विकास का रास्ता है। सभा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने भाग लिया। सभी ने सपा को समर्थन देने का संकल्प लिया। अंत में जनता से आगामी चुनाव में जागरूक होकर वोट करने की अपील की गई।

पी डी ए की सभा में अधिवक्ता राम समुझ रावत, उत्कर्ष पटेल शिवम, पूर्व प्रधान राम सनेही रावत, धर्मवीर पासवान, प्रधान सर्वेश कुमार रावत, अर्चना रावत, अशर्फी लाल धीमान, मनोज रावत, सचिन सिंह, राहुल पटेल,आशीष पटेल, हरीशंकर रावत, आरिफ़ लखनवी, गंगा दीन रावत, शिव बरन रावत, राम गोपाल विश्वकर्मा, फरमान वारसी, अनीद अहमद, सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# तारा शंकर आईटीआई में परिवहन मंत्री ने स्टूडेंट्स को बांटे टेबलेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईं गंज लखनऊ ताराशंकर आईटीआई में आयोजित टेबलेट वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने स्टूडेंट्स को अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने स्टूडेंट को टैबलेट बांटने के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबन्धक योगेश सिंह ने पूरी टीम के साथ परिवहन मंत्री का बड़े से पुष्प माला से स्वागत किया और उसके बाद मोमेंटो भी भेंट किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल दुबे राष्ट्रीय महासचिव आर एल डी व प्रदेश अध्यक्ष लोजपा अनिल त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरोजिनीनगर व गोसाईगंज ब्लॉक के एडीओ पंचायत के साथ पूर्व ब्लॉक प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद वाजपेई उर्फ नीटू बाजपेई, मोहान के पूर्व अध्यक्ष खालीद उपस्थित रहे। विशेष शिक्षक सुरेश सिंह



यादव ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। इसके अलावा कार्यक्रम में आलोक कुमार आनंद प्रधानाचार्य व राहुल मिश्रा, सुभाष चंद्र सविता, सोनम, मानसी, कमलेश, राहुल बिंद सहित सभी टीचर्स उपस्थित रहे। टैबलेट पाने के बाद स्टूडेंट्स के चेहरे खिले नजर आए। परिवहन मंत्री ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को टैबलेट के सदुपयोग की सलाह दी और कहा कि इसके माध्यम से सिर्फ अच्छे विचार ग्रहण करें और अच्छी शिक्षा ग्रहण कर अपना व अपने घर परिवार के साथ समाज का नाम रोशन करें। कॉलेज के प्रबंधक योगेश सिंह की सराहना करते हुए परिवहन मंत्री ने कहा की कॉलेज के विकास में जो भी सहयोग उनसे चाहिए होगा वह अपना हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि लगभग 250 स्टूडेंट्स को टेबलेट वितरित किया गया।

# नगरपालिका प्रतिनिधि व अधिशाषी अधिकारी ने गौशाला का किया आकस्मिक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । खैराबाद में नगर भ्रमण के दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू व अधिशाषी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता द्वारा कई मोहल्लों की साफ सफाई की व्यवस्था देखी गई ।इस मौके पर सफाई इंस्पेक्टर मनोज राणा को मोहल्लों में चल रहे ज्येष्ठ माह के भंडारे के कारण होने वाली दोना पत्तल की गंदगी को लेकर निर्देशित किया गया कि भंडारे के पश्चात तुरंत पालिका कर्मचारियों को भेजकर साफ सफाई कराई जाए जिससे कूड़ा दिन में चलने वाली हवा के कारण और जगह न फैले ।औचक निरीक्षण में गौशाला पहुंच कर वहां की साफ सफाई व चारे की समुचित व्यवस्था देखी । साफ सफाई की व्यवस्था पर अधिशासी अधिकारी ने कर्मचारियों की तारीफ भी की व गौवंश के बीच जाकर सर पर हाथ रख दुलार किया इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि और अधिशाषी अधिकारी द्वारा गायों को हरा चारा व गुड खिलाया और कहा कि गाय हिन्दू धर्म में मां का रूप है और इनकी सेवा से मां की सेवा का लाभ मिलता है । गोवंश को गर्मी में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसलिए शेड के नीचे पंखे लगातार चालू रखने के भी निर्देश दिए ।गौशाला में मौजूद कर्मचारियों को गायों को नहलाने व पीने के लिए साफ ताजा पानी के साथ गुड व नमक डाल कर दिए जाने का निर्देश दिया । अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा गौशाला में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।

# अहिल्याबाई होल्कर ने संसाधन शून्य होने के बावजूद किये अनगिनत लोक कल्याणकारी कार्य : राजेन्द्र पटेल

एजेंसी



फतेहपुर। जिले में शनिवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत उनके जीवन पर आधारित प्रर्दशनी का भाजपा कार्यालय में जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता के साथ ही जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर भव्य उद्घाटन किया गया। केन्द्रीय व प्रदेश संगठन के दिशा-निर्देश पर पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अन्तर्गत आज जेल रोड स्थित भाजपा कार्यालय में प्रदर्शनी लगाई गई। प्रर्दशनी में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को सचित्र प्रर्दशित किया गया। उपस्थित लोगों द्वारा गैलरी व सभागार में उद्धरित चित्रों का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। इस मौके पर विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि आज से तीन सौ वर्ष पूर्व संसाधन शून्य होने के बावजूद अहिल्याबाई होल्कर द्वारा अनगिनत लोक कल्याणकारी कार्य किये गये जो हम सभी को प्रेरित करते हैं। विधायक विकास गुप्ता ने कहा कि देश में जिस तरह से मुगल आक्रान्ताओं द्वारा हमारी संस्कृति को बर्बाद करने का कुत्सित प्रयास किया गया था उस सांस्कृतिक व धार्मिक बिगड़ी व्यवस्था सुधारने को लेकर अहिल्याबाई द्वारा सम्पूर्ण देश में मन्दिरों का जीर्णोद्धार कराया गया, उनके तत्कालीन प्रयासों के कारण ही आज देश में नहीं अतिपु विश्व में भारतीय धर्म व संस्कृति से लोग प्रभावित हैं। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल द्वारा जनप्रतिनिधियों व लोगों को सभागार में बिन्दुवार प्रर्दशनी का अवलोकन कराया गया। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के 31 मई को आने वाली 300वीं जन्मदिवस तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आने वाले दिनों में पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन जिला व विधानसभा स्तर पर आयोजित होने हैं वहीं नगरीय निकाय स्तर पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलनों का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर संयोजक पुष्पराज पटेल, सहसंयोजक अर्चना त्रिपाठी, रेखा सरोज, ज्योति प्रवीण, जिला मंत्री मनोज मिश्रा, सुशीला मौर्या, अमित शिवहरे, संजय मोदनवाल, संजय श्रीवास्तव, विनोद चन्देल ,स्वरूप राज सिंह जूली, अभिषेक श्रीवास्तव, विनोद गौतम, पवन साहू, राजू पाल सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# आंदोलन का दूसरा दिन : बिजली विभाग बनी भैंस, पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने हंसते हुए बजाई बीन


एजेंसी

झांसी। बुन्देलखण्ड बिजली जनआक्रोश आन्दोलन का दूसरा दिन गहमागहमी भरा व नाटकीय रहा। शनिवार को आन्दोलन के दौरान मुख्य रूप से वक्ताओं ने बिजली विभाग के आरडीएसएस के अर्न्तगत 150 करोड़ रूपया खर्च कर बिजली विभाग को बदहाल स्थिति पहुँचाने के लिए जिम्मेदार ठहराने के लिए रहा। पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि यह आन्दोलन कोई पार्टी विशेष का नहीं । ये जन - जन का और सर्वदलीय आन्दोलन है और इसमें जनता की सहभागिता बढ़ रही है। उन्होंने कहा बिजली विभाग इस तरह हो गया है जैसे भैंस के आगे बीन बजाओ, भैंस खड़ी पगुराये। बिजली विभाग कुछ भी सुनने के लिए तैयार ही नहीं है। उन्होंने कहा बिजली विभाग की भैंस एक सौ पचास करोड़ रूपये का चारा खा गयी है और कुछ भी पता नहीं चल रहा है कि एक सौ पचास करोड़ का चारा चला कहां गया है। उन्होंने कहा कि अगर इतना पैसा ईमानदारी से खर्च किया गया होता तो आज ये दिन देखने को नहीं मिलते। बुन्देलखण्ड इससे पहले कभी इतना बिजली पानी के लिए बदहाल नहीं रहा जितना इस वर्ष बिजली और पानी की किल्लत झेल रहा है। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व शहर अध्यक्ष इम्तियाज़ हुसैन, विवेक बाजपेयी, व्यापारी नेता मुकेश अग्रवाल, अखिलेश गुरूदेव, टेक्सबार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर राय, गहोई वैश्य समाज के सरपंच प्रकाश गुप्ता अध्यक्ष न्याय अधिकार बीएल भास्कर, सीडी लिटौरिया, आप जिलाध्यक्ष अरशद खान, शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्त रधुराज शर्मा, भरत राय, वैभव बटटा, बीएसपी के उत्कर्ष साहू, हरीश लाला, दिनेश भार्गव, अनिल कश्यप, विजय लक्ष्मी अयर, बिट्टू सिंह कुशवाहा, युथप जैन पिंकी, मुन्नी देवी अहिरवार, आशिया सिददीकी, चौधरी परवेज, चौधरी फरहान, बालेन्द्र नायक, राजपाल बुन्देला, प्रदुम्न सिंह, मनीष दुबे और प्रजापति पार्टी के अध्यक्ष पंकज रावत ने एक सुर में ये बात कही कि बिजली विभाग की भैंस एक सौ पचास करोड़ रूपया चर गयी और स्थिति में कोई सुधार नहीं है। बिजली और पानी जनता के लिए दो मूलभूत सुविधाएं है और जनता का पेट झूठे वादों से भरा जा रहा है। जनता दम तोड़ रही है और सरकार अपने मद में मस्त है।

# दिन प्रतिदिन बच्चों का बढ़ रहा आकर्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## समर कैंप का चौथा दिन



बिसवां (सीतापुर)। शनिवार को समर कैंप के चौथे दिन कंपोजिट विद्यालय जहांगीराबाद में रोज की तरह बच्चों को योगाभ्यास खेल कूद आदि कराये गये। दिन प्रतिदिन बच्चे इन कैंपों के द्वारा मिलने वाले ज्ञान के प्रति उत्साहित और आकर्षित हो रहे हैं। बच्चों ने बैडमिंटन कैरम, शतरंज, रस्सी कूद व फुटबॉल आदि खेलों का आनंद लिया। इसके साथ ही कैंप में चौथे दिन मुख्य बिन्दु कैरियर गाइडेंस पर था। अध्यापकों द्वारा बच्चों के साथ कैरियर गाइडेंस पर चर्चा की गई साथ ही बच्चों से प्रश्न भी किये गये। जैसे कि वह बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं इस प्रश्न के जवाब पर बच्चों ने डॉक्टर, इंजीनियर, किसान, बिजनेसमैन, पुलिस, वकील, टीचर तथा कई बच्चों ने तो फौज में जाने की मनसा जाहिर की जिसमें बालिकाएं भी शामिल थीं। पुलिस और फौज में जाने वालों की संख्या अधिक रही। इसके उपरांत अध्यापकों द्वारा मेहनत से पढ़ाई करने पर जोर दिया गया जिससे छात्र विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ सकें।

# जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी टंकी का सचिव ऊर्ज़ा मंत्रालय ने किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मछरेहटा सीतापुर । मछरेहटा की ग्राम पंचायत नेवादा कला के मजरा मसुरी में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी टंकी का उद्घाटन सचिव ऊर्जा मंत्रालय इंद्रजीत सिंह ने किया गया टंकी परिसर में सचिव ऊर्ज़ा इंद्रजीत सिंह द्वारा आम का पौधा भी रोपा गया। साथ ही जल मिशन की जल सखियों द्वारा जल परीक्षण हेतु नमूना भी लिया गया । इस मौके पर सीडीओ निधि बंसल ,ददद्ध चंद्र कांत, पी डी अनिल चंदेल,सहायक अभियंता मुदित पांडे,जल के अवर अभियंता सौरभ यादव,खंड विकास अधिकारी राजेश तिवारी,सचिव राजेंद्र सिंह,सचिव नीरज,पवन,प्रमोद,प्रधान राम चंद्र त्रिपाठी के साथ साथ ग्रामीणों की उपस्थित रही। वही क्षेत्र के बनियामाऊ में बनी अस्थाई गौ आश्रय स्थल का संबंधित अधिकारियो ने निरीक्षण किया।

## बनियामाऊ में बनी अस्थाई गौ आश्रय स्थल का संबंधित अधिकारियो ने किया निरीक्षण

गौ आश्रय स्थल में बने पानी टैंक, चारा ,का निरीक्षण किया। गौ आश्रय में प्रयाप्त छाया के लिए पौधे रोपित करने के निर्देश सचिव ऊर्ज़ा इंद्रजीत सिंह ने संबंधित सचिव को दिए गए। सचिव ऊर्ज़ा इंद्र जीत सिंह ने गाय को गुड़ खिलाई गई। अधिकारियों गौ स्थल दुरुस्त ही पाया गया।

# लोक संस्कृति संरक्षण के लिए सृजन लोकनृत्य बधावा कार्यशाला का हुआ आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद - सीतापुर । उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) एवं पं. सूर्यदत्त आनंदी सहगल बालिका इंटर कॉलेज, हटौरा खैराबाद, सीतापुर के संयुक्त तत्वावधान में 'सृजन'–बधावा लोकनृत्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 17 मई से 26 मई 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक पं. सूर्यदत्त आनंदी सहगल बालिका इंटर कॉलेज, हटौरा खैराबाद, सीतापुर में संचालित की जा रही है। इस कार्यशाला का उद्देश्य उत्तर प्रदेश की लोक सांस्कृतिक विरासत, विशेषकर बधावा लोकनृत्य की परंपरा को संजोना, संरक्षित करना और नई पीढ़ी तक पहुँचाना है। कार्यशाला में लोकनृत्य ''बधावा'' प्रशिक्षिका संगमलता द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

आज की कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रियंका वर्मा (उपनिदेशक, जनजातीय विभाग उत्तर प्रदेश), अम्ब्रीस अम्बर श्रीवास्तव (अध्यक्ष संस्कार भारती सीतापुर), रामजी मिश्र (संस्थापक, प. सूर्यदत्त आनंदी सहगल बालिका इंटर कॉलेज, खैराबाद), मोहन बाजपेई (प्रशासक विद्यालय), दिलीप कुमार वर्मा (कार्यक्रम संयोजक), विजय कुमार अवस्थी (प्रधानाचार्य, प. सूर्यदत्त आनंदी सहगल बालिका इंटर कॉलेज, खैराबाद) एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यशाला की शोभा बढ़ाई।इस अवसर पर संस्थान की ओर से राजेश शर्मा सहित स्कूल प्रबंधक, प्रधानाचार्य,बच्चे कार्यशाला में उपस्थित रहे।

# जिला चिकित्सालय में पैथोलॉजी विभाग में साइटोलॉजी लैब का शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । आप चिकित्सालय में आए हुए रोगियो को एफ ऐन ए सी , पैप स्मीयर , फ्लूइड एनालिसिस की जांच की जाएगी। शुभारंभ में सदर विधायक योगेश वर्मा, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज वाणी गुप्ता, सी एम एस डॉ आर के कोली, पैथोलॉजिस्ट डॉ कंचन गर्ग, माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ मीनाक्षी शर्मा, डॉ मनोज कुमार, लैब टेक्निशियन अमन मेहरोत्रा व समस्त स्टाफ मौजूद हुआ।

## चोरी से काटा गया आम का पेड़, दर्ज हुआ मुकदमा

बेहटा, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसंतापुर के कंपोजिट विद्यालय में लगा आम का पेड़ ग्राम भभेला निवासी मुस्लिम पुत्र जमीरुल हसन व रंगी लाल पुत्र उमराव द्वारा 20/5/2025 को चोरी से काटकर लकड़ी अपने दरवाजे पर उठा ले गए जानकारी मिलने पर शिक्षा समिति अध्यक्ष कुलदीप कुमार द्वारा स्थानीय थाने में सूचना दी गई जिस पर कॉन्स्टेबल सुनील कुमार व आसिम खान सहित डिप्टी रेंजर द्वारा मौके का मुवायना कर वृक्षों का संरक्षण अधिनियम की धारा 1976/की उपधारा 10,एवं 4 सहित भारतीय न्याय संहिता बी, एन, एस 2023 के तहत 303/2 मे मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है बताते चले पेड़ काटने वालों में रंगी लाल पुत्र उमराव जो कि वर्तमान प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज होने के कारण जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा गठित त्रिस्तरीय टीम के अध्यक्ष पद का निर्वहन कर रहे थे के द्वारा अपने पद का दुरुपयोग किया गया है ।

## पसगवां थाना क्षेत्र में जुए के अड्डे पर छापा, 10 जुआरी गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद खीरी में अपराध व आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पसगवां पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नकदी, ताश के पत्ते और अन्य सामग्री बरामद की गई है। थानाध्यक्ष पसगवां के नेतृत्व में चौकी प्रभारी ताजपुर उपनिरीक्षक अंकुर कुमार व उनकी टीम ने ग्राम ताजपुर स्थित मजार के पास छापेमारी की। गिरफ्तार सभी 10 अभियुक्तों में 9 आरोपी ग्राम मुड़िया अहवन थाना पसगवां के निवासी हैं, जिनमें शिव दयाल, राजकुमार, पप्पू, प्रमोद, झुनकु, मुनीसर, मुन्नाराम, दिनेश व रामपाल शामिल हैं। एक अन्य अभियुक्त बब्बन उर्फ लड्डन उर्फ सलीम ग्राम सिसौरा नासिर थाना उचौलिया का निवासी है। पुलिस ने जुए की फड़ से 2500 रुपए नकद, 52 अदद ताश के पत्ते तथा तलाशी के दौरान अतिरिक्त 1060 रुपए बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना पसगवां में मुकदमा अपराध संख्या 200/2025, धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अंकुर कुमार, हेड कांस्टेबल अकील अहमद खान, हेड कांस्टेबल गोपाल कृष्ण, कांस्टेबल विष्णु कुमार और कांस्टेबल पंकज कुमार शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में जुए के बढ़ते प्रचलन पर रोक लगाने की उम्मीद की जा रही है। ग्रामीणों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है और क्षेत्र में ऐसी ही सघन निगरानी बनाए रखने की मांग की है।

## जुआ अधिनियम के तहत 07 अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् वांछित अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में दिनांक 23.05.25 को क्षेत्राधिकारी मिश्रिख दीपक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना मछरहेटा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान जुआ खेलते कुल 07 अभियुक्तों 1. कमलेश पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम रौनामऊ थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर 2. लल्लू पुत्र बाबूराम निवासी बरगदिया थाना मछरेहटा सीतापुर 3. पंकज कुमार पुत्र दीपू निवासी ग्राम मलुही सरैया थाना कोतवाली देहात जिला सीतापुर 4. रोशन पुत्र लालचन्द्र निवासी ग्राम गढी टप्पाखजुरिया थाना खैराबाद जनपद सीतापुर 5. बराती पुत्र चुन्नू निवासी ग्राम बरईखेडा थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर 6. रिंकू पुत्र शेरबहादुर निवासी ग्राम मलुही सरैया थाना कोतवाली देहात जनपद सीतापुर 7. राम सिंह पुत्र झब्बूलाल निवासी ग्राम जाजपुर थाना कमलापुर जनपद सीतापुर को ग्राम सेनपुर स्थित यूके लिप्टिस के बाग से गिरफ्तार किया गया। *मौके से एक अदद ताश की गड्डी- 52 ताश के पत्ते तथा कुल 32,600/- रूपये (19,310/-रुपये जामातलाशी, 13,290/-रुपये मालफड़) बरामद* हुए। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 119/25 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी है।

## ग्राम हरसिंहपुर में चोरों ने की सेंध

धौरहरा खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के ग्राम हरसिंहपुर में बीती रात चोरी की नीयत से आए चोरों ने सोनू तिवारी के घर में सेंध काट दी। हालांकि, घर में आहट सुनकर परिजन जाग गए, जिससे बड़ी वारदात टल गई। चोर मौके से भाग निकले। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। आए दिन किसी न किसी घर में चोरी का प्रयास किया जाता है, लेकिन पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई न होने के चलते चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और चोरों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# देवकली कॉलेज में हंगामा, बगैर एडमिट कार्ड पहुंचे छात्रों ने की हाथापाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । जनपद लखीमपुर के देवकली क्षेत्र में स्थित आदर्श जनता महाविद्यालय में शनिवार को उस समय हंगामा मच गया, जब कुछ छात्र बिना प्रवेश पत्र के जबरन कॉलेज परिसर में घुसने की कोशिश करने लगे। शिक्षकों द्वारा रोके जाने पर छात्रों ने ना सिर्फ अभद्रता की, बल्कि बात हाथापाई तक पहुँच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, परीक्षा चल रही थी और कॉलेज प्रशासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि बिना वैध प्रवेश पत्र के किसी भी छात्र को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। इसके बावजूद कुछ छात्र जबरन कॉलेज में घुसने लगे। जब शिक्षकों ने उन्हें रोका, तो वे आक्रोशित हो उठे और शिक्षकों के साथ मारपीट पर उतर आए। स्थिति बिगड़ती देख कॉलेज प्रशासन ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और छात्रों को परिसर से बाहर निकाला। घटना के बाद कॉलेज में अफरा-तफरी का माहौल रहा। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि दोषी छात्रों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और परीक्षा की गरिमा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पुलिस द्वारा भी मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना से शिक्षा संस्थानों की सुरक्षा और अनुशासन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोग और अभिभावक कॉलेज प्रशासन से उचित सुरक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।

# पुलिस ने 8 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार कर भेजे न्यायालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद खीरी की नीमगांव पुलिस ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए आठ वांछित वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। ये सभी अभियुक्त विभिन्न आपराधिक मामलों में फरार चल रहे थे, जिनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे। इस कार्रवाई का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक नीमगांव ने किया, जो पुलिस अधीक्षक श्री संकल्प शर्मा के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मितौली के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। पुलिस टीम ने योजनाबद्ध ढंग से दबिश देकर अभियुक्तों को उनके संबंधित ठिकानों से गिरफ्तार किया और नियमानुसार न्यायालय में प्रस्तुत किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में ग्राम सिकन्दराबाद निवासी गप्पू कश्यप, नदीम उर्फ नईम और हकीम शामिल हैं, जिन पर धारा 323, 504, 506 और 34 भादवि के तहत मुकदमे दर्ज हैं। ये सभी अभियुक्त पूर्व में दर्ज मारपीट, धमकी और अभद्रता जैसे मामलों में लम्बे समय से वांछित थे। वहीं ग्राम अहिरी निवासी सुशील कुमार, ओमकार उर्फ छोटे, प्रदीप, ओमप्रकाश और दयाशंकर के खिलाफ धारा 147, 323, 506 के तहत दर्ज मुकदमों में गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक आशीष सहरावत, हेड कांस्टेबल श्रवण कुमार, शैलेन्द्र शुक्ला, जयप्रकाश राय, कांस्टेबल सोमनाथ और देवराज के साथ होमगार्ड रामकृष्ण त्रिवेदी और पीआरडी जवान विनोद कुमार शामिल रहे, जिन्होंने पूरी सतर्कता और साहस के साथ यह कार्रवाई की। नीमगांव पुलिस की यह कार्यवाही अपराधियों के मनोबल को तोड़ने में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। पुलिस का कहना है कि आगे भी जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

विद्युत कर्मियों की प्रस्तावित हड़ताल के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक

# किसी भी हड़ताल व आपदा से निपटने के लिए समस्त तैयारियां रखे दुरूस्त: डीएम

## आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने की व्यापक कार्ययोजना तैयार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह की उपस्थिति में विद्युत विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रस्तावित हड़ताल के दृष्टिगत जनहित में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, विद्युत स्टेशनों, उपकरणों, लाइनों की सुरक्षा व कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों, ठेकेदारों के साथ एक बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभाागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनये रखने हेतु रणनीति तैयार की गयी और आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभागों को अपने टेक्नीकल स्टॉफ की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर टेक्नीकल स्टाफ की टीमों का गठन कर एक कार्ययोजना तैयार कर ली जाये, जिससे आकस्मिक परिस्थितियों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था बनी रहे। सुरक्षा की दृष्टि से जहां पर भी सीसीटीवी कैमरे लगे है उनकों चेक कराकर क्रियाशील रक्खा जाये, जिन संस्थानों में जेनसेट है उनको क्रियाशील अवस्था में रक्खा जाये। समस्त एसडीएम व ईओ अपने क्षेत्र के सीओ के साथ संवेदनशील स्थलों का भ्रमण कर ले और यह सुनिश्चित करा ले कि आकस्मिक स्थिति में समन्वय किस प्रकार करना है इसकी रणनीति बना लें। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि सभी विद्युत केन्द्रों पर सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाये, जिससे विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हों। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, चीफ इंजीनियर रायबरेली जोन आर.पी प्रसाद सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### डीएम-एसपी ने थाना दिवस पर महराजगंज में सुनी लोगों की फरियाद

**समस्याओं का करें गुणवत्तापरक निस्तारण: डीएम**

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ थाना महराजगंज में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने राजस्व, आपसी रंजिस तथा महिला उत्पीड़न सहित अन्य शिकायते आईं। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष तथा राजस्व अधिकारियों को इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करें। दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समस्याओं को निस्तारित कराने का निर्देश दिये। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादों को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए। इस अवसर पर एसडीएम महराजगंज सचिन यादव तहसीलदार महराजगंज मंजुला मिश्रा सहित पुलिस विभाग के साथ राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में प्रशा ने हासिल किया प्रथम स्थान



कुशीनगर । जनपद के दुदही विकास के ग्राम घोरठ शंकरपुर के लखीबाग में संचालित पारसनाथ डिग्री कालेज के प्रबन्धक राधेश्याम पाण्डेय की भतीजी प्रशा पाण्डेय ने आल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम 2025 (एईएसएसईई) के 9 वीं कक्षा की परीक्षा में बालिका वर्ग में आल इंडिया रैंकिंग में प्रथम स्थान हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विदित हो कि प्रशा पाण्डेय जंगल शंकरपुर निवासी स्व0 शिक्षक पारसनाथ पाण्डेय की सुपौत्री तथा भाजपा नेता राधेश्याम पाण्डेय की भतीजी व उनके अनुज विपिन कुमार पाण्डेय व डा0 ममता पाण्डेय की सुपुत्री है।प्रशा ने देश भर की बालिकाओं में अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए न केवल प्रथम स्थान प्राप्त किया बल्कि सामान्य श्रेणी में 24 वां स्थान लाकर एक कीर्तिमान बनाया है। प्रशा ने कुल 400 अंकों में से 378 अंक प्राप्त किये। जिसमें इंटेलिजेंस विषय में में पूरे 50 अंक, सामाजिक विज्ञान में 50 में 48, और गणित में 200 में 196 अंक अर्जित किए। अपनी सफलता का श्रेय प्रशा ने अपने गुरुजनों और माता- पिता को देते हुए प्रशा भविष्य में आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती है। प्रशा की इस ऐतिहासिक सफलता की सूचना मिलते ही परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी।

## बीईओ ने समर कैंप का किया निरीक्षण



राजापाकड़ / कुशीनगर। बीईओ फाजिलनगर ने क्षेत्र में जूनियर एवं कंपोजिट विद्यालयों में संचालित हो रहे समर कैंप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीईओ ने बच्चों व शिक्षकों संग फुटबाल मैच खेला।बीईओ फाजिलनगर विजय पाल नारायण त्रिपाठी ने संविलियन विद्यालय बदुराव , संविलियन विद्यालय भड़सरवा , चौरा खास ,शंकर पटखौली आदि विद्यालयों में चल रहे समर कैंप का निरीक्षण किया।संविलियन विद्यालय भड़सरवा में बीईओ ने बच्चों संग फुटबाल मैच खेला । फिर ग्रामप्रधान के साथ टीम बनाकर एसआरजी एआरपी की टीम से फुटबाल मैच खेला, रोमांचक मुकाबले में बीईओ की टीम ने एसआरजी एआरपी टीम को एक गोल से हराया।इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रविन्द्र गोंड़ , एसआरजी राम प्रकाश पाण्डेय, एआरपी सुनील वर्मा , प्रभुनाथ सिंह , प्रताप आर्य , नंदलाल सिंह , शशिकला तिवारी , छात्र मुकेश चौरसिया , करण चौरसिया , माला कुमारी , सिंधु कुमारी , पिंकी , सोनू , राज मदेशिया, सोहानी , कृष्णा उपस्थित रहे ।

# समरसता, एकता व विकास के पक्षधर रहे स्व. युगफल किशोर : डा. रमापति

## पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित, समाज सेवा के लिए समर्पित जीवन को किया याद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद डा. रमापति राम त्रिपाठी ने कहा स्व. पं. युगुल किशोर तिवारी का ध्येय सामाजिक समरसता को सहेजते हुए समाज की एकता व विकास को मजबूत बनाना था। उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज व राष्ट्र की सेवा की जा सकती है।वे शनिवार को मालवीय नगर स्थित आवास पर आयोजित पुण्यतिथि समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। डा. त्रिपाठी ने कहा कि स्व. तिवारी ने सामाजिक एकता के लिए जो प्रयास किए, वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।एमएलसी डा. रतनपाल सिंह ने कहा कि स्व. तिवारी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे अपने विचारों पर अडिग रहते हुए समाज सेवा में जुटे रहे।

विधायक डा. असीम कुमार राय ने कहा कि स्व. तिवारी की सरलता, सौम्यता और जनसेवा का भाव उन्हें जनता का सच्चा प्रतिनिधि बनाता था। उनके नेतृत्व में क्षेत्र पंचायत की तीन बार अध्यक्षता करना उनके जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रमाण है। स्व. तिवारी की प्रेरणा से उनके पुत्र भी समाज सेवा के कार्यों में जुटे हुए हैं। समारोह के पश्चात ब्लॉक परिसर व उपनगर स्थित आवास पर स्व. तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, पूर्व प्रमुख व भाजपा नेता विजय राय, सांसद प्रतिनिधि धीरज त्रिपाठी, राधेश्याम पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद मिश्र, नगर अध्यक्ष श्रीमती सोनिया त्रिभुवन जायसवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि त्रिभुवन जायसवाल, सेवानिवृत्त आरटीओ अजय त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष रमेशचंद्र सिंह, जेके सिंह, धनंजय राय, सुबोध त्रिपाठी, नंदकिशोर कुशवाहा, धर्मेंद्र मणि त्रिपाठी समेत अन्य लोग शामिल है।

# भागवत कथा के श्रवण से मिलती है पापों से मुक्ति: रमाशंकर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़, कुशीनगर। अन्तःकरण का आनंद ही उत्सव है। भक्ति की चरम सीमा पर जब कोई भक्त पहुंचता है तो भगवान भी मिले बिना नहीं रह सकते हैं। भक्त से याचना भी करनी पड़े तो भगवान पीछे नहीं रहते। ये बातें श्रीरामपट्टी किशुनदेव पुर में चल रहे भागवत कथा के दौरान रमाशंकर शास्त्री जी ने कहा। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से सारे पापों से मुक्ति मिल जाती है। जब भी सुअवसर मिले भागवत कथा का श्रवण जरूर करना चाहिए। मुख्य यजमान विद्यान्ती देवी रहीं।इस अवसर पर गोरखनाथ राय, संतोष कुमार राय, देवेन्द्र पांडेय, चंदन राय, धीरज श्रीवास्तव,राजाराम राय, रामबेलास राय, विरेन्द्र राय, देवता राय, सुवाष राय, राम अवध ओझा, देवेन्द्र पांडेय, आनंद मोहन श्रीवास्तव, प्रमोद लाल, विपिन बिहारी लाल, प्रभात श्रीवास्तव, किशोर शर्मा, राजन, अंशु, आलोक राय, ओमप्रकाश राय आदि रहे।

## ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों की रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास की दिशा में प्रभावी पहल



नानपारा, बहराइच। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यार्थियों के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए राजकीय हाईस्कूल राजापुर कलां में दिनांक 21 मई से 10 जून तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर न केवल शिक्षण के पारंपरिक तरीकों से हटकर बच्चों को ज्ञानार्जन का नया अनुभव प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें रचनात्मक, शारीरिक एवं मानसिक रूप से भी सशक्त बना रहा है। विद्यालय परिसर में प्रतिदिन सुबह योग और व्यायाम सत्र आयोजित किया जाता है, जिसमें विद्यार्थियों को शारीरिक जागरूकता, मानसिक एकाग्रता और अनुशासन का अभ्यास कराया जाता है। तीसरे दिन की गतिविधियों में बच्चों ने 30 मिनट तक योग और व्यायाम कर दिन की शुरुआत की, जिसके पश्चात रंगोली निर्माण और मिट्टी कला जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया।*रंगोली कला में रचनात्मकता की झलकः*बच्चों ने समूहों में विभाजित होकर विभिन्न रंगों से आकर्षक रंगोलियां बनाई, जिनमें पारंपरिक डिज़ाइन से लेकर नवाचारपूर्ण आकृतियां देखने को मिलीं।

# प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप

## पीड़ितों ने शव क्लीनिक के गेट पर रख कर करीब तीन घंटे तक किया प्रदर्शन

## मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ितों को कार्रवाई का अश्वासन देकर मामला शांत कराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जिले के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के जमुड़ी बाजार स्थित एनएम क्लीनिक में शनिवार सुबह एक दुखद घटना ने परिजनों को आक्रोशित कर दिया। प्रसव पीड़ा से पीड़ित 24 वर्षीय गुंजा यादव, पत्नी बृजेश यादव, को सुबह 6 बजे क्लीनिक में भर्ती कराया गया था। सुबह साढ़े 9 बजे गुंजा ने एक मृत शिशु को जन्म दिया, और कुछ ही घंटों बाद उपचार के दौरान गुंजा ने भी दम तोड़ दिया।

परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए क्लीनिक के गेट के सामने जच्चा-बच्चा का शव रखकर लगभग तीन घंटे तक प्रदर्शन किया। मृतका के ससुराल (जहानागंज क्षेत्र के मुहासिल गांव) और मायके (मोहब्बतपुर) पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और हंगामा किया। बताया जाता है कि गुंजा की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी, और वह प्रसव के लिए मायके आई हुई थी। सूचना पर लोहरा चौकी प्रभारी प्रमोद यादव मौके पर पहुंचे और काफी समझाने-बुझाने के बाद स्थिति को शांत किया गया। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सकों की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। घटना की जांच की मांग उठ रही है।

## कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष के लिए आए 16 आवेदन पत्र

महराजगंज, रायबरेली। इन्हौना रोड स्थित कंाग्रेस कार्यालय पर ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया गया। इस दौरान कुल 16 आवेदन पत्र आए। जिसमें प्रदीप चौधरी प्रिशु वैश्य भारत मिश्रा हौसला प्रसाद तिवारी सच्चिदानंद त्रिपाठी भगवान दीन फौजी हनुमान जायसवाल राजेश भारती सहित आदि लोगों ने पद के लिए आवेदन किया। कांग्रेस नेता प्रिन्सू वैश्य ने बताया कि जिले में नए ब्लॉक अध्यक्ष को लेकर चयन अभियान चलाया जा रहा है।जिसमें सक्रिय रूप से कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं को कमेटी में उचित स्थान दिया जाना पहली प्राथमिकता होगी इस मौके पर जिला महासचिव विधानसभा प्रभारी रामखेलावन पार्टी के जिला सचिव ब्लॉक प्रभारी अखिलेश शुक्ला प्रदीप चौधरी प्रिन्सू वैश्य मौजूद रहे।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने पुलिस भोजनालय का किया गया उद्घाटन

## एसएसपी ने थाना बरदह के नवनिर्मित पुलिस बूथ और मुक्तिपुर पुलिस बूथ गोडहरा का फीताकाट कर किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना द्वारा थाना बरदह के नवनिर्मित पुलिस बूथ मुक्तिपुर, पुलिस बूथ गोडहरा एवं पुलिस भोजनालय का उद्घाटन किया गया। पुलिस भोजनालय में बैठने हेतु फर्नीचर, पेयजल हेतु टग, हाथ धोने हेतु बेसिन, गैस चूल्हा, स्टोर में खाद्य समाग्री हेतु कंटेनर, प्रकाश की व्यवस्था इत्यादि की व्यवस्था की गई है। उद्घाटन के पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना परिसर में पेड़ लगाया गया। इसके पश्चात पुलिसकर्मियों के लिए बड़ाखाना का आयोजन किया गया। बड़ाखाना किसी भी सुरक्षा बल के जवानों के लिए एक परम्परागत आयोजन हैं जिसमें सभी लोग एक साथ बैठकर भोजन करते हैं एवं समस्त उच्चाधिकारियों द्वारा सबसे पहले अपने जवानों को बैठाकर भोजन परोसा जाता है। यह पुलिस बल में जवानों की मेहनत के प्रति धन्यवाद ज्ञापन का प्रतीक होने के साथ-साथ पुलिस बल में आपस मे टीम भावना को बल देता हैं एवं मनोबल को प्रोत्साहन देता है।बडाखाना के पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ द्वारा थाना क्षेत्र के चौकीदारों को अंगवस्त्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लालगंज भूपेश कुमार पाण्डेय व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नोडल अधिकारी बी. चंद्रकला ने रामपुर गहिरखेत में हर घर नल, जल जीवन मिशन का किया स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। सचिव महिला कल्याण विभाग उप्र शासन/ नोडल अधिकारी बी चंद्राकला ने ग्राम पंचायत रामपुर गहिर खेत, वि.ख. डलमऊ में जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर जाकर हर घर नल जल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। जांच के क्रम में मुख्य पाइप से जल आपूर्ति ,जल शुद्धता की स्थिति व नल में लगे टोटी का जायजा लिया। ग्राम पंचायत रामपुर गहिरखेत में ही एक जनसभा में लाभार्थियों और उपस्थित ग्रामीणो से नल से जल आपूर्ति को लेकर जानकारी हासिल की। ग्राम प्रधान शिवकुमार यादव ने बताया कि अभी तक लगभग 90 प्रतिशत घरों में नल से पानी आना शुरू हो गया है। वहीं कुछ ग्रामीणों ने कहा कि नलों में पानी का प्रेशर कम आता है। जिस संबंध में नोडल अधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय को निर्देश दिया कि संबंधित को समय से समस्या का निस्तारण कराने का निर्देश दिया जाए। इस दौरान नोडल अधिकारी ने स्वयं ग्रामीण क्षेत्र में जाकर नल में कम प्रेशर आने की शिकायत का निरीक्षण किया और जल जीवन मिशन के अधिशासी अभियंता से तत्काल समस्या का निस्तारण कराया। नोडल अधिकारी ने इस दौरान ग्रामीणों को बताया कि पेयजल की शुद्धता से कई प्रकार की गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने नव निर्मित पम्प हाऊस की व्यवस्था परखते हुए कर्मचारियों से पंप संचालक की तकनीकी जानकारी भी ली। निर्देश दिया कि पंप हाउस पर कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही ग्रामीणों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों का समय से निस्तारण कराया जाए। नोडल अधिकारी ने पंप हाउस परिसर में पौध रोपण भी किया। इसके उपरांत नोडल अधिकारी ने पूरे गुरु गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 'हर घर नल' द्वारा लगाए गए नलों में आने वाले पानी की गुणवत्ता भी देखी गयी। ग्रामीणों ने नोडल अधिकारी को बताया की घर-घर नल लग जाने से उनके जीवन स्तर में सुधार आया है साथ ही शुद्ध पानी की उपलब्धता होने लगी है।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, उपजिलाधिकारी अहमद फरीद, डीसी मनरेगा शिवशंकर पांडे और जल जीवन मिशन के अभियंता ए रहमान सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नोडल अधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण

नोडल अधिकारी बी. चंद्रकला ने महानंदपुर स्थित वन स्टाफ सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता परखते हुए केंद्र की मैनेजर आस्था ज्योति से निराश्रित महिलाओं और बालिकाओं को दी जा रही विधिक और स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महिलाओं की समय-समय पर काउंसलिंग भी कराई जाए। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

### बाल गृह (बालिका) चक धरौहरा का नोडल अधिकारी ने लिया जायजा

बी.चंद्रकला नोडल अधिकारी ने बाल गृह(बालिका) चक धरौहरा का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बालिकाओं की हस्त निर्मित कलाकृतियों को भी देखा। उन्होंने इस संबंध में बच्चियों से वार्ता की और संचालक अरुण कुमार मिश्रा को निर्देश दिया कि बच्चों को अन्य कलात्मक विषयों चित्रकला, संगीत, सिलाई-कढ़ाई से भी प्रशिक्षित किया जाए। उन्हें आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाए। केंद्र पर उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने संचालक को निर्देश दिया कि बच्चियों के अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें घर वापस भेजने के लिए नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, अधीक्षका नीतू सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसपी ट्रैफिक ने साइबर सेल में लम्बित मामलों के निस्तारण को लेकर की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक यातायात/नोडल अधिकारी साइबर क्राइम विवेक त्रिपाठी द्वारा जनपद में लम्बित साइबर क्राइम/आईटीएक्ट से सम्बन्धित विवेचना की समिक्षा बैठक किया गया जिसमें सभी विवेचको को विवेचना निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया गया। साथ-साथ एनसीआरपी पोर्टल पर लम्बित शिकायतों के निस्तारण हेतु भी थानों के कम्प्यूटर आपरेटर को दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। उक्त बैठक पुलिस लाइन स्थित सभागार मे सम्पन्न हुआ जिसमें प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना आजमगढ़, एवं साइबर थानें की टीम , सर्किल निरीक्षक बूढनपुर, सदर, क्राइम ब्रान्च प्रभारी निरीक्षक मौके पर मौजूद रहे एवं साइबर क्राइम की विवेचना करनें वाले अन्य निरीक्षक एवं सहायक गुगलमीट के माध्यम से भी दिशा-निर्देश दिये गयें।

# नकली नोट छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

**पुसिल ने आरोपियों के कब्जे से नकली करेंसी, करेंसी छापने की मशीनें,सांचे, कागज, प्रिंटर, रसायन, यूएसबी, कंप्यूटर उपकरण, हरे व सफ़ेद रंग की नोट की तार बनाने की पन्नी, थिनर, डीकोटिंग पाउडर, हेयर ड्रायर, और अन्य निर्माण सामग्री बड़ी मात्रा में बरामद**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के नवाबगंज थाने की पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 3200 रुपये के नकली नोट समेत कई तरह के उपकरण बरामद किए हैं।शुक्रवार को थाना नवाबगंज पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग कस्बा नवाबगंज के बढ़ईपुरवा मोहल्ला के एक किराए के मकान में नकली भारतीय करेंसी का निर्माण कर रहे हैं।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल बताए गए स्थान पर छापेमारी कर एक युवक को नकली नोट की छपाई करते पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपित अर्जुन ने बताया कि वह ग्राम कमरौरा थाना कर्नलगंज का रहने वाला है, नकली करेंसी निर्माण में उसका सहयोग विश्वनाथ सिंह पुत्र भगवती सिंह निवासी ग्राम तुलसीपुर मांझा थाना नवाबगंज करता है। इतना ही नहीं, उसने यह भी बताया कि अयोध्या में भी एक स्थान पर नकली नोट बनाने की फैक्ट्री है।अर्जुन गोस्वा मी की निशानदेही पर पुलिस टीम राम हाल्ट स्टेश न,अयोध्या स्थित एक निर्माणाधीन मकान में पहुं चकर आरोपित विश्वनाथ सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ के दौरान आरोपितों ने बताया कि वह लोग काफी सालों से नकली भारतीय करेंसी बनाने का कार्य कर रहे हैं। शुरुआत में उन्होंने इंटरनेट और यूट्यूब के माध्यम से नकली नोट बनाने के तरीके सीखे और फिर लैपटॉप, प्रिंटर और नोट में प्रयुक्त चमकीली पन्नी और पेंट ऑनलाइन और स्थानीय बाजारों से एकत्र किया। आरोपी नकली नोट छापकर आम जनता को असली नकली की पहचान किए बिना ग्रामीण क्षेत्रों के कम पढ़े-लिखे दुकानदारों और फुटकर विक्रेताओं से बदल देते थे। अर्जुन इस गिरोह का सरगना बताया जा रहा है। मुख्य सहयोगी विश्वना थ सिंह न केवल नकली नोटों के निर्माण में तकनी की सहायता देता था बल्कि नकली नोटों की आपूर्ति, वितरण और सौदे में भी भागीदार है। गिरफ्तारी के समय आरोपियों के कब्जे से नकली करेंसी, करेंसी छापने की मशीनें,सांचे, कागज, प्रिंटर, रसायन, यूएसबी, कंप्यूटर उपकरण, हरे व सफ़ेद रंग की नोट की तार बनाने की पन्नी, थिनर, डीकोटिंग पाउडर, हेयर ड्रायर, और अन्य निर्माण सामग्री बड़ी मात्रा में बरामद की गई। बरामद नक ली नोटों में सौ रूपये के कुल 32 नकली नोट, 40 पृष्ठों पर 100, 200 व 500 के नोटों की छपा ई शामिल है। इसके अतिरिक्त, 31 सादे पृष्ठों पर नकली हॉलमार्क सहित आरबीआई जैसी छपाई और दो पृष्ठों पर महात्मा गांधी की तस्वीर व दो सौ और पांच सौ अंकित नोट की छपाई भी मिली। आ रोपितों के खिलाफ नवाबगंज थाने में मुकदमा दर्ज आगे की कार्यवाई की जा रही है।

## बंधों के निर्माण में कार्यों में लापरवाही बर्दाशत नहीं होगी: विधायक

चौरी चौरा, गोरखपुर। चौरी चौरा विधायक ई .सरवन निषाद ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के ब्रह्मपुर ब्लॉक केआधा दर्जन बंधों का स्थलीय निरीक्षण किया और कहा कि समय से बंधों के का निर्माण कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि बंधों की मरम्मत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश नहीं किया जाएगा। विधायक ने बंधों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को समय से गुणवत्ता पूर्व मरम्मत कराने के लिए निर्देशित और कहा कि लगातार विधानसभा क्षेत्र में बंधों का मरम्मत कार्य युद्धस्तर कराया जा रहा है जिससे की आने वाले समय में बारिश के समय में ग्रामीणों को राहत मिल सके। पिछली सरकारों में बंधों के मरम्मत के नाम पर ग्रामीणों के साथ छलावा किया जाता था जब से विधायक बना हूं लगातार बंधे का मरम्मत कार्य करवाकर कछारंचल के लोगों को बाढ़ जैसी भीषण विभीषिका से बचने के लिए निर्णायक कार्य कराए जा रहे हैं। विधानसभा में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं और हर योजनाओं से पात्रों को जोड़ा जा रहा है। इस दौरान उपजिलाधिकारी रोहित मौर्या , नायब तहसीलदार संजय , राजकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा , राहुल जयसवाल , प्रधान रामदयागर निषाद , प्रधान , ओम प्रकाश निषाद, राजाराम राय , सुनिल निषादप्रधान , बलदेव निषाद प्रधान , योगेन्द्र जायसवाल, अवध नारायण जायसवाल, सुरेश पासवान जिला पंचायत सदस्य , रामप्रित यादव जिलापंचायत सदस्य, राजकुमार निषाद इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## केस में सुलह नहीं करने पर जान मारने की दी गयी धमकी

गोरखपुर। बेलीपार थाना क्षेत्र के भौवापार निवासी से बीते दिन केस में सुलह नहीं करने पर जान मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है।बेलीपार थाना क्षेत्र के कमलेश गुप्ता भौवापार के निवासी जो गिड़ा थाना अंतर्गत बाधागाड़ा के समीप अपना व्यापार करते है उन्होंने बेलीपार थाने मे नामजद प्राथमिकी दर्ज किया है कि झीनक पुत्र आद्या प्रसाद ग्राम चेरिया थाना बेलीपार का निवासी है जो हमसे रंगदारी मांगता था जिसके खिलाफ गिड़ा थाना मे 301/23 मुकदमा दर्ज है। बीते दिन केस में सुलह नहीं करने पर हमें और हमारे बच्चों को जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस को दिये गए शिकायत में कहा है कि एक हप्ते से झीनक आए दीन हमारे गांव और दुकान पर आते जाते वक़्त रास्ते मे घेर कर मुझे व मेरे बच्चों को जान से मारने की धमकी देता है जिससे मै और मेरा परिवार भयभीत है। बताया जाता है की झीनक अपने को गक्क्र का ठीकेदार बताता है।पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## मेधावी छात्र समारोह में बच्चे हुए सम्मानित




बहराइच। उस्मानिया इस्लामिक स्कूल कैसरगंज में मेधावी छात्र समारोह का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक एवं प्रबंधक हाजी रईस अहमद ने किया एवं संचालन डॉक्टर अरशद रईस ने किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैसरगंज के विधायक आनन्द कुमार यादव शामिल हुए। इस अवसर पर छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया एवं उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान डॉक्टर अरशद रईस ने मेधावी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि आनन्द कुमार यादव ने समस्त सफल छात्रों को बधाई दी और जीवन में आगे बढ़ते रहने को कहा। उन्होंने स्कूल के संस्थापक हाजी रईस अहमद का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने हमें इस कार्यक्रम में आमंत्रित कर आप सब से बात चीत करने का एक अवसर दिया है । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रईस अहमद, डॉ असद रईस, अबसार अहमद, मौलाना सलाउद्दीन, मौलाना अल्ताफ अहमद, मौलाना ज़ाकिर, अरुण यादव, रोशनी बेगम, कैसरुन बेगम, मारिया खातून, हेमन्त वर्मा व समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

# जिम्मेदारों की मेहरबानी से फैल गया अवैध पैथोलॉजी लैब का मकड़जाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिले में पैथोलॉजी लैब तो कुछ पंजीकृत हैं, लेकिन कलेक्शन सेंटर के नाम पर अवैध पैथोलॉ जी का मकड़जाल फैला हुआ है।इसकी आड़ में धड़ल्ले से पैथोलॉजी का संचालन किया जा रहा है।जिला मुख्यालय में ही जगह-जगह पैथोलॉजी खुले हैं और इनकी संख्या में तेजी से इजाफा होता जा रहा है।

बिना रजिस्ट्रेशन व अधिकृत मान्यता न होने के बावजूद संचालित हो रहे पैथोलॉजी लैबों की जानकारी हालांकि जिला स्वास्थ्य विभाग को भी है,लेकिन इसके लिए जिम्मेदार कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।माना जा रहा है कि विभाग की सुस्ती के चलते जिलेभर में करीब सैकड़ो अवैध पैथोलॉजी और कलेक्शन सेंटर का धंधा तेजी से फल-फूल रहा है।लोगों का कहना है कि अवैध पैथोलॉजी के संचालन के पीछे स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत जरुरी होगी।इनके फलने-फूलने के पीछे ऐसे चिकि त्सकों की भी कम भूमिका नहीं है,जो अधिक क मीशन के चक्कर में इन लैब में अपने मरीजों को जांच के लिए भेज देते हैं।ऐसे ज्यादातर पैथोलॉजी में न तो चिकित्सक और न प्रशिक्षित कर्मी होते हैं। सेंटर की आड़ में जांच के नाम पर मरीजों से पैसा वसूलना ही इनका मकसद रहता है।इस सच्चाई को जानकर भी स्वास्थ्य महकमा चुप्पी साधे रहता है।कुल मिलाकर जिले के मरीजों की जिंदगी पूरी तरह भगवान के रहमो-करम पर निर्भर रहती है।

### गली-कूचे तक खुल गए हैं सेंटर

कलेक्शन सेंटर की आड़ में पैथोलॉजी खोले जाते हैं। वर्तमान में शहर से लेकर गांव तक इसकी बाढ़ सी आ गई है।अब तो इससे गली-कूचा भी अछूता नहीं है।सूत्र की मानें तो ऐसे कलेक्शन सेंटर ब्लड सैंपल तो लेते हैं,लेकिन रख-रखाव ठीक नहीं होने से मरीजों को सही रिपोर्ट नहीं दे पा रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि ज्यादातर पैथोलॉजी में जांच करने वाले डॉक्टर का नाम ही नहीं पता होता है। गांव कस्बों को छोड़ दें,तो शहर में ही कई पैथोलॉ जी ऐसे हैं,जो एक कमरे में और संकरी गलियों में चल रहे हैं,जिनमें अप्रशिक्षित कर्मियों से काम लि या जाता है।

# गायत्री मेमोरियल हॉस्पिटल का हुआ उद्घाटन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले बेलसर मार्ग पर स्थित तिवारी बाजार मे गायत्री मेमोरियल हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन हुआ।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे पहुँचे जिले के वरिष्ठ सर्जन डॉ.राजेश कुमार पाण्डेय ने फीता काटकर अस्पताल का उद्घाटन किया। विशि ष्ट अतिथि के रूप में डॉ.सुशील और डॉ.नूपुर की उपस्थिति रही।हॉस्पिटल के मुख्य संचालक डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया की उनका उद्देश्य क्षेत्र की जनता को अच्छा और सस्ता इलाज उपल ब्ध कराना है इस हॉस्पिटल मे इमरजेंसी,ओपीडी, मेडिकल स्टोर, जाँच,मरीज भर्ती और अत्याधुनिक तकनीकी से सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर डॉ.सुशील कुमार डॉ. रवि त्रिपाठी डॉ डीपी सिंह डॉ अनिल तिवारी डॉ. पंकज मिश्रा भैरव पांडे अभिषेक पांडे गिरीश ति वारी आशीष पाठक सुनील दुबे सहित सैकड़ो की संख्या मे लोगों ने बधाई दी है।

## बच्चों को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने का मिल रहा अवसर



नानपारा, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सलारपुर स्थित राजकीय हाईस्कूल सलारपुर परिसर में समर कैंप में बच्चे गतिविधियों के माध्यम से खूब मस्ती कर रहे हैं । इसका उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। इस दौरान बच्चों को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर भी मिल रहा है। बच्चों में छिपी प्रतिभा उभर कर सामने आई है। राजकीय सलारपुर के प्रधानाध्यापक आलोक पाल ने बताया विद्यालय में प्रतिदिन प्रातःकाल में कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से होती है छात्र-छात्राओं को योगा कराया गया तत्पश्चात खो-खो प्रतियोगिता हुई, बच्चों ने म्यूजिकल चेयर मिट्टी के आकर्षण चित्र एवं फूलों की तथा विभिन्न रंगों से रंगोली बनाई। कैरियर गाइडेंस के तहत बच्चों को करियर के मार्गदर्शन में कंप्यूटर एक बेहतर विकल्प है जो इस समय बच्चों के लिए अत्यंत आवश्यक है इस पर बेहतर जानकारी प्रदान की गई, उन्होंने कहा यह समर कैंप का कार्यक्रम 21 मई से 10 जून तक चलेगा। इस दौरान सहायक शिक्षिका सुश्री संध्या बच्चों को गतिविधि करवाने में सहयोग कर रही है। प्रतियोगी छात्र-छात्राओं में ज्योति चौहान,शिल्पा,सोनम चौहान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# देश के अंदर बाहर राक्षसीय शक्तियों के विनाश के लिए हुई प्रभु हनुमान जी की गदा का पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । सर्व प्रथम आज जेठ माह के दूसरे शनिवार को प्रख्यात पंडित सुरेश दुबे जी के सानिध्य में हनुमान जी की मूर्ति के समीप गदा को साफ पानी से धो गया और चंदन, केसर ,इत्र से श्रृंगार हुआ, देसी घी का दीप व धूप जलाया गया, तत्पश्चात हनुमान चालीसा, आरती, व हनुमान मंत्र का पाठ फिर अंत में हवन व प्रसाद वितरित हुआ । हनुमान जी की गदा पूजन एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है। इस अनुष्ठान को करने से अपना राष्ट्र सुरक्षित, आसुरी शक्तियों का नाश और भक्तों को बुद्धि ,शक्ति, साहस और सफलता प्राप्त होती है और वे अपने जीवन में आने वाली बाधाओं पर विजय प्राप्त करते है।आज राष्ट्रीय सेवा परिषद,श्री पंचदेव हनुमान मंदिर व डॉ अशोक कुमार श्रीवास्तव फैंस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में श्री पंचदेव हनुमान मंदिर , बुद्ध पार्ट सी, तारामंडल पर हनुमान जी के गदा का विधिवत पूजन अर्चन व हवन हुआ है, धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, हनुमान जी की गदा को शक्ति, साहस और सफलता का प्रतीक माना जाता है. इस गदा का नाम कौमोदकी गदा है, जो उन्हें कुबेर ने दी थी. ।हनुमान जी ने अपनी गदा का उपयोग कई राक्षसों का वध करने के लिए किया था।प्रख्यात पंडित सुरेश दुबे जी ने कहा कि गदा की पूजा करने से भक्तों को हनुमान जी की कृपा प्राप्त होती है और वे अपने जीवन में आने वाली बाधाओं पर विजय प्राप्त कर सकते हैं । सामाजिक कर्मयोगी मंजीत कुमार श्रीवास्तव (बाबु) ने कहा कि हनुमान जी की गदा को शक्ति और साहस का प्रतीक माना जाता है। इसलिए, इस गदा की पूजा करने से भक्तों को शक्ति और साहस प्राप्त होता है ।

# शहर में लगातार बढ़ रही मोटर साइकिल चोरी की वारदात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। शहर क्षेत्र मेंमोटरसाइकिल चोरों के आगे नगर पुलिस बेबस नजर आ रही है।एक के बाद एक मोटरसाइकिल चोरी हो रही है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।एक भी मामले का खुला सा अब तक नहीं हो पाया है।औसतन प्रत्येक चार दिन पर शहर में एक बाइक चोरी की घटना हो रही है।लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी से चालक भी परेशान हैं।एक सप्ताह में अब तक करीब आठ बाइक की चोरी हो चुकी है।कहने को शहर में नगर पुलिस की गश्ती पार्टी के अलावा पीसीआर व टाइ गर मोबाइल भी है लेकिन चोर सभी को गच्चा देक र मोटरसाइकिल उड़ाने में सफल रहते हैं।

नगर पुलिस बरामदगी तो दूर किन कारणों से चोरी की घ टनाएं बढ़ी हैं इसका भी अब तक पता नहीं लगा पाई है।कई मौके पर चोरी की प्राथमिकी नहीं लेने की शिकायत भी लोग करते हैं।बताया जाता है शहर में मोटरसाइकिल का गिरोह है जो घटना को अंजाम दे रहा है।चोर पहले रेकी करता है फिर घट ना को अंजाम देता है।कुछ मामले में मोटरसाइकि ल चालक की लापरवाही का फायदा भी चोरों को मिला है।हालांकि चोरी गये अधिकतर बाइक मालि क का कहना है लाक रहने के बाद भी बाइक चोरी हो गयी।चोरी की घटनाएं पूर्व में भी होती रही हैं ले किन हाल के दिनों में मोटरसाइकिल चोरी की घट नाओं में अप्रत्याशित तेजी आ गई है और नगर पु लिस से ज्यादा चुस्त चोर हो गये है जो आसानी से अपना काम कर रहे हैं।दूसरी ओर पूर्व में समय-स मय में स्थान बदलकर नियमित रूप से वाहन चे किंग भी लगातार हो रही है।यदा कदा होती भी है तो खानापूत तक सीमित कर जाती है।दूसरी ओर शहर में मोटरसाइकिल चोरी की वारदात जिला अ स्पताल,जिला महिला अस्पताल,एसपीएम हॉस्पिट ल,कृष्णा हॉस्पिटल,बी मार्ट शॉपिंग कंपलेक्स, न्या यालय परिसर,के आसपास ज्यादा हो रही है।इस के अलावा मेडिकल कॉलेज कालेज में भी मोटर साइकिल चोरी की घटनाएं हुई हैं।इस संबंध में पु लिस का कहना है मोटरसाइकिल चोरों के खिला फ कार्रवाई की जा रही है।चोरों को चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है। हाल में हुई चोरी की कुछ घटनाएं।शमशाद हुसैन अपने परिचित रिज वान खान को देखने के लिए एसपीएम हॉस्पिटल अभी आए हुए और मोटरसाइकिल को बाहर खड़ी करके अपने दोस्त रिजवान को देखने ओपीडी में चले गए उसके कुछ देर बाद दोबारा वापस आए तो मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली।

## राहुल भ्रम में न रहें कि विदेश नीति उनकी पारिवारिक जागीर है: विदेश मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह



गोंडा। लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया ने राहुल गांधी की विदेश नीति संबंधी टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है।गोंडा से बीजेपी सांसदकेंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने अपने फ़ेसबुक पर पोस्ट के माध्यम से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कूटनीति के बारे में राहुल गांधी की अज्ञानता न केवल चिंताजनक ही है - यह खत रनाक भी है।युद्ध विराम पर सवाल उठाना दिखा ता है कि उन्हें न तो कूटनीति की समझ है और न ही राष्ट्रीय हितों की परवाह है।- राहुल यह भ्रम में न रहे की विदेश नीति उनकी पारिवारिक जागीर है।इसके लिए नारों की नहीं, गंभीरता की जरूरत होती है।राहुल को पाकिस्तान की स्क्रिप्ट दोहराना बंद कर देना चाहिए।भारत के सामरिक मामलों को वंशवादी और नाटकबाजी तक ही सीमित नहीं किया जा सकता।दरअसल कांग्रेस नेता राहुल गां धी ने युद्ध विराम पर सवाल उठाते हुए कहा था कि युद्ध विराम सरकार को नहीं करना चाहिए और सरकार को बताना चाहिए कि कितने भारत के फा इटर प्लेन पाकिस्तान ने मार गिराया हैं।राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि भारत की विदेश नीति और कूटनीति पूरी तरीके से फ़ेल है जिसके चलते इतना बड़ा हमला हुआ है।

# युवाओं को नशे के दलदल में धकेलने वाला तस्कर गिरफ्तार, एक किलो 100, ग्राम गांजा बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के धानेपुर पुलिस ने भांग की आड़ में लाइसेंसी दुकान पर गांजा की सप्लाई करने वाला और युवाओं को नशे की दलदल में धकेलने वाला तस्कर गिरफ्तार को एक किलो सौ ग्राम गांजे के साथ धानेपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अ पराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्र म में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रा वत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कुमा र सिंह के कुशल नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान अवैध गांजा तस्कर पकड़ में आया हैं।आरोपी की पहचान शनि कसौधन पुत्र कृष्ण कुमार निवासी बाबागंज बाजार पोस्ट श्रीनगर थाना धानेपुर जन पद गोण्डा के तौर पर हुई है।आरोपी के कब्जे सेअवैध अवैध गांजा पुलिस ने बरामद किया गया है।

## बाबागंज का गांजा तस्कर बना करोड़पति

जिले के धानेपुर बाबागंज का एक गांजा माफिया और उसके गुर्गों ने यहां की युवा पीढी को गांजे के नशे का आदी बना दिया है।बताते हैं कि इस माफि या के गांजे के धुंआ का जिस ब्यक्ति ने एक बार भी सेवन कर लिया।वह कभी उबर नहीं पाया।जिन्दगी छूट गयी पर गांजे की चिलम नहीं छूटी।योगी सरकार में अवैध गांजे की खेप परवान चढ ती रही।खास बात यह रही कि सबका हिस्सा घर बैठे पहुंचता रहा।धडल्ले से गांजे का लाखो का कारोबार होता रहा।लोगों का कहना है कि अपनी मोहक बातों और जिले के नेताओं के साथ फोटो खिंचवाकर सबका मन मोह लेने वाले यह गांजा माफिया शनि कसौधन ने लगातार योगी सरकार के कार्यकाल में भांग की दुकान के आड़ में करोड़ों रुपए की गांजा तस्करी की होंगी। बीजेपी सरकार में गांजे की तस्करी मे कोई रुकावट नहीं आई। लोगों का कहना है कि पुलिस ने शनि के भांग की दु कान से गांजे के साथ इसके यहां काम करने वाले लोगों को पकड़ कर जेल भेजा लेकिन गांजा माफि या शनि कसौधन पुलिस के हाथ नहीं लगा और गां जा माफिया अपने कारोबार मे नये-नये तरीके ईजा द करता रहा।गांजा की लत मे फंसें बड़े-बूढ़े से ले कर युवा तक इस नशे के आदी हो चुके हैं।लेकिन गांजा माफिया को कोई फर्क नहीं पड़ता।गांजा मा फिया शनि कसौधन का नाम जनपद में गांजा व्या पार के लिए सबसे ऊपर आता है। सूत्र बता रहें हैं की बहुत कम ही दिनों में गांजा माफिया सनी कसौ धन गांजे के बल पर ही नगर नगर पंचायत का चु नाव लड़ने की तैयारी कर रहा था। सूत्र बता रहे हैं कि गांजा माफिया शनि कसौधन आबकारी विभा ग को मोटी रकम देता था।ताकि उस रकम के ऐव ज में ये गांजा तस्करी कर सके।अगर इसे अभी पुलिस ने नहीं रोका तो ये जल्द ही पूरे प्रदेश में गांजा सप्लाई का काम शुरू कर देगा।गांजा माफि या शनि कसौ धन के ठाट बाट देखो तो किसी नेता से कम नहीं हैं और तो और इसकी सेटिंग में आब कारी विभाग के अधिकारियों से लेकर सिपाही त क हैं।सबको पता है कि शनि कसौधन गांजा का फुटकर से लेकर थोक तक का काम करता है। लेकिन आबकारी विभाग हमेशा की तरह अपना हिस्सा लेता रहा है।इस लिए कभी शनि के ऊपर कार्यवाही नहीं की।लेकिन ईमानदार पुलिस अधि कारियों से शनि की सेटिंग नही हो पायी।इसके बा वजूद यह गांजा तस्करी में लिप्त है।जिले में इस समय ईमानदार छवि वाले पुलिस अधीक्षक तैनात है। उन्होंने सख्त लहजे में साफ-साफ कहा है कि अ वैध नशे के कारोबारियों को किसी भी कीमत में नहीं छोड़ा जाएगा।

# चेयरमैन ने कराया विशाल भंण्डारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता द्वारा मनौती पूरी होने पर तकिया दीनारपुर में स्थित माँ पीताम्बरा देवी पवित्र स्थल मंदिर पर विशाल भंडारे का सफल आयोजन कराया गया जिसमें भाजपा नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों सहित हजारों लोगों ने भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के सफल कार्यकाल के लगभग दो वर्ष पूर्ण होने पर तकिया मन्दिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया भण्डारे में भाजपा एमएलसी सुधीर गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी,जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान,मैलानी चेयरमैन कीर्ति महेश्वरी,विधायक बाबूराम पासवान ,राजमणि पासवान, मुनेंद्र पाल सागर,नितिन दीक्षित,अनुराग अग्निहोत्री,डॉक्टर दिनेश गुप्ता, हर्ष गुप्ता, बृजेश गुप्ता, अवनीश सक्सेना उर्फ चुन्नू, अरविंद गुप्ता उर्फ पट्टे, सौरभ सक्सेना , संजीव गर्ग, रजनीश पाण्डेय , नितिन दीक्षित, संदीप खण्डेलवाल, अशोक खण्डेलवाल, तारिक कुरैशी, नवीन अग्रवाल सहित अन्य ऋर्इ सम्मानित जन, प्रशासनिक अधिकारी गण, मित्रगण,भाजपाई,समाजसेवी, त्रकार बंधु, नारी शक्ति, नगर पालिका स्टॉफ, विद्यालय परिवार उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने आये हुए सभी सम्मानित आगंतुकों का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# मरणोपरांत सेवा का सच्चा तरीका है देह दान : डॉ वंदना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग में आज एक अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक क्षण देखा गया, जब दो व्यक्तियों द्वारा अपने देह के दान का घोषणा पत्र हस्ताक्षर कर अपना देह मरणोपरांत एनाटॉमी विभाग में विद्यार्थियों के अध्यन हेतु दिए जाने की घोषणा की। ये दान चिकित्सा शिक्षा और शोध में अमूल्य योगदान देंगे। दान की परंपरा में अपने महत्वपूर्ण योगदान को दर्ज करवाते हुए सिविल लाइन निवासी 76 वर्षीय राम सुमेर व गायत्री शक्ति पीठ से जुड़े 44 वर्षीय सरजू वानप्रस्थी ने अपने देह का दान स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सुल्तानपुर के शव विभाग को किया। दानकर्ताओं की श्रृंखला में जुड़े दो महत्वपूर्ण नाम समाज के प्रतिष्ठित एवं जिम्मेदार वर्ग से आने वाले वक्त के लिए, नैतिकता को सृजित करने व पीढ़ियों को उत्तरदायित्व का बोध करवाने का आह्वान किया। इन दोनों महान आत्माओं ने अपने जीवनकाल में ही यह संकल्प लिया कि



मृत्यु के उपरांत उनका शरीर चिकित्सा शिक्षा के लिए दान किया जाएगा। उनके परिवारजनों ने भी इस निर्णय में पूर्ण समर्थन देते हुए इसे साकार करने का विश्वास दिलाया।

एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ वंदना दीक्षित ने कहा कि इन दोनों दानियों का यह त्याग भावी डॉक्टरों की शिक्षा में एक अनमोल साधन सिद्ध होगा। यह समाज को यह संदेश देता है कि मृत्यु के बाद भी सेवा संभव है। हम उनके इस महान योगदान को नमन करते हैं। सर्व विदित है कि देह दान की घोषणा किये व्यक्तियों के शरीरों को मरणोपरांत विभाग में संरक्षित किया जाता है और उनका उपयोग मेडिकल छात्रों की एनाटॉमी शिक्षा व अनुसंधान के लिए किया जाता है, ताकि आने वाले चिकित्सकों को बेहतर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हो सके। प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव' ने भी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे भी इस पुनीत कार्य के विषय में विचार करें और समाज के हित में ऐसी पहल को आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम के दौरान विभाग के सहायक आचार्य डॉ अंशुमान सिंह, डॉ सुरेंद्र यादव व चिकित्सक डॉ शिवांगी सिंह, डॉ ध्रुवंकित डॉ कुनाल झा आदि चिकित्सक व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्लॉट पर जबरदस्ती कब्जा करने का प्रयास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।आरोपियों ने पीड़ित के प्लाट पर जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश की रोकने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी गई जिसको लेकर पीड़ित ने मामले की शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में की है.तहसील पूरनपुर के शेरपुर निवासी शादाब खां पुत्र अच्छन खां ने संपूर्ण समाधान दिवस पर एक शिकायती पत्र देकर बताया उसका एक प्लाट स्थित ग्राम पूरनपुर रजागंज देहात क्षेत्र तहसील पूरनपुर जिला पीलीभीत जो कि गाटां सं0 491 रकबा 1.2380 हे0 का भाग है जिसको पीड़ित के द्वारा 9 जून 2014 को क्रय किया गया था। पीडित बैनामें के दिनांक से काबिज मालिक व दाखिल चला आ रहा है अभी पिछले माह 7. अप्रैल 2025 को एक एफएडी गारन्टर के बातौर गारन्टी भी पीडित ने ली है। तब उक्त प्लाट की हल्का लेखपाल द्वारा प्लाट की हैसियत रिपोर्ट भी लगाकर दी है।3 मई.2025 को पीडित जब अपने प्लाट पर साफ-सफाई करवा रहा था तभी पूरनपुर देहात क्षेत्र निवासी के द्वारा पीडित के प्लाट पर कब्जा करने का प्रयास किया गया जिसका विरोध पीडित के द्वारा किया गया तो उक्त लोग पीडित को गन्दी गन्दी गालियां देने लगे उक्त लोग दबंग व पैसे के दम पर पीडित के प्लाट पर कब्जा करके ही मानेंगे पुनः 4.मई 2025 को प्लाट पर जबरदस्ती कब्जा करने लगे पीडित के द्वारा उक्त लोगों को कब्जा करने से रोकने पर उक्त लोग पीडित को जान से मारने की धमकी देने लगे यदि तुमने हमें कब्जा करने से रोका तो तुझे व तेरे परिवार को जान से मरवा देंगे तथा तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे राजनैतिक पकड़ भी रखते है।पीडित व उसका परिवार उक्त लोगों की धमकी से डरा हुआ है तथा पीडित को अपने व अपने परिवार की जान माल का खतरा बना हुआ है। दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया उक्त वशीर पुत्र मौला वक्श, नियाजु?द्दीन जमाली पुत्र अलाउद्दीन सिद्दीकी,इमरान व रिजवान पुत्रगण वशीर के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करके कठोरतम कार्यवाही करते हुए जबरन कब्जा करने से रोकने की मांग की गई है।

# संकट हरने वाले को हनुमान कहते हैं गीत पर भक्तों ने मचाया धमाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। विकास खण्ड सिंहपुर के संजय नगर चौराहे पर ज्येष्ठ माह के चलते संगीतमयी सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ प्रसाद वितरित किया गया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही हजारों की संख्या में राहगीरों और आम जनमानस ने प्रसाद ग्रहण किया और भक्तिमय गीतों पर भक्तों ने खूब धमाल मचाया।क्षेत्र के संजय नगर चौराहे पर कार्तिकेय शुक्ला द्वारा ज्येष्ठ माह में अनवरत कई वर्षो से सुंदर काण्ड पाठ के साथ ही विशाल भण्डारा आयोजित किया जाता है। ज्येष्ठ माह के शनिवार को सुन्दरकाण्ड पाठ आयोजित किया गया।सुन्दर काण्ड पाठ समापन के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन किया गया और पूड़ी सब्जी बूंदी प्रसाद के रुप में वितरित की गई जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ



सिंहपुर में संगीतमयी सुंदर कांड पाठ के उपरांत विशाल भण्डारा में बांटा गया प्रसाद

ही हजारों की संख्या में राहगीरो व ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक कार्तिकेय शुक्ला द्वारा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों को सुंदर काण्ड की प्रतियां भेंट की गई। भक्तों द्वारा भक्तिमय गीतों पर खूब धमाल मचाया गया।इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह,राम खेलावन शुक्ला,सुनील शुक्ला, रवि तिवारी, श्रीचन्द्र चौरसिया ,कुलदीप मिश्रा, सुशील शुक्ला,अतीन्द्र द्विवेदी, राहुल पाठक, मानस शुक्ला, हिमांशु,अनुपम, मोहित यादव, लवकुश यादव, शशांक, हिमांशु, सूरज शुक्ला,गौरव मिश्रा, अर्चना शुक्ला, सपना शुक्ला, अक्षरा, कनिका, मंगलम, कृतिका, अनवी सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# कम्पोजिट विद्यालय रूपपुर कमालू में मनाया गया विश्व कछुआ दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। समाधान विकास समिति व डब्लूडब्लूएफ के संयुक्त तत्वावधान में कम्पोजिट विद्यालय रूपपुर कमालू में विश्व कछुआ दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं ग्रामीणों को कछुओं के संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। इस वर्ष की थीम ''डांसिंग टर्टल्स रॉक'' रही, जिसके माध्यम से लोगों को रचनात्मक, मनोरंजक और प्रभावी तरीके से कछुआ संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार, संस्थाधित व्यक्ति लक्ष्मीकांत शर्मा और विद्यालय की शिक्षिका अवन्ति गंगवार ने संयुक्त रूप से बच्चों को कछुओं से जुड़ी




रोचक जानकारियाँ दीं। उन्होंने बताया कि कछुआ पृथ्वी के सबसे प्राचीन जीवों में से एक है, जो लगभग 22 करोड़ वर्षों से अस्तित्व में है। यह जीव 100 वर्षों से अधिक जीवित रह सकता है और पानी में छह घंटे तक बिना सांस लिए रह सकता है।विशेषज्ञों ने बताया कि कछुए शाकाहारी, मांसाहारी और सर्वाहारी तीनों प्रकार के हो सकते हैं तथा समुद्र में 10,000 किलोमीटर तक की यात्रा कर सकते हैं। इनकी धीमी चाल इनकी पहचान होती है और यह अतिरिक्त नमक को अपनी आँखों से बाहर निकालते हैं। वर्तमान में कछुओं की 360 से अधिक प्रजातियाँ विश्वभर में पाई जाती हैं।इस अवसर पर 'जाने कछुआ को' नामक प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अंजलि ने प्रथम स्थान एवं सक्षम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सबका ध्यान आकर्षित किया।कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने बच्चों से अपील की कि वे अपने आसपास के प्राकृतिक जीवन को समझें, उसे संरक्षित करें और कछुओं जैसे दुर्लभ प्रजातियों के प्रति संवेदनशील बनें, क्योंकि यह दायित्व केवल सरकार और संस्थाओं का नहीं, हम सबका है।

# कुलपति के निरीक्षण में महाविद्यालय की व्यवस्था चाक चौबंद मिली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर । गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डॉ.राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा के द्वितीय पाली (प्रातः 10 से 12) में बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर, एम.एस-सी. द्वितीय सेमेस्टर एवं एम.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा दे रहे लगभग 500 छात्र/छात्राओं का डॉ.राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के कुलपति प्रो.बिजेन्द्र सिंह ने विश्वविद्यालय के उड़ाका दल के साथ औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह राणा तथा महाविद्यालय द्वारा बनाये गये आंतरिक उड़ाका दल के सदस्य भी साथ रहे। कक्ष निरीक्षण के दौरान सारी व्यवस्था चाक-चौबंद मिली। इसके बाद कुलपति ने अपनी टीम के साथ कंट्रोल रूम, प्रश्नपत्रों और उत्तर पुस्तिकाओं के नोडल कक्ष का निरीक्षण किया जहां की व्यवस्था और प्रश्नपत्रों और उत्तरपुस्तिकाओं के रख-रखाव की व्यवस्था को देखकर महाविद्यालय की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने कहा कि किसी अनुदानित महाविद्यालय



में जो व्यवस्था और शैक्षणिक वातावरण होना चाहिए, गनपत सहाय महाविद्यालय उस पर पूरी तरह से खरा उतरा है और वहीं महाविद्यालय परिसर की ख़ूबसूरती व हरी-भरी क्यारियों, छात्र/छात्राओं के लिए उत्तम पेयजल की व्यवस्था को देखकर महाविद्यालय के प्रबंधक के कार्यों की सराहना की और साथ ही महाविद्यालय में नक़लविहीन सुचितापूर्ण परीक्षा तथा प्रश्नपत्रों व कापियों की रख रखाव के लिए प्राचार्य की सराहना करते हुए बधाई दी। इस मौके पर प्रो. मो शाहिद, प्रो. शक्ति सिंह, प्रो. नीलम तिवारी, प्रो गीता त्रिपाठी, प्रो. मनोज मिश्र, डॉ संध्या श्रीवास्तव, डॉ अजय कुमार मिश्रा, डॉ आशीष द्विवेदी, डॉ विष्णु शंकर अग्रहरि, डॉ दिनकर प्रताप सिंह इत्यादि प्राध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बीमार गोवंशों की देखभाल के साथ ही गौशाला में साफ-सफाई रखी जाय : सी इंदुमती

## नोडल अधिकारी ने ग्रामीण पेयजल परियोजना, गौशाला तथा निर्माणाधीन पुलिस लाइन व जिला कारागार का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । शासन द्वारा जनपद में कराये गये विकास कार्यों व विभिन्न योजनाओं का स्थलीय सत्यापन कराने हेतु शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों को जनपदों में नोडल अधिकारी के रूप में भेजा गया है। इसी क्रम में जनपद अमेठी में विकास कार्यों व विभिन्न योजनाओं की हकीकत जानने के लिये शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी विशेष सचिव चीनी एवं गन्ना विकास सी. इंदुमती ने शनिवार को जनपद अमेठी पहुंचकर विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया तथा भ्रमण कर योजनाओं का सत्यापन भी किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।नोडल अधिकारी ने सर्वप्रथम विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत अहोरवा भवानी में ग्रामीण पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेयजल परियोजना संचालित पाई गई। अधिशासी अभियंता जल निगम ए के सिंह ने बताया कि यह परियोजना 1973-74 से संचालित है, 2021-22 में इस परियोजना का



मरम्तीकरण का कार्य कराया गया है परियोजना के तहत कुल दो सौ नौ कनेक्शन दिया जाना प्रस्तावित था जिसके सापेक्ष दो सौ पच्चीस कनेक्शन कराये गये हैं परियोजना के अंतर्गत ओवरहेड टैंक की क्षमता एक सौ अस्सी किलोलीटर है। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने योजना के मोहल्ला पथरीगढ़ का भ्रमण कर पेयजल सप्लाई का स्थलीय सत्यापन किया तथा ग्रामीणों से जलापूर्ति के बारे में वार्ता कर जानकारी ली जिस पर गृह संयोजन धारकों द्वारा बताया गया कि पेयजल आपूर्ति सुबह दो घंटे व शाम को दो घंटे नियमित रूप से की जाती है तथा पेयजल को लेकर किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं है नोडल अधिकारी द्वारा मौके पर ही एफटीके किट से जल परीक्षण कराया गया, जल परीक्षण में जल का पीएच मान साढ़े सात पाया गया जो गुणवत्ता मानक के अनुरूप है। इसके उपरांत नोडल अधिकारी ने अस्थाई को आश्रय स्थल खारा तथा वृहद को संरक्षण केंद्र सिंहपुर का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने गोवंशों के लिये हरा चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, छांव आदि की जानकारी ली एवं बीमार गोवंशों की नियमित देखभाल करने तथा गौशाला में पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था रखने के निर्देश दिया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी ने सहभागिता योजना के अंतर्गत दोनों गौशालाओं में दो दो गायें लाभार्थियों को दी तथा ग्रामीणों से अपील किया कि आप लोग अपने गोवंशों को निराश्रित ना छोड़े, अधिकारियों को निर्देश दिया कि सहभागिता योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक गोवंश लोगों को दिए जाएं। इसके उपरांत नोडल अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के साथ निर्माणाधीन पुलिस लाइन व जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान सर्वप्रथम उन्होंने निर्माणाधीन पुलिस लाइन के मॉडल का अवलोकन किया तथा निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से जानकारी ली एवं मौके पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का भी जायजा लिया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन पुलिस लाइन में आवासीय भवन, बैरक, खेल मैदान, परेड ग्राउंड, शौचालय आदि की प्रगति के बारे में कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से पूछा तथा मौके पर जाकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का गहनता से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिजली, पानी कनेक्शन, ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था, इंटरनल सीसी रोड निर्माण आदि के बारे में भी जानकारी ली तथा श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए शीघ्र अति शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने निर्माणाधीन जिला कारागार का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का गहनता से जायजा लिया एवं संबंधित कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा कहा कि सभी कार्य मानक के अनुसार एवं निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण किये जाय। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, सीडीओ सूरज पटेल, उपजिलाधिकारी अमित सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, सीवीओ, डीपीआरओ, अधिशासी अभियंता जल निगम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत चंदिया हजारा के पूर्व प्रधान कुमुद रंजन ने शनिवार को पौंच बजे बताया कि गांव में सैकड़ों एकड़ ग्राम समाज की जमीन भू माफियाओं का कब्जा है। आरोप है कि गांव चकबंदी में आया था पर भू माफियाओं ने गलत तरीके से चकबंदी को रुकवा दिया। मामले में मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री से शिकायत कर चकबंदी कराकर भू माफियाओं से अबैध कब्जा छुड़वा कर उस भूमि को बाढ़ पीड़ितों को देने की मांग की है।

## पुलिस ने तमंचा के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना संग्रामपुर पुलिस ने एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर आशुतोष मिश्रा पुत्र जितेन्द्र मिश्रा निवासी ग्राम राजापुर कोहरा थाना संग्रामपुर को एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बारह बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## तिलोई में तेज रफ्तार टैंकर और डम्फर में टक्कर से चालक की हुई मौत

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज क्षेत्र के कस्बा तिलोई के इन्हौना मोहनगंज मार्ग पर नरायनगंज तिराहे पर शुक्रवार की देर रात इन्हौना की तरफ से आ रहे टैंकर ने खड़े डंपर में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में टैंकर चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताते चलें कि शुक्रवार की रात हुई दुर्घटना में राजा फतेपुर से आ रहे टैंकर ने पहले डंपर में तेज टक्कर मारी उसके बाद सामने राजकुमार तिवारी के मकान के सामने बनी तीन दुकानों को क्षतिग्रस्त करते हुए मकान में जा घुसा।टैंकर और डंपर की टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गये।नरायनगंज तिराहे के पास हुई इस दुर्घटना में टैंकर का चालक टैंकर के केबिन में बुरी तरह फंस गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद भी टैंकर स्टार्ट था।बचाव कार्य में पहुंचे लोगों ने पहले टैंकर का चालू इंजन बंद किया और फिर किसी तरह फंसे चालक को बाहर निकाला गया सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची। और निकाले गये घायल चालक को सीएचसी तिलोई ले जाया गया जहां मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।दुर्घटना में मृत चालक की पहचान अवधेश निवासी अजीमगंज मजरे हरबंसगंज बहादुरगंज थाना जायस के रूप में हुई है। थाना मोहनगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## महिला का किया अपहरण, सीओ से शिकायत मचा हड़कंप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । हजारा थाना क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा की रहने वाली सुस्मिता मधु पत्नी आकाश ने बताया कि नवंबर माह 2023 में आकाश ने अपने परिजनों की मदद से उसका अपहरण किया था। मामले में पुलिस से शिकायत करने पर आकाश के पिता ने शादी की बात कही थी और उसके बाद सुस्मिता मधु के साथ अपने पुत्र आकाश की शादी कर ली थी। आरोप है कि अब उक्त लोग उसको प्रताड़ित कर घर से निकाल रहे हैं। पीड़िता ने घर से जाने से मना कर दिया इस पर महिला का पति अपने परिजनों को लेकर बाहर चला गया है और वही अपना मेडिकल चला रहा है। पीड़िता अपनी सुसराल में अकेली रहकर मेहनत मजदूरी कर अपना गुजर बसर कर रही हैं। उसके बाद भी उक्त लोग रिश्तेदार व पड़ोसियों की मदद से उसको प्रताड़ित कर रहे हैं। 21 मई को मामले में पुलिस से शिकायत की पर कोई सुनवाई नहीं हो रही हैं। पीड़िता ने सीओ से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

## झगड़े में बीच बचाव करने पहुंचे युवक व उसके परिजनों पर धारदार हथियार से हमला

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव बिठौरा कला के रहने वाले तुलाराम पुत्र प्यारेलाल ने बताया कि उसका पुत्र विनोद कुमार गांव के ही गंगाराम, चेतराम, अरविंद कुमार, शंकर लाल से झगड़े में बीच बचाव करने के दौरान मामूली कासुनी हो गई थी। इसी को लेकर उक्त लोगों ने युवक के घर में घुसकर युवक व उसके परिजनों की बेरहमी से पिटाई कर धारदार हथियार से हमला किया जिससे युवक व उसके परिजन घायल हो गए। मामले में पुलिस से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की गई थी। पुलिस ने उक्त चारों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शनिवार 5:00 बजे गजरौला थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## अलग-अलग सड़क हादसों में 7 लोग घायल, अस्पताल में कराया भर्ती

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गांव पुरैना तालुके महाराजपुर के रहने वाले विवेक सरकार पुत्र प्रशांत सरकार किसी कार्य से पूरनपुर आ रहा था तभी मंडी समिति के पास में कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। वहीं दूसरे सड़क हादसे में मोहनपुर निवासी भगवानदास तीसरे सडकहादसे में सिबुआ घुंघचाई निवासी मलकीत सिंह चौथे सड़क हादसे में रमनगरा निवासी गौतम चौधरी पांचवें सड़क हादसे में टंडोला निवासी दीन मोहम्मद और छठे सड़क हादसे में बाइक सवार मुकेश और आरती घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार 5:30 पर सीएचसी चिकित्सक ने बताया अलग अलग सड़क हादसे में सात लोग घायल हुए हैं जिनका उपचार किया गया।

## अहिल्याबाई का जीवन शौर्य और सेवा का अप्रतिम उदाहरण : सुशील त्रिपाठी

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा जिला कार्यालय पर शनिवार को रानी अहिल्याबाई होल्कर के 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके जीवन और सांस्कृतिक योगदान पर आधारित विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक राजप्रसाद उपाध्याय व भाजपा नेता ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी व अन्य पार्टीजनों की मौजूदगी में फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।इस दौरान सभी ने प्रदर्शनी में उनके जीवन से जुड़े हर पहलुओं का अवलोकन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा अहिल्याबाई होल्कर का जीवन शौर्य,सेवा, समर्पण, संयम और सादगी का अप्रतिम उदाहरण है। उनकी अद्वितीय शासनकला, सामाजिक न्याय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और धार्मिक आस्था ने एक ऐसा मार्ग प्रशस्त किया जो हम सभी के लिए आज भी प्रेरणादाई है यह भी कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार उनके सपनों को साकार रूप दे रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं व युवाओं से उनके महान व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।पार्टी मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रदर्शनी शुभारंभ के अवसर पर घनश्याम चौहान, डॉ प्रीति प्रकाश, सुनील वर्मा,विजय त्रिपाठी,योगेंद्र सिंह,प्रदीप शुक्ला, अरुण जायसवाल, संजय सोमवंशी, आशीष सिंह रानू, डॉ रामजी गुप्ता, चन्दन नारायन सिंह, रेखा निषाद, सुमन राव कोरी, डिंपल सिंह, रामेंद्र प्रताप सिंह,अरुण सिंह, दिनेश चौरसिया, राम जतन यादव, संतोष सिंह, लक्ष्मी सिंह,कोकिला तिवारी, रेनू सिंह, राजीव सिंह आदि मौजूद रहे।

# नक्सलवाद के खिलाफ बड़ी सफलता

21 मई का दिन छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ छेड़े गए अभियान में काफी खास बन गया है। सुरक्षा बलों ने एक सुनियोजित अभियान चलाकर 27 नक्सलियों को मार गिराया है। मरने वालों में ईनामी नक्सली सीपीआईएम महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू का नाम भी शामिल है। बसवराजू का नाम कई बड़ी हिंसक घटनाओं से जुड़ा रहा है। 2010 में दंतेवाड़ा 76 सीआरपीएफ जवानों की मौत, 2013 का झीरम घाटी हमला, जिसमें कांग्रेस की पहली पंक्ति के तमाम नेता मारे गए थे, 2019 का गढ़ चिरौली हमला जिसमें 15 क्यूआरटी जवान मारे गए थे, ऐसी कई और घटनाओं की योजना बसवराजू ने ही बनाई थी, ऐसा दावा है। कई छद्म नामों से भूमिगत रहते हुए नक्सल कार्रवाइयों को अंजाम देने वाले बसवराजू ने बीटेक की पढ़ाई की थी, लेकिन कॉलेज में रहते हुए ही उग्र वामपंथी विचारधारा से प्रभावित होकर नंबाला केशव राव ने अपनी राह अलग बना ली। बसवराजू को मारना सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता बताई जा रही है, क्योंकि इसके बाद नक्सल संगठन कमजोर पड़ेगा यह दावा सरकार और पुलिस प्रशासन का है। बुधवार को नक्सल आंदोलन के खिलाफ इस बड़ी सफलता पर भाजपा की राज्य और केंद्र सरकार दोनों अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। इसे डबल इंजन सरकार की बड़ी उपलब्धि के तौर पर पेश किया जा रहा है। वैसे भी अमित शाह ने 2019 में ही नक्सलवाद को खत्म करने का लक्ष्य रखा था। अब सरकार मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने की योजना बना रही है। छत्तीसगढ़ में मिली हालिया सफलता पर अमित शाह ने ट्वीट किया कि , नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में ऐसा पहली बार है कि हमारे बलों ने एक महासचिव स्तर के नेता को मारा है. मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूं। अमित शाह ने यह भी बताया कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। वहीं सत्तारूढ़ भाजपा भी काफी गदगद है। कांग्रेस ने भी इस सफल अभियान के लिए खुशी जाहिर की है, मगर इस कामयाबी पर अपना हिस्से का दावा भी ठोंक दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मैं इस बड़ी सफलता के लिए सभी जवानों को बधाई देता हूं.. जब हम सरकार में थे तब 600 गांवों को नक्सल मुक्त बनाया गया था। हमने लोगों में विश्वास पैदा किया और उन्हें भूमि अधिकार दिए, उनके कर्ज माफ किए और यहां तक कि उन्हें उनकी जमीनें भी वापस दिलाई। अभी जो ऑपरेशन चल रहे हैं, वे बचे हुए इलाकों में हैं। जाहिर है इतनी बड़ी सफलता पर श्रेय लेने की होड़ तो रहेगी ही, क्योंकि अविभाजित मध्यप्रदेश के जमाने से छत्तीसगढ़ नक्सलवाद के चंगुल में रहा। भाजपा और कांग्रेस दोनों की सरकारें दोनों राज्यों में रहीं, दोनों दलों की सरकारों ने अपने-अपने शासनकाल में नक्सलवाद के खिलाफ अभियान चलाए और दोनों पर ही नक्सलियों के खात्मे की आड़ में मासूमों को निशाने पर लेने के आरोप भी लगे। अब भाजपा का पलड़ा केंद्र सरकार के सहयोग की वजह से अधिक भारी हो गया है, क्योंकि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पूरे समन्वय से काम कर रही हैं। ऐसे में यह तथ्य अपने आप उभरता है कि नक्सलवाद जैसी गंभीर समस्या को हल करने में राजनैतिक स्वार्थ आड़े आ जाते हैं। बहरहाल, ऑपरेशन ब्लैक फारेस्ट के बाद अब दावा किया जा रहा है कि तिरुपति से पशुपति तक फैला लाल गलियारा अब बंद होने की कगार पर है। माओवाद की कमर टूट चुकी है। माओवादी अब वार्ता करना चाहते हैं, लेकिन सरकार उन्हें हथियार रखने पर मजबूर कर चुकी है, लिहाजा वे बेबस हैं। बसवराजू के बाद माओवादियों के पास अब कोई बड़ा नेतृत्व नहीं बचा जो युद्ध की रणनीतियां बनाएं और बड़े अभियानों को लागू करवाए। ऐसे तमाम दावों से तस्वीर यही बन रही है कि नक्सलवाद अब खत्म होने को ही है और केन्द्रीय गृहमंत्री का जो दावा है कि मार्च 26 तक यह काम पूरा जाएगा, वह भी सही साबित होगा।

# मध्य प्रदेश में पर्यटन के चटख रंग

भारत का जिब्राल्टर ग्वालियर का किला, महेश्वर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का राजमहल, मांडू का जहाज महल, दतिया में सतखंडा महल, रायसेन का दुर्ग, दुर्गावती का मदन महल, जलमग्न रहनेवाला रानी कमलापति का महल और गिन्नौरगढ़ सहित अनेक किले हैं, जो मध्य प्रदेश के स्थापत्य की विविधता का बखान करते हैं। देवों के चरण भी इस धरा पर पड़े हैं। उज्जैन, जहां योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण पढ़े। चित्रकूट, जहां प्रभु श्रीराम माता सीता और भ्राता लखन सहित वनवास में रहे। ओंकारेश्वर, जहां आदि जगद्गुरु शंकराचार्य ने आचार्य गोविन्द भगवत्पाद से दीक्षा ली। मध्य प्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग- महाकाल और ओंकारेश्वर हैं। इसके साथ ही भगवान शिव ने कैलाश और काशी के बाद अमरकंटक को परिवार सहित रहने के लिए चुना है। एक ओर जहां द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण प्रतिवर्ष मुरैना में आकर ढाई दिन रहते हैं तो वहीं ओरछा में राजा राम का शासन है। महारानी कुंवर गणेश के पीछे-पीछे श्रीराम अयोध्या से ओरछा तक चले आये थे। ओरछा राजाराम के मंदिर के लिए ही नहीं, अपितु अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी प्रसिद्ध है। मध्य प्रदेश अपने वनों के लिए भी प्रसिद्ध है। सतपुड़ा के घने जंगल का तो अद्भुत वर्णन कवि भवानी प्रसाद मिश्र की कविता में आता ही है। चंबल नदी के भरकों से लेकर कटनी, उमरिया और जबलपुर से लगा शाहडार का जंगल भी रोमांचक यात्राओं का ठिकाना है। मेकल पर्वत पर सदानीरा मां नर्मदा का उद्गम स्थल ही नहीं, अपितु वहां का सघन वन भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। मध्य प्रदेश भारत का इकलौता राज्य है जहां सर्वाधिक 12 राष्ट्रीय उद्यान हैं। कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, शिवपुरी, पन्ना और कई अन्य राष्ट्रीय उद्यान लोगों को वन्य जीवन को देखने का दुर्लभ, रोमांचपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। मध्य प्रदेश सफ़ेद बाघ मोहन का ही घर नहीं है, अपितु यह रहस्य और कौतुहल बढ़ानेवाले बालक मोगली का भी जन्मस्थान है। सर विलियम हेनरी स्लीमन ने 'एन एकाउंट ऑफ वाल्वस नरचरिंग चिल्ड्रन इन देयर डेन्स' शीर्षक से लिखे अपने एक दस्तावेज में उल्लेख किया है कि मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के जंगल (पेंच टाइगर रिजर्व) में मोगली का घर था। वाइल्ड लाइफ पर्यटन मध्य प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाता है। वन्य जीवों के संरक्षण के कारण मध्यप्रदेश के पास 'टाइगर स्टेट' के साथ ही 'द लेपर्ड स्टेट' और 'घड़ियाल स्टेट' का दर्ज़ा भी है।

भारत का हृदय मध्य प्रदेश अपनी नैसर्गिक सुन्दरता, आध्यात्मिक ऊर्ज़ा और समृद्ध विरासत के चलते सदियों से यात्रियों को आकर्षित करता रहा है। आत्मा को सुख देनेवाली प्रकृति, गौरव की अनुभूति करानेवाली धरोहर, रोमांच बढ़ानेवाला वन्य जीवन और विश्वास जगानेवाला अध्यात्म, इन सबका मेल मध्य प्रदेश को भारत के अन्य राज्यों से अलग पहचान देता है। इस प्रदेश में प्रत्येक श्रेणी के पर्यटकों के लिए कई चुम्बकीय स्थल हैं, जो उन्हें बरबस ही अपनी ओर खींच लेते हैं। यह प्रदेश उस बड़े ह्रदय के मेजबान की तरह है, जो किसी भी अतिथि को निराश नहीं करता है। वैभव की इस भूमि पर पराक्रम की गाथाएं सुनाते और आसमान का मुख चूमते दुर्ग हैं। भारत का जिब्राल्टर ग्वालियर का किला, महेश्वर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का राजमहल, मांडू का जहाज महल, दतिया में सतखंडा महल, रायसेन का दुर्ग, दुर्गावती का मदन महल, जलमग्न रहनेवाला रानी कमलापति का महल और गिन्नौरगढ़ सहित अनेक किले हैं, जो मध्य प्रदेश के स्थापत्य की विविधता का बखान करते हैं। देवों के चरण भी इस धरा पर पड़े हैं। उज्जैन, जहां योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण पढ़े। चित्रकूट, जहां प्रभु श्रीराम माता सीता और भ्राता लखन सहित वनवास में रहे। ओंकारेश्वर, जहां आदि जगद्गुरु शंकराचार्य ने आचार्य गोविन्द भगवत्पाद से दीक्षा ली। मध्य प्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग- महाकाल और ओंकारेश्वर हैं। इसके साथ ही भगवान शिव ने कैलाश और काशी के बाद अमरकंटक को परिवार सहित रहने के लिए चुना है। एक ओर जहां द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण प्रतिवर्ष मुरैना में आकर ढाई दिन रहते हैं तो वहीं ओरछा में राजा राम का शासन है। महारानी कुंवर गणेश के पीछे-पीछे श्रीराम अयोध्या से ओरछा तक चले आये थे। ओरछा राजाराम के मंदिर के लिए ही नहीं, अपितु अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी प्रसिद्ध है। मध्य प्रदेश अपने वनों के लिए भी प्रसिद्ध है। सतपुड़ा के घने जंगल का तो अद्भुत वर्णन कवि भवानी प्रसाद मिश्र की कविता में आता ही है। चंबल नदी के भरकों से लेकर कटनी, उमरिया और जबलपुर से लगा शाहडार का जंगल भी रोमांचक यात्राओं का ठिकाना है। मेकल पर्वत पर सदानीरा मां नर्मदा का उद्गम स्थल ही नहीं, अपितु वहां का सघन वन भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। मध्य प्रदेश भारत का इकलौता राज्य है जहां सर्वाधिक 12 राष्ट्रीय उद्यान हैं। कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, शिवपुरी, पन्ना और कई अन्य राष्ट्रीय उद्यान लोगों को वन्य जीवन को देखने का दुर्लभ, रोमांचपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। मध्य प्रदेश सफ़ेद बाघ मोहन का ही घर नहीं है, अपितु यह रहस्य और कौतुहल बढ़ानेवाले बालक मोगली का भी जन्मस्थान है। सर विलियम हेनरी स्लीमन ने 'एन एकाउंट ऑफ वाल्वस नरचरिंग चिल्ड्रन इन देयर डेन्स' शीर्षक से लिखे अपने एक दस्तावेज में उल्लेख किया है कि मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के जंगल (पेंच टाइगर रिजर्व) में मोगली का घर था। वाइल्ड लाइफ पर्यटन मध्य प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाता है। वन्य जीवों के संरक्षण के कारण मध्यप्रदेश के पास 'टाइगर स्टेट' के साथ ही 'द लेपर्ड स्टेट' और 'घड़ियाल स्टेट' का दर्ज़ा भी है। बाघ देखने के लिए न केवल देशभर से बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से भी लोग मध्यप्रदेश में आते हैं। भिंड और मुरैना के समीप स्थित चम्बल सफारी तो घडियाल संरक्षण का बड़ा केंद्र बन गई है। कभी डाकुओं के लिए कुख्यात रहे चंबल के बीहड़ अब डॉल्फिन के लिए प्रसिद्ध हैं। भारत में गंगा के बाद सबसे अधिक डॉल्फिन चंबल सफारी में पाए जाते हैं। जनजातीय संस्कृति से साक्षात्कार करने का अवसर भी मध्य प्रदेश देता है। मंडला, उमरिया, छिंदवाडा, बालाघाट, झाबुआ और अनूपपुर में कई स्थान हैं, जो पर्यटन के तौर पर विकसित किये गए हैं। कुछ समय के लिए दुनिया की भागम-भाग से दूर प्रकृति की गोद में सुख की अनुभूति करने के लिए तामिया और पातालकोट जैसे स्थान भी हैं, जो आम पर्यटकों से छुपे हुए हैं। वहीं, मढ़ई, तवा, परसिली, हनुमंतिया जैसे अनेक स्थल भी हैं, जिन्हें पर्यटन गतिविधियों का केंद्र बनाया जा रहा है। पर्यटकों द्वारा खोजे जा रहे नये पर्यटन स्थलों को भी व्यवस्थित करने में मध्य प्रदेश की सरकार अग्रणी है। इंदौर के समीप महू से पातालपानी-कालाकुंड तक चलनेवाली हेरिटेज ट्रेन भी सीटी बजाकर उन पर्यटकों को बुलाती है, जो प्रकृति के नजारों में खोना चाहते हैं। सब प्रकार के पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध मध्य प्रदेश के ऐसे अनेक स्थान हैं, जो अभी भी पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर आने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वर्तमान में यूनेस्को की विश्व विरासत की सूची में मध्य प्रदेश के चार स्थल हैं- बुद्ध का सन्देश देते सांची के स्तूप, प्रागैतिहासिक सभ्यता के चिह्न भीमबेटिका, सौंदर्य के साक्षी खजुराहो के साथ त्यागमय संस्कृति का प्रतीक ओरछा। ये चारों ही स्थान विदेशी पर्यटकों को लुभाते हैं। मध्य प्रदेश का कोई कोना ऐसा नहीं है, जो पर्यटन की दृष्टि से मरुस्थल हो। ग्वालियर के आसपास ककनमठ, मितावली, पड़ावली, दतिया, सोनागिर, ओरछा, चंदेरी और शिवपुरी का एक ट्रेवल रूट बनता है। भोपाल के आसपास सांची, विदिशा, ग्यारसपुर, उदयगिरी की गुफाएं, भोजपुर, भीमबेटका, देलावाडी और रायसेन एक पर्यटन स्थल समूह बनता है। इंदौर को केंद्र मानकर उज्जैन, हनुमंतिया, ओंकारेश्वर, ब्रह्मपुर (बुरहानपुर), महेश्वर और मांडू का एक पर्यटन स्थल का समूह बनता है। वहीं, जबलपुर से भेड़ाघाट, बरगी, बांधवगढ़, अमरकंटक, कान्हा और पेंच जा सकते हैं। खजुराहो के साथ ओरछा, अजयगढ़, चित्रकूट, मुकुंदपुर वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी, संजय राष्ट्रीय उद्यान, मैहर और हीरों के साथ अपने जंगलों के लिए प्रसिद्ध पन्ना के पर्यटन स्थल घूमे जा सकते हैं। उधर, सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी के साथ मढ़ई, तवा, तामिया और पातालकोट का एक पर्यटन समूह बनता है। मध्य प्रदेश के पर्यटन, उसकी समृद्ध विरासत और गौरव का दर्शन करना है तो एक बार मध्यप्रदेश गान पढ़-सुन लेना चाहिए। वैसे तो मध्य प्रदेश का वर्ष के किसी भी समय दौरा किया जा सकता है। मध्य भारत में स्थित होने के कारण, मध्य प्रदेश की जलवायु आमतौर पर गर्म और शुष्क होती है। परन्तु अच्छा होगा कि अक्टूबर से मार्च के बीच मध्य प्रदेश घूमने की योजना बनाई जाए। इस दौरान यहां का तापमान अनुकूल होता है और बारिश के बाद कई पर्यटन स्थल अपने पूर्ण सौंदर्य के साथ उपस्थित होते हैं। प्रदेश में सर्दियों का मौसम वन्यजीव अभयारण्यों, ऐतिहासिक स्थलों, नदी घाटियों और प्राचीन मंदिरों में जाने के लिए एकदम सही है। **-लोकेन्द्र सिंह**

# अमर बलिदानी करतार सिंह सराभा का स्मरण जरूरी है

**रमेश शर्मा**

अमर बलिदानी करतार सिंह सराभा क्रांतिकारियों के आदर्श थे। सुप्रसिद्ध सरदार भगत सिंह भी उन्हें अपना गुरु और प्रेरणास्त्रोत मानते थे। उन्नीस वर्ष की आयु में जब करतार को फांसी पर चढ़ाया गया तब उन्होंने कहा था कि मुझे गर्व है कि मैं अपने पूर्वजों की परंपरा के अनुरूप मातृभूमि के लिए प्राण दे रहा हूं। ऐसे अमर बलिदानी क्रांतिकारी करतार सिंह का जन्म 24 मई, 1896 को लुधियाना जिले के ग्राम सराभा में हुआ था। इनके पिता मंगल सिंह गांव के एक संपन्न और प्रतिष्ठित किसान थे। माता साहिब कौर धार्मिक विचारों की महिला थीं और गुरुद्वारे से जुड़ी थीं। करतार सिंह अभी केवल पांच वर्ष के थे कि उनके माता-पिता का देहान्त हो गया। उनका पालन पोषण उनके दादाजी ने किया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा खालसा स्कूल लुधियाना में हुई। उनके चाचा ओडिशा में रहते थे। आगे की पढ़ाई के लिए चाचा के पास गए। चाचा ने उन्हे पढ़ने के लिए सैन फ्रांसिस्को भेज दिया। तब उनकी आयु केवल चौदह वर्ष थी। उन्होंने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के प्रवेश लिया। कैलिफोर्निया में वातावरण अलग था। वहां अंग्रेज और अन्य गोरे यूरोपियंस लोग भारतीयों सहित सभी काले रंग के नागरिकों को हेय दृष्टि से देखते थे। भारतीयों को दास कहा जाता था। चलते-फिरते अपमान हो जाना सामान्य बात थी। इस भाव के प्रति भारतीय छात्रों में रोष था। लेकिन खुलकर विरोध न हो पा रहा था। इस वातावरण ने करतार सिंह के विचारों की दिशा बदल दी। वे पढ़कर उच्च पद पाने की बजाय भारतीयों की प्रतिष्ठा और आत्म सम्मान रक्षा के उपायों पर विचार करने लगे। सैन फ्रांसिस्को में उन्हें समान विचार के अन्य छात्र भी मिले। इन सब छात्रों का एक समूह बन गया। भारतीय छात्र अकसर अपनी समस्याओं पर चर्चा करते और एक दूसरे से अपने दुख साझा करते थे। कनाडा और अमेरिका के प्रशांत तटों पर बसने वाले भारतीय आप्रवासियों का एक समूह बन गया जिसने अंग्रेजों से भारत की मुक्ति का संकल्प लिया। इन सभी भारतीयों का मनोभाव ''करो या मरो'' की सीमा तक दृढ़ हो गया। करतार सिंह अपनी कार्यशैली से बहुत शीघ्र इस राष्ट्रप्रेमी समूह के अग्रणी सदस्य बन गए। यहीं इस जाग्रति अभियान के साथ सशस्त्र क्रांति की तैयारियां भी आरंभ हुईं। अपनी सक्रियता के साथ उनका संपर्क लाला हरदयाल से हो गया। करतार सिंह उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़े। लाला हरदयाल गदर पार्टी के संस्थापकों में से एक थे। 1913 में उन्होंने सोहन सिंह भकना, पंडित कांशी राम, हरनाम सिंह टुंडीलाट आदि के साथ मिलकर 1913 में गदर पार्टी की स्थापना की थी। गदर पार्टी सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से अंग्रेजों से भारत की मुक्ति का अभियान चला रही थी। इस संगठन का मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को में ही था। लालाजी के माध्यम से करतार सिंह इससे जुड़ गए। पोर्टलैंड में हुए गदर पार्टी के सम्मेलन में भी करतार सिंह शामिल हुए। वहां 'युगान्तर आश्रम' की स्थापना में करतार सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण थी। क्रांति के लिए साप्ताहिक समाचार पत्र गदर का प्रकाशन आरंभ हुआ। करतार सिंह ने अपने घर से पढ़ाई के लिए आए 200 पौंड इस समाचार पत्र प्रकाशन के लिए लाला जी को दे दिए। इस पत्र में अन्य सामग्री के साथ भारत में हुई 1857 की क्रांति की भी प्रेरक सामग्री होती थी। इससे नौजवानों में नई ऊर्ज़ा का संचार होता। उन्हीं दिनों प्रथम विश्व युद्ध आरंभ हो गया। तब करतार सिंह भारत आ गए। जनवरी 1914 में समाचार पत्र गदर का गुरुमुखी संस्करण आरंभ हुआ। लाला हर दयाल इसके संपादक और करतार सिंह उप संपादक बने। आगे चलकर गदर का उर्दू संस्करण भी आरंभ हुआ। इस संस्करण का संपादक करतार सिंह को बनाया गया। अपने इस जन जागरण अभियान के साथ युवाओं की सशस्त्र संघर्ष तेज करने की भी योजना बनी। इसके लिए बंगाल गए और रासबिहारी बोस तथा शचीन्द्रनाथ सान्याल सहित अन्य क्रान्तिकारियों से भी भेंट की। 21 फरवरी, 1915 को पूरे देश में एक साथ क्रान्ति करने की योजना बनी। करतार सिंह को पंजाब में क्रांति का दायित्व मिला। उन्होंने कई धार्मिक स्थानों की यात्रा करके युवकों को जोड़ा। इसके साथ फिरोजपुर रावलपिंडी, और लाहौर की सैन्य छावनियों सेना के सिपाहियों से भी सम्पर्क करके क्रांति से जोड़ने की योजना बनी। रेल तथा डाक व्यवस्था को भंग करने की भी योजना बनाई।

## सेहत मंत्र

# सेहत पर नकारात्मक असर डाल सकता है डाइट कोक

दुनिया भर में डाइट कोक एक पॉपुलर बेवरेज में से एक है। हेल्थ कॉन्शियस लोग रेगुलर सोडा की जगह कोक जीरो या फिर साइट कोक जैसी ड्रिंक्स पीना पसंद करते हैं। क्योंकि इन ड्रिंक्स में कैलोरी और चीनी नहीं पाई जाती है। इसलिए आज के समय में डाइट कोक का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है। साल 1950 के दशक में पहली बार डाइट सोडा को डायबिटीज पेशेंट्स के लिए पेश किया गया था। वहीं वेट कंट्रोल करने या फिर चीनी का सेवन कम करने का प्रयास करने वाले लोगों के बीच यह काफी ज्यादा पॉपुलर है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि डाइट कोक में मौजूद आर्टिफिशियल स्वीटनर और कुछ अन्य इंग्रीडिएंट्स आपके स्वास्थ्य पर निगेटिव असर डाल सकता है। कैलोरी और चीनी फ्री होने के बाद भी डाइट ड्रिंक्स और ऑर्टिफिशियल स्वीटनर भी स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकते हैं। आप अगर डाइट कोक को फायदेमंद मानते हैं, तो यह उतना फायदेमंद नहीं होता है और यह आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक डाइट सोडा और मेटाबॉलिक सिंड्रोम के बढ़ते खतरे के बीच का संबंध है। इन लक्षणों में कोलेस्ट्रॉल का लो लेवल, हाई ब्लड शुगर, एचडीएल (गुड) पेट की चर्बी में वृद्धि, हाई ट्राइग्लिसराइड्स और हाई ब्लड प्रेशर आदि शामिल हो सकता है। मेटाबोलिक सिंड्रोम टाइप 2 डायबिटीज के खतरे को बढ़ा देता है। कुछ शोध से पता चलता है कि आपका ब्रेन आर्टिफिशियल स्वीटनर वैसी प्रतिक्रिया करता है, जैसे शुगरी स्वीट्स पर करता है। इसको बार-बार खाने से हाई कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों की इच्छा बढ़ सकती है। जिससे वेट बढ़ने का खतरा बढ़ सकता है। कई अध्ययनों से पता चलता है कि रोजाना सिर्फ एक डाइट सोडा पीने से अनियमित दिल की धड़कन और हाई बीपी सहित हृदय संबंधी समस्याओं के खतरे को बढ़ा सकता है। डाइट कोक या फिर सोडा आपके दांतों की हेल्थ को खराब कर सकते हैं। डाइट सोडा में फॉस्फोरिक और साइट्रिक एसिड पाया जाता है, जोकि दांतों के इनेमल को नष्ट कर सकता है। दांतों इनेमल कमजोर होने से दांतों में सेंसिटिविटी हो सकती है। साथ ही दांतों की सतह पर गड्ढे हो सकते हैं और इससे दांतों के रंग में भी बदलाव हो सकता है।

## धर्म मंत्र

# रोजाना गौ माता की आरती करने से पुण्यफल की होती है प्राप्ति, बढ़ती है धार्मिकता

सनातन धर्म में गाय को मां का दर्ज़ा दिया गया है। वहीं शास्त्रों में भी बताया गया है कि गाय एक मात्र ऐसा पशु है, जिसमें सभी देवी-देवताओं का वास होता है। ऐसे में गाय की पूजा-अर्चना करने से न सिर्फ गौ माता बल्कि सभी देवी-देवताओं का भी आशीर्वाद मिलता है। साथ ही हर तरह के दोष भी दूर हो जाते हैं। वहीं अगर रोजाना गाय की सेवा करना संभव नहीं है, तो ऐसे में रोजाना गाय की आरती जरूर करनी चाहिए। आप जिस भी भगवान को मानते हैं, उनकी पूजा-अर्चना के बाद गाय की आरती जरूर करनी चाहिए। इससे जातक को कई लाभ प्राप्त होंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गौ माता की आरती के बारे में बताने जा रहे हैं, साथ ही इसके लाभ के बारे में भी जानेंगे। जय गौ माता,मैया जय धेनु माता। मुकुन्द विधाता उमापति, सीतापति ध्याता।। ? जय धेनु माता सागर मंथन उपजी,कामधेनु माता । नमन किए सब देवता,अति पावन नाता।। ? जय धेनु माता तनुजा जो तुझसे जन्मी,नंदिनी नाम रचे। ऋषि वशिष्ठ की शक्ति, राजा दिलीप भजे ।। ? जय धेनु माता पाप विनाशिनी मैया,सुखद भंडार भरे। तैंतीस कोटि दैवत,अंग निवास करे।। ? जय धेनु माता पंचगव्य है पावन,औषध गुणकारी। रोग दोष मिटाए,मॉं तुम उपकारी ।। ? जय धेनु माता जिस घर अंगना धेनु,मॉं की हो सेवा। वैतरणी तरते वो नर,पाते शुभ मेवा।। ? जय धेनु माता शुभ मति शुभ फल दायक,है संकट त्राता । जो जन करते सेवा,मोक्ष सुफल पाता ।। ? जय धेनु माता आरती वंदना धेनु की,जो नर हैं गाते। कहते हैं श्रीकृष्णा,वे मनु तर जाते।। ? जय धेनु माता

## पर्यटन



# ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक समृद्धि का केंद्र है कपूरथला शहर

कपूरथला, पंजाब राज्य का एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है, जो अपनी भव्य वास्तुकला, शाही इतिहास और अद्भुत पर्यटन स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर न केवल पंजाब, बल्कि पूरे भारत में एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है। कपूरथला का सांस्कृतिक वैभव, ऐतिहासिक किले, महल और खूबसूरत बगीचे यहाँ आने वाले पर्यटकों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करते हैं। कपूरथला का सबसे प्रमुख आकर्षण है कपूरथला महल, जिसे ''पंजाबी वर्साय'' के नाम से भी जाना जाता है। यह महल फ्रांसीसी वास्तुकला से प्रेरित है और इसकी भव्यता और आकर्षण पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। महल के अंदर शानदार कमरे, खूबसूरत गैलरी और विस्तृत बगीचे हैं। महल की संरचना और इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि इसे कपूरथला का प्रमुख पर्यटन स्थल बनाती है। यहाँ का बगीचा और झील पर्यटकों को शांति और सौंदर्य का अनुभव कराते हैं। कपूरथला में स्थित शाही मस्जिद एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है, जो अपनी अद्भुत वास्तुकला और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। इस मस्जिद को कपूरथला के तत्कालीन शाही परिवार द्वारा बनवाया गया था। मस्जिद का शाही और भव्य रूप पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहाँ की आंतरिक सजावट और विस्तृत बगीचों में भ्रमण करते हुए लोग शांति का अनुभव करते हैं। सुंदरबाग, कपूरथला का एक और प्रमुख आकर्षण है। यह बगीचा कपूरथला महल के पास स्थित है और इसकी सुंदरता पर्यटकों को बेहद आकर्षित करती है। यहाँ की हरियाली, फूलों की सुगंध और शांत वातावरण आपको एक अद्भुत अनुभव प्रदान करते हैं। सुंदरबाग में घूमने से पर्यटकों को पंजाब की प्राकृतिक सुंदरता का अहसास होता है। कपूरथला ज्यूडिशियल किला भी एक ऐतिहासिक स्थल है, जो इस क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाता है। इस किले की वास्तुकला और इसे बनाने की शैली अत्यंत रोचक है।

# रामनगर में कैबिनेट मंत्री ए.के. शर्मा का भव्य स्वागत, विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रामनगर, बाराबंकी। आज रामनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कस्बा रामनगर में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ए.के. शर्मा का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी तथा भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष वैभव मिश्रा ने मंत्री जी का जोशीले ढंग से स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी कुँवर मोनू भास्कर, राजेश शुक्ला, सभासद अवनीश कुमार मिश्रा, टिंकू तिवारी, शुभम जायसवाल, के.डी. इसरार, रियाज नेता, उदय प्रताप, शिव कैलाश गौतम, रमेश राठौर, जय प्रकाश शुक्ला, आदेश सिंह रैकवार, रामनरेश शुक्ला, दीपक ओझा, तथा अमरेश तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मंत्री श्री शर्मा ने अधिशासी अभियंता अशोक खरवार से विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति के विषय में जानकारी ली और भविष्य के लिए नए विकास प्रस्ताव भी आमंत्रित किए।

अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार का उद्देश्य समग्र एवं सतत विकास है। प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर प्रांतीय महामंत्री ने मंत्री जी सहित सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं नागरिकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# चकमार्ग पर मिला वृद्ध साधु का शव, हत्या की आशंका

**सूचना से हड़कंप, पुलिस अधीक्षक , पुलिस उपाधीक्षक ने घटना स्थल का किया निरीक्षण**

**घटना के जल्द खुलासे के निर्देश**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रामनगर, बाराबंकी। थाना रामनगर क्षेत्र के ग्राम सौंधवा में शनिवार को 60 वर्षीय वृद्ध साधु का शव गांव के बाहर स्थित चक मार्ग पर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय मौके पर पहुंचे और वहाँ मौजूद क्षेत्राधिकारी सुश्री गरिमा पंत ,एवं थाना प्रभारी अनिल पांडेय तथा ग्रामीणों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने घटना की गंभीरता को देखते हुए त्वरित जांच के निर्देश भी दिए। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक नन्हे पुत्र बाबू, मूल रूप से जनपद बहराइच के थाना जरवल रोड अंतर्गत ग्राम परसोहर के निवासी थे। वे लगभग सात माह से थाना रामनगर क्षेत्र के ग्राम सौंधवा में प्रमोद पुत्र बेचेलाल के घर के पास एक झोपड़ी बनाकर रह रहे थे। साधु स्वरूप नन्हे बाबा ने झोपड़ी में भगवान शंकर की मूर्ति स्थापित कर पूजा-अर्चना की व्यवस्था कर रखी थी। वे आसपास के लोगों से मांगकर अपना जीवन-यापन कर रहे थे।

शनिवार को सौंधवा और मुंशी पुरवा गांव के मध्य स्थित चक मार्ग पर उनका शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत तथा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच प्रारंभ की। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक भी घटनास्थल पर पहुंचे और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे ने बताया कि मृतक की पहचान हो चुकी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। वहीं, मृतक के भाई राम अवतार ने गांव के ही एक व्यक्ति पर हत्या का संदेह जताया है। ग्रामीणों के अनुसार, बाबा अविवाहित थे और अकेले ही रहते थे।

# आवाम की उम्मीदों पर खरे उतरने में विफल हो रहे तनुज, दरकने लगी खामोशी की दीवार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**सपा के पूर्व सभासद ने दर्ज कराया विरोध, कार्यकर्ताओं में बढ़ रहा असंतोष**

बाराबंकी । जिस युवा सांसद तनुज पुनिया को जनता ने नई उम्मीदों और बदलाव की आस के साथ लोकसभा भेजा था, वही अब सत्ता की चकाचौंध में जनता और कार्यकर्ताओं से मुंह मोड़ते नजर आ रहे हैं। चुनाव पूर्व सोशल मीडिया पर सक्रियता दिखाने वाले तनुज पुनिया अब जमीनी हकीकत से पूरी तरह कट चुके हैं। न जनसमस्याओं को सुनने का धैर्य है, न ही कार्यकर्ताओं की पीड़ा के लिए उनके दरवाजे खुले हैं।

जनपद में अब यह चर्चा आम होती जा रही है कि सांसद साहब फोन उठाने तक की जहमत नहीं करते। खासतौर पर वे कार्यकर्ता, जिन्होंने तनुज को सत्ता तक पहुंचाने के लिए दिन-रात एक किया, आज खुद को उपेक्षित और ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

हद तो तब हो गई जब हैदरगढ़ नगर पंचायत के पूर्व सभासद और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अयूब खान ने फ़ेसबुक पर खुलकर तनुज पुनिया पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने लिखा कि उन्होंने तनुज का समर्थन कर भारी भूल की है और अब उन्हें इस निर्णय पर पछतावा हो रहा है।

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, समाजवादी पार्टी के कई कार्यकर्ता, जो गठबंधन धर्म के तहत तनुज पुनिया के लिए चुनाव लड़े थे, आज खुद को सबसे ज्यादा अनदेखा महसूस कर रहे हैं। वे न तो सांसद तक अपनी बात पहुंचा पा रहे हैं, न ही उन्हें कोई सम्मान मिल रहा है।

जनता और कार्यकर्ताओं का कहना है कि तनुज पुनिया अब वही पुराने नेताओं की राह पर चल पड़े हैं, जिनके खिलाफ उन्होंने बदलाव का वादा किया था। सोशल मीडिया पर दिखने वाली मुस्कान और भाषणों में किए गए वादे अब खोखले साबित हो रहे हैं।

अब सवाल ये है कि क्या तनुज पुनिया इस जनता के आक्रोश को समझ पाएंगे या फिर सत्ता के नशे में पूरी तरह जमीन से कट कर इतिहास के गर्त में समा जाएंगे?

# सेंट एंथनी स्कूल में समर कैंप का सफल समापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी । सेंट एंथनी स्कूल में आयोजित समर कैंप का आज भव्य समापन हुआ। इस विशेष कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समर कैंप के दौरान बच्चों ने *संगीत, कला, नृत्य, क्रिकेट, बैडमिंटन, जूडो, ताइक्वांडो, फुटबॉल और टेबल टेनिस* जैसे विविध खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को नए कौशल सीखने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर प्रदान करना था। विद्यालय प्रशासन ने छात्रों की सक्रिय भागीदारी और उनके उत्साह की सराहना की। समापन समारोह में विशेष रूप से प्रशिक्षकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने बच्चों को मार्गदर्शन दिया और उन्हें नई प्रतिभाओं के विकास में सहायता की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि विद्यार्थियों को सीखने और आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकें। समर कैंप के समापन के अवसर पर बच्चों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि उन्होंने न केवल नई चीजें सीखी हैं, बल्कि अपने आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। विद्यालय के छात्र, अभिभावक एवं शिक्षक इस आयोजन से अत्यंत प्रसन्न हुए और विद्यालय प्रशासन को इसके सफल संचालन के लिए बधाई दी ।

## पूर्व चेयरमैन का निधन, शोक



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत सिद्धौर के पूर्व चेयरमैन रामदेव यादव का बीती रात निधन हो गया। बताते हैं कि करीब 70 वर्षीय पूर्व चेयरमैन रामदेव यादव पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे थे।उनके निधन की खबर फैलते ही लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।सिद्धौर के डोमन गड्ढा वार्ड स्थित उनके आवास पर पहुंचे ईष्ट मित्र शुभचिंतक एवं नात रिश्ते दारों ने रोते बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाया।

## थाना समीप शटर काटा नगदी, सामान उड़ाया

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी कस्बा के कुरैशी मोहल्ला निवासी हारुन इटौंजा रोड पर किराने की दुकान का शटर काटकर 19 हजार नगदी व हजारों का कीमती सामान उड़ा कर ले गए।वहीं दुकान से मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्थित थाना व रात्रि गस्त करती पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। कुर्सी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया जांच की जा रही है।

## तीन तलाक, बुलेट नहीं मिली, मुकदमा दर्ज

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदोसराय में दहेज की मांग को लेकर एक महिला को प्रताड़ित करने और तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। पीड़िता शबीना बानो की शिकायत पर पुलिस ने पति मोहम्मद नसीम समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।शबीना की शादी 22 फरवरी 2022 को सफदरगंज के पंडरा निवासी नसीम से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं। ढाई साल का बेटा और 9 महीने की बेटी वर्तमान में पिता के पास हैं।15 मई को रात साढ़े नौ बजे ससुराल वालों ने दहेज में दी गई एचएफ डीलक्स बाइक को कम बताया और बुलेट मोटरसाइकिल व दो लाख की मांग की। मना करने पर पति, सास सलीमुन, जेठ मोहम्मद इम्तियाज, ननद सकीना और नन्दोई साबिर ने मिलकर शबीना की पिटाई की। पति ने उसका गला भी दबाया।मोहल्ले वालों की मदद से शबीना के परिजनों को बुलाया गया। जब उसके माता–पिता पहुंचे, तब वह बेहोश थी। इसके बाद पति ने सबके सामने तीन तलाक दे दिया।शबीना ने 16 मई को थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 21 मई को दोबारा शिकायत दर्ज कराई गई। पीड़िता के पिता निसार अहमद खेती करते हैं। 2014 में एक दुर्घटना के बाद से वह दिव्यांग हैं। उनकी पांच बेटियों में शबीना दूसरे नंबर पर है। अभी तीन बेटियों और दो बेटों की शादी होनी बाकी है।इस सम्बंध में कोतवाली बदोसराय के निरीक्षक सन्तोष कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## दरिंदे ने मासूम को बनाया शिकार, मुकदमा दर्ज

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। वासना के भूखे दरिंदे ने एक मासूम को अपनी हवस का शिकार बना डाला। मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के एक गांव में 5 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ गांव के ही युवक ने नशे की हालत में दरिंदगी की तमाम हदें पार कर दीं। मालूम हो कि मोहम्मदपुर खाला थानांतर्गत सूरतगंज पुलिस चौकी के एक गांव में, गुरूवार की शाम विवाह कार्यक्रम में लोग व्यस्त थे। तभी गांव का सौरभ कुमार पुत्र धर्मदास वर्मा वहां पहुंचा और एक बालिका को अकेला देखकर उसे मुंह दबा कर उसे उठा ले गया। गांव के बहार एक बाग ले गया। पहले दुष्कर्म का प्रयास किया। सफल न होने पर, युवक ने उसके प्राइवेट पार्ट में उंगलियां डालने की दरिंदगी की।बालिका की खोज करते परिवार वाले वहां पहुंचे तो मासूम तडप रही थी। घर वाले उसे लेकर सीएचसी सूरतगंज पहुंचे जहां पर उपचार के बाद, उसे घर भेज दिया गया। सूचना पर पहुंची, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। वहीं प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया, आरोपी नशे का आदी भी है। न्यायालय में पेश किया गया हैं। फिर उसे जेल भेजा।

## बीडीओ ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत बम्भौरा लोदी व सुसवाई में कराए जा रहे मनरेगा कार्यों का शनिवार को सिद्धौर खंड विकास अधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान खंड विकास अधिकारी श्री मिश्रा ने बम्भौरा लोदी ग्राम पंचायत में समतली करण , मनरेगा पार्क, तालाब खुदाई,व सुसवाई ग्राम पंचायत में तालाब का निरीक्षण किया।इसके अलावा बीबीपुर ग्राम पंचायत में भी कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया कि कार्य संतोष जनक रहा। निरीक्षण दौरान खंड विकास अधिकारी श्री मिश्रा के साथ एपीओ अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# पहले दहेज फिर बात- नहीं आई बारात!

**अरमानों पर फिरा पानी**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। कसरैलाडीह गांव की लक्ष्मी का विवाह रामनगर क्षेत्र के बिठौरा निवासी लवलेश से तय था। लक्ष्मी ने बताया कि वह लवलेश से नियमित बात कर रही थी। लवलेश तय तिथि को बीमारी का बहाना बनाकर आने से मना कर दिया। दूल्हा पक्ष ने एक लाख और अपाचे मोटरसाइकिल की मांग की थी।23 मई को बारात आने की तिथि थी।वधू पक्ष ने सभी तैयारियां पूरी कर ली थीं। खान-पान और साज-सज्जा की व्यवस्था पूर्ण थी।लक्ष्मी के पिता साहब दीन ने बताया कि उन्होंने इधर-उधर से धन जुटाया और दहेज का सामान भी इकट्ठा किया था। परिवार की सूचना पर पीआरबी पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।लक्ष्मी पांच भाई-बहन है तीन बहनों में सबसे छोटी बहन है। इस घटना से पूरा परिवार परेशान है।पुलिस से शिकायत की गई है।

# मॉड्यूलर ओटी का शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**बच्चों की प्रथम पाठशाला माता–पिता ही है–बृजभूषण शरण सिंह**

सुल्तानपुर। गोमती हॉस्पिटल में ओटी परिसर का शुभारंभ शनिवार को अवध के सुप्रसिद्ध भाजपा नेता पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के कर कमलों द्वारा वरिष्ठ चिकित्सकों हॉस्पिटल के निदेशक डॉ आर ए वर्मा निदेशिका पल्लवी वर्मा एव प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव डॉ आर के मिश्रा की उपस्थिति में हुआ। उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारे प्रदेश में अब अच्छा काम हुआ है लगभग हर क्षेत्र में हर जिले में बहुत अच्छा काम हुआ इतनी तेजी से हमने साउथ हो या महाराष्ट्र को हमने पीछे कर किया है। बिल्डिंग उनसे हमने अच्छी बनाई है आज के 24 साल पहले जो सांसद विधायक होते थे हमारे प्रदेश के वह चाहते थे प्रदेश की राजधानी देश की राजधानी जनपद मुख्यालय पर हमारा मकान हो जाए लेकिन दक्षिण के नेता व सांसद अपने-अपनी जनपदों में मेडिकल कॉलेज इंजीनियरिंग कॉलेज खोलकर बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान की अगर पहले यही काम हुआ होता तो गोमती नगर इंदिरा नगर में नाव चलते हुए मैंने अपने आप से देखा 84 में अगर हमारे बच्चे तैरना नहीं जानते हमारे बच्चे खेलने नहीं जानते तो हम मानते हैं सारी गलती बच्चों की नहीं है गार्जियन की है क्योंकि गार्जियन को इसके लिए मेहनत करनी पड़ती है। दुनिया के कई देशों में हमको जाने का मौका मिला दुनिया की बात छोड़ दीजिए हरियाणा देख ले बगल में हम देखते हैं अगर स्टेडियम में जाते है तो उसे परिवार की मां गारंटी के साथ जब तक तीन घंटा बच्चा खेलेगा तब तक 3 घंटा रहेगी हम इस बात के लिए अभी इतने जागरूक नहीं हुए हमें दुनिया छोड़ दीजिए हरियाणा से सीखना चाहिए क्योंकि ऐसी कोई अनायास चाहे की बच्चा पैदा हो अपने आप जो है महान बन जाए यह संभव नहीं है महान बनने के लिए माता-पिता को अपना पड़ता है ।

# मिलिट्री ड्रेस में संदिग्ध मोडिफाइड थार सहित दो युवक गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बल्दीराय/सुल्तानपुर। मिलिट्री ड्रेस में दो युवक गिरफ्तार, संदिग्ध मोडिफाइड थार को पुलिस ने किया जब्त। बल्दीराय थाना क्षेत्र के बहुरांवा बाजार में शनिवार को पुलिस चेकिंग के दौरान एक मोडिफाइड बोलेरो नुमा थार गाड़ी को रोका गया। गाड़ी में दो युवक मिलिट्री ड्रेस में सवार मिले, जिसे देखकर पुलिस को शक हुआ। थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि वाहन अयोध्या की ओर से आ रहा था। गाड़ी के टायर व अन्य हिस्से मोडिफाइड थे। पूछताछ के दौरान दोनों युवकों से कागजात मांगे गए,लेकिन संतोषजनक जवाब न मिलने पर गाड़ी को थाने लाया गया। पुलिस ने बताया कि फिलहाल गाड़ी से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है, लेकिन युवकों की वर्दी,गाड़ी की बनावट और उनके बयान को लेकर गंभीर जांच की जा रही है।

## अधिवक्ता की बाईक को बदमाशो ने किया लूटने का प्रयास

बल्दीराय/सुलतानपुर। थाना क्षेत्र बल्दीराय अंतर्गत नहर की पटरी पर शनिवार चार बजे तहसील से घर जा रहे अधिवक्ता की बाईक को बदमाशो ने लूटने का प्रयास किया। अधिवक्ता के गुहार लगाए जाने से आस पास के लोग दौड़कर दो बदमाशो को मौके पर ही पकड़ लिया बदमाशों को पुलिस के हवाले कर दिया। प्रसून यादव निवासी ग्राम मेघमऊ तहसील बल्दीराय में अधिवक्ता है, शनिवार को चार बजे वह अपने घर जा रहे थे जैसे बल्दीराय नहर चौराहे से पचास मीटर की दूरी पर नहर की पटरी पर खड़े दो लोगो ने अधिवक्ता की बाईक जबरन रोक लिया और उनकी पर्स व बाईक लूटने का प्रयास किया। अधिवक्ता ने गुहार लगाई तो आस पास के लोग दौड़े और दोनो बदमाशो को पकड़ लिया। अधिवक्ता ने थाना बल्दीराय में तहरीर दी है थाना अध्यक्ष बल्दीराय नारद मुनि सिंह ने बताया तहरीर मिली है पुलिस जांचोपंरात विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति ने बैठक का किया उद्घाटन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**अधिवक्ता परिषद अवध दो दिवसीय बैठक**




बाराबंकी।अधिवक्ता परिषद अवध की दो दिवसीय प्रदेश परिषद बैठक का शुभारंभ 24 मई को जनपद बाराबंकी में स्थित साईं मंडप में हुआ। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति कृष्ण पहल, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं को न्यायिक व्यवस्था को और प्रभावी रूप से कार्यान्वित करने के लिए सतत अध्ययन करने की आदत को अपनाने पर बल देने को कहा क्योंकि अध्ययन का कोई विकल्प नहीं है।

उद्घाटन सत्र में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं एवं उन्होंने समरसता एवं समानता में समन्वय स्थापित किए जाने की आवश्यकता के सम्बन्ध में अपने विचार प्रस्तुत किए। साथ में डॉ सीमा सिंह, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, विधि संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सुधा सिंह, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्षितिज पांडे भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

अनिल कुमार पांडे, उपाध्यक्ष, अधिवक्ता परिषद अवध, ने समस्त सम्मानित अतिथियों के समक्ष स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कौशल किशोर त्रिपाठी अध्यक्ष एवं सचिन प्रताप सिंह महामंत्री अधिवक्ता परिषद अवध, बाराबंकी इकाई ने समस्त सम्मानित अतिथियों का प्रतीक चिह्न एवं अंग वस्त्र भेंट कर के उनका स्वागत किया। श्रीमती मीनाक्षी परिहार सिंह, प्रदेश महामंत्री, अधिवक्ता परिषद अवध ने कार्यक्रम के दौरान मंच का कुशल संचालन किया।

# इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान, शुभमन गिल बने कप्तान

**ऋषभ पंत को उपकप्तानी की जिम्मेदारी- साई सुदर्शन और अर्शदीप सिंह टीम में नया चेहरा**

एजेंसी

मुम्बई। इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए शनिवार को 18 सदस्यीय भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान कर दिया गया है। टीम की कप्तानी शुभमन गिल को सौंपी गई है, जबकि ऋषभ पंत को उप-कप्तान बनाया गया है। कप्तान और उप-कप्तान के तौर पर दोनों युवा खिलाड़ियों पर टीम की बड़ी जिम्मेदारी होगी। टीम में करुण नायर की वापसी हुई है तो साई सुदर्शन को आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करने का इनाम मिला है। इसके साथ ही तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भी पहली बार शामिल किया गया है। वहीं शार्दुल ठाकुर भी टीम में वापसी कर रहे हैं, जो टीम की गेंदबाजी आक्रमण को और मजबूत करेंगे। हालांकि इस घोषणा में एक बड़ा झटका भी आया है, जब




चयनकर्ताओं ने मोहम्मद शमी को मेडिकल टीम की रिपोर्ट के आधार पर फिट नहीं मानते हुए टीम से बाहर कर दिया। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने प्रेस कांफ्रेंस पुष्टि की कि चयन समिति शमी को टीम में शामिल करना चाहती थी, लेकिन मेडिकल विभाग की सलाह के बाद उन्होंने ऐसा नहीं किया। पूरे पांच मैच नहीं खेलेंगे बुमराह इस बीच, मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बारे में भी अहम जानकारी मिली है। अजित अगरकर ने कहा कि उन्हें लगता है कि बुमराह पूरे पांच टेस्ट मैच नहीं पाएंगे। उनका खेलना चार या तीन मैचों तक सीमित रह सकता है, जो पूरी तरह से उनकी फिटनेस और प्रबंधन टीम की देखरेख पर निर्भर करेगा। कोहली के संन्यास पर बोले अगरकर स्टार खिलाड़ी विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के सवाल पर अजित अगरकर ने बताया कि अप्रैल महीने में कोहली ने उनसे संपर्क किया और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की इच्छा जताई। चयन समिति ने उनकी इस इच्छा का पूरा सम्मान किया और कोहली को अपनी मर्जी से निर्णय लेने की आज़ादी दी।

### इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर और उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश कुमार रेड्डी, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

### टेस्ट सीरीज की शुरुआत 20 जून से

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की शुरुआत 20 जून को होगी। इसके बाद 2 जुलाई से दूसरा टेस्ट बर्मिंघम में खेला जाएगा। लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड 10 जुलाई से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। ओल्ड ट्रैफर्ड और केनिंग्टन ओवल में क्रमशः सीरीज का चौथा और पांचवां टेस्ट मैच खेला जाएगा।

# श्रीकांत छह साल में पहली बार मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे

एजेंसी

कुआलालंपुर। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने शनिवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जापान के युशी टनाका पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर छह साल में पहली बार बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश किया। 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सटीक नेट प्ले और आक्रामक खेल की बदौलत दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी टनाका को रोमांचक मुकाबले में 21-18, 24-22 से शिकस्त दी। श्रीकांत ने जीत के बाद कहा, ''मैं बहुत खुश हूं, काफी समय के बाद यहां तक पहुंचा हूं।'' श्रीकांत 2019 इंडिया ओपन में उपविजेता रहे थे और इसके बाद से इस 32 वर्षीय खिलाड़ी का बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में पहला फाइनल है। उन्होंने 2017 में चार खिताब जीते थे। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत पिछले कुछ सत्र में खराब




फॉर्म और फिटनेस के दौर से गुजर रहे हैं जिससे अब वह विश्व रैंकिंग में 65वें स्थान पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा, ''शारीरिक रूप से मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। लेकिन मैंने पिछले साल ज्यादा मैच नहीं खेले। अब क्वालीफाइंग खेल रहा हूं। इस बार सब ठीक रहा। मैं पिछले महीने से कड़ी मेहनत कर रहा हूं। श्रीकांत ने कहा, ''बहुत लंबे समय के बाद ये जीत मिली। ''श्रीकांत 2017 में चार बीडब्लयूएफ खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने थे और फिर उन्होंने भारत को टीम स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेलों का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। लेकिन उसके तुरंत बाद उनका संघर्ष शुरू हो गया।

# पाटीदार और कमिंस पर धीमी ओवर गति के लिए क्रमशः 24 लाख और 12 लाख रुपये का जुर्माना

लखनऊ। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार और सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस पर यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान अपनी-अपनी टीमों की धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। कमिंस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया क्योंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था। पाटीदार पर दूसरी बार अपराध करने वाली आरसीबी की एकादश के सदस्य होने के कारण 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल से जारी बयान के मुताबिक, ''पाटीदार पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है क्योंकि यह यह आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत उनकी टीम का इस सत्र में दूसरा अपराध था।





इसके मुताबिक, '' इम्पैक्ट प्लेयर सहित टीम एकादश में शामिल के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से या तो छह लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) जुर्माना लगाया गया। इस बयान कहा गया ,'' यह आईपीएल आचार संहिता की धारा 2 . 22 के तहत इस सत्र में एसआरएच का धीमी ओवर गति से जुड़ा पहला अपराध था जिसके लिये कमिंस पर 12 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया । खिताबी दौड़ से बाहर एसआरएच ने प्लेऑफ में पहुंच चुकी आरसीबी के खिलाफ इस मैच में 42 रन की शानदार जीत दर्ज की।

# सम्मान की लड़ाई में केकेआर के सामने एसआरएच की चुनौती

एजेंसी

नयी दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम रविवार को आईपीएल मैच में खिताबी दौड़ से बाहर हो चुकी टीम अन्य टीम सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश सत्र को जीत के साथ खत्म करने की होगी। इसे विडंबना ही कहें कि जब केकेआर और एसआरएच ने 2024 आईपीएल का अपना आखिरी मैच खेला था तो वह फाइनल मुकाबला था जहां श्रेयस अय्यर की टीम ने एकतरफा मैच में पैट कमिंस की टीम को मात दी थी। दोनों टीमें के सामने अपने अभियान को छठे स्थान पर रहते हुए खत्म करने की चुनौती होगी। मैच में एसआरएच का पलड़ा थोड़ी भारी होगा। इस टीम ने शुक्रवार रात को आरसीबी को 42 रन से हराया था। केकेआर ने लीग में अपना पिछला मैच सात मई को ईडन गार्डन्स में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ खेला था। पैट कमिंस इस सत्र का अंत




जीत के साथ करना चाहेंगे। ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा की मौजूदगी वाला उनका मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप यहां कोटला मैदान में बल्लेबाजी के लिए माकूल परिस्थितियों का लुत्फ उठाना चाहेगा। अजिंक्य रहाणे की टीम को 17 मई को आरसीबी के साथ खेलना था। लीग के एक सप्ताह के निलंबन के बाद यह पहला मैच था। बेंगलुरु में बारिश ने हालांकि उस मैच के साथ केकेआर की प्लेऑफ में पहुंचने की मामूली उम्मीदों को भी पूरी तरह से खत्म कर दिया। प्लेऑफ के चारों स्थान तय हो चुके हैं ऐसे में यह मैच महज औपचारिकता ही है लेकिन दोनों टीमें लीग का सुखद अंत करने के लिए प्रेरित होंगी। यह दोनों टीमों को अगले सत्र के लिए टीम की रूपरेखा तय करने और मौजूदा सत्र के प्रदर्शन का आकलन करने का मौका देगा। केकेआर के लिए इस सत्र में सबसे बड़ी निराशा उनके सबसे महंगे खिलाड़ी हरफनमौला वेंकटेश अय्यर रहे। फ्रेंचाइजी ने इस वामहस्त बल्लेबाज के लिए 23.75 करोड़ रुपये खर्च किये लेकिन वह 11 मैच में सिर्फ 142 रन की बना सके। उन्होंने इस दौरान एक मैच में 60 रन बनाये थे और अगर उनकी उस पारी को हटा दिया जाये तो 10 मैचों में बायें हाथ के इस बल्लेबाज के नाम महज 82 रन है। उन्होंने के इस सत्र में गेंदबाजी भी नहीं की ऐसे में आईपीएल की बड़ी नीलामी में उन पर खर्च किये गये रकम को लेकर सवाल उठना तय है। केकेआर की बल्लेबाजी की विफलता का इस बात से भी मिलता है कि टी20 प्रारूप में मजबूत नहीं माने जाने वाले कप्तान रहाणे सत्र में 375 रन के साथ उनके सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। आंद्रे रसेल, सुनील नारायण और रिंकू सिंह जैसे बल्लेबाजों की मौजूदगी में टीम के लिए सबसे ज्यादा छक्के रहाणे ने ही लगाए हैं। उनके नाम 20 छक्के है जबकि नारायण और रसेल ने क्रमशः 16 और 14 छक्के लगाए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आईएलसी के उद्घाटन मुकाबले में इंडियन वॉरियर्स से भिड़ेंगे अफ्रीकन लायंस

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 27 मई से शुरू हो रही इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) का उद्घाटन मुकाबला इंडियन वॉरियर्स और अफ्रीकन लायंस के बीच 27 मई की शाम खेला जाएगा। जिसके बाद 28 मई से प्रतिदिन डबल हेडर मुकाबले देखने को मिलेंगे। दिन का पहला मैच दोपहर 3:30 बजे से, जबकि दूसरा मुकाबला शाम 7:30 बजे शुरू होगा। लीग चरण तीन जून को समाप्त होगा, जिसके बाद सेमीफाइनल मुकाबले चार जून को क्रमशः दोपहर 3:30 बजे और शाम 7:30 बजे से खेले जाएंगे। पांच जून को ग्रैंड फिनाले मुकाबला खेला जाना तय है। आईएलसी के संस्थापक और निदेशक प्रदीप सांगवान ने कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि, ल्यह सिर्फ के लीग नहीं बल्कि छह महाद्वीपों का समागम है। शेड्यूल को इस तरह से तैयार किया गया है कि रोमांच बना रहे और दुनियाभर के दर्शक हर दिन स्क्रीन से जुड़े रहें। पूर्व दक्षिण अफ्रीकी धाकड़ बल्लेबाज हर्शल गिब्स अफ्रीकन लायंस की कप्तानी करेंगे, तो वहीं एशियन किंग्स की अगुवाई सुरेश रैना के हाथों में है। एशिया की इस टीम में रैना के साथ पूर्व श्रीलंकाई दिग्गज तिलकरत्ने दिलशान और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान भी जलवा बिखेरते नजर आएंगे। इस चैंपियनशिप का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा। टीमें: अफ्रीकन लायंस, ट्रांस टाइटंस (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड), यूरो ग्लैडिएटर्स, अमेरिकन स्ट्राइकर्स, एशियन किंग्स और इंडियन वॉरियर्स।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड ने जीती महिला टी20 सीरीज

**लंदन।** इंग्लैंड ने होव में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर टी20 सीरीज में 2–0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। जीत के लिए मात्र 82 रनों का पीछा करते हुए, इंग्लैंड ने शुक्रवार को कप्तान नेट साइवर–ब्रंट के 31 गेंदों पर नाबाद 55 और सोफिया डंकले के नाबाद 24 रनों की मदद से 9.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। डैनी वायट–हॉज पारी की पहली गेंद पर आउट हो गईं थी। वेस्टइंडीज ने अपने चार विकेट मात्र 29 रन पर ही खो दिये थे और आखिर में वह नौ विकेट पर 81 रन का मामूली स्कोर ही बना सकी। तेज गेंदबाज एम अर्लट ने अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैच में 14 रन देकर 3 विकेट लिए, जिसमें विंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज के छह और अनुभवी बल्लेबाज स्टेफनी टेलर (शून्य) के महत्वपूर्ण विकेट शामिल हैं। तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने 28 रन देकर 3 विकेट लिए और स्पिनर चार्ली डीन ने अपने चार ओवरों में 12 रन देकर 2 विकेट चटकाए। शेमाइन कैम्पबेले और शबिका गजनबी वेस्टइंडीज की दो बल्लेबाज थीं जो दोहरे अंक तक पहुंचीं, जिन्होंने क्रमशः 26 और 22 रन बनाए और उनकी पूरी पारी में केवल आठ चौके लगे, जिसमें 74 डॉट बॉल भी शामिल हैं। तीसरा और अंतिम टी20 सोमवार को चेम्सफोर्ड में होगा।

### मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) खिलाड़ियों के सपनों को दे रही है उड़ान

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश लीग उभरते हुए क्रिकेटरों के लिए आईपीएल जैसे बड़े मंच पर पहुंचने का माध्यम बनती जा रही है, जिसका ताजा उदाहरण माधव तिवारी, अनिकेत वर्मा और शिवम शुक्ला के रूप में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के संस्करण में देखा जा सकता है। अनिकेत वर्मा ने आईपीएल 2025 में युवा खिलाड़ियों में सबसे शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग (एमपीएल) में भोपाल लेपर्ड्स के लिए मात्र 41 गेंदों में 123 रन की तूफानी पारी खेली, जिसके चलते उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने स्क्वॉड में शामिल किया। 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर खरीदे गए अनिकेत वर्मा ने हैदराबाद के लिए इस सीजन में 12 मैच खेले हैं और 155.91 के स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक 74 रन बनाते हुए कुल 198 रन बनाए हैं। आक्रामक बल्लेबाजी और क्लीन हिटिंग के लिए पहचाने जाने वाले अनिकेत ने अपने इस प्रदर्शन के दौरान 16 छक्के लगाने के साथ ही 5 कैच भी पकड़े। फिलहाल वह ''इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन'' अवॉर्ड की दौड़ में भी शामिल हैं। माधव तिवारी एक ताकतवर मीडियम पेसर और निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाज हैं। उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में 40 लाख रुपये में खरीदा था। हालांकि वे सीजन की शुरुआत में प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं बने, लेकिन अंतिम चरण में विप्रज निगम की जगह उन्हें मौका मिला। भोपाल लेपर्ड्स की ओर से मध्य प्रदेश लीग में ऑलराउंड प्रदर्शन के चलते उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के स्काउट्स का ध्यान खींचा। 21 वर्षीय माधव पहले भी मध्य प्रदेश की आयु वर्ग क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। वहीं तीसरे खिलाड़ी शिवम शुक्ला मध्य प्रदेश से ही आते हैं।

# गुजरात टाइटन्स की निगाहें शीर्ष दो में जगह बनाने पर, सांत्वना जीत दर्ज करना चाहेगा सीएसके

एजेंसी

अहमदाबाद। गुजरात टाइटन्स की टीम जब रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी निगाहें तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने की होगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सनराइजर्स हैदराबाद से हारने के बाद गुजरात टाइटन्स प्लेऑफ के लिए तालिका में नियंत्रण बनाए हैं। सीएसके के खिलाफ जीत से उसके 20 अंक हो जाएंगे, इससे वह शीर्ष दो में जगह बनाने में सफल रहेगी और उसे फाइनल में जगह बनाने के दो मौके मिलेंगे। पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी सीएसके का ध्यान भविष्य की तैयारियों पर रहेगा क्योंकि इस सत्र में उसके लिए नतीजे मिले जुले रहे हैं और अब वह युवा खिलाड़ियों और अन्य संयोजनों को आजमाना चाहेगा। गुजरात टाइटन्स के लिए बल्लेबाजी में सफलता




शीर्ष तीन खिलाड़ी शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर पर टिकी है। बटलर रविवार को टीम के आखिरी लीग मैच के बाद राष्ट्रीय टीम के साथ होने लिए रवाना हो जाएंगे। बटलर के प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होने के कारण टीम के लिए अहम होगा कि मध्यक्रम को ज्यादा समय मिले। शाहरुख खान और शेरफाने रदरफोर्ड ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ काफी रन बनाए और वे मध्यक्रम में फिर से प्रभाव डालने के लिए बेताब होंगे। पर गुजरात की टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता गेंदबाजी विभाग की है क्योंकि उसका स्टार स्पिनर राशिद खान अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दिखा सका है लेकिन टीम उन पर भरोसा बनाए रखेगी। टीम को कागिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के तेज गेंदबाजी विभाग में भी सुधार करने की जरूरत है विशेषकर चौथे तेज गेंदबाजी विकल्प के लिए। लीग चरण के बाद रबाडा के राष्ट्रीय टीम से जुड़ने के बाद यह मुद्दा पेचीदा हो सकता है। वहीं रविवार को नतीजा जो भी रहे सीएसके के तालिका में सबसे नीचे रहने की संभावना है। इसलिए यह मैच आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल और डेवाल्ड ब्रेविस जैसे युवाओं के लिए प्रभावित करने का मौका है। दिल्ली में राजस्थान रॉयल्स से हारने के बाद सीएसके के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग को यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं हुई कि उनकी टीम तालिका में नीचे रहेगी। इस लिहाज से जीत का कोई खास मतलब नहीं होगा लेकिन सीएसके के वफादार प्रशंसक चाहेंगे कि टीम दो अंक हासिल कर टूर्नामेंट का समापन करे।

# जोकोविच 100वें एटीपी खिताब से एक कदम दूर

एजेंसी

जिनेवा। नोवाक जोकोविच ने जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में ब्रिटेन के कैमरन नॉरी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत हासिल कर अपने 100वें एटीपी टूर-स्तरीय एकल खिताब से एक जीत दूर पहुंच गए हैं। जिमी कोनर्स और रोजर फ़ेडरर के बाद जोकोविच ओपन युग में 100 एटीपी खिताब जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने की ओर अग्रसर है। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने शुक्रवार को नॉरी पर 6-4 6-7 (6-8) 6-1 की शानदार जीत के साथ उस मील के पत्थर के करीब एक कदम और बढ़ा दिया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार जोकोविच ने पिछले साल गर्मियों में पेरिस में ओलंपिक स्वर्ण जीतने के बाद से कोई खिताब नहीं जीता है। वह शनिवार को होने वाले फाइनल में पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज़ से भिड़ेंगे। गुरुवार को 38 साल के हो गए जोकोविच ने कहा, यह मेरे लिए अब तक का सबसे कठिन मैच था। जोकोविच के लिए यह क्ले सीजन निराशाजनक रहा है, उन्हें मैड्रिड और मोंटे कार्लो में तुरंत बाहर होना पड़ा। हालांकि, जिनेवा में एटीपी 250 खिताब फ्रेंच ओपन से पहले यह टूर्नामेंट आत्मविश्वास बढ़ाने वाला हो सकता है, जहां वह रिकॉर्ड तोड़ 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। रविवार से शुरू होने वाले रोलांड गैरोस में पहले दौर में जोकोविच का सामना अमेरिकी मैकेंजी मैकडोनाल्ड से होगा। सीजन के अपने पहले सेमीफाइनल में खेलते हुए, नॉरी ने पहले सेट में जोकोविच की सर्विस पर सिर्फ दो अंक जीते। दूसरे सेट में ब्रिटिश खिलाड़ी ने नियंत्रण हासिल किया और पहली बार जोकोविच की सर्विस को चुनौती देते हुए 4-1 से आगे हो गया। 5-2 पर जोकोविच द्वारा किए गए डबल फॉल्ट ने नॉरी को एक सेट प्वाइंट दिलाया, लेकिन वह अपना मौका चूक गए और जोकोविच को ब्रेक बैक करने और 5-5 से बराबरी करने का मौका दिया।

# आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री का विकसित भारत के लिए राज्यों के तीन उप-समूहों का प्रस्ताव

एजेंसी

नयी दिल्ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के लिए राज्य सरकारों के तीन उप-समूहों के गठन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि उनका राज्य इस राष्ट्रीय आकांक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की 10वीं शासी परिषद की बैठक में शनिवार को नायडू ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की है। इस दौरान भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया और अब तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख ने डिजिटल इंडिया, जीएसटी, स्टार्टअप इंडिया, पीएम गति शक्ति और जल जीवन मिशन सहित परिवर्तनकारी सुधारों का उल्लेख किया, और कहा कि इन सुधारों ने भारत के विकास परिदृश्य को फिर से परिभाषित किया है। एक आधिकारिक बयान में नायडू के हवाले से कहा गया कि ऑपरेशन सिंदूर से भारत की मजबूत वैश्विक स्थिति साबित हुई और सही समय पर सही नेतृत्व का होना राष्ट्र को उसके महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की ओर ले जाने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने केंद्र सरकार और नीति आयोग के सहयोग से राज्यों के तीन उप-समूहों का प्रस्ताव रखा, ताकि विकसित भारत की दिशा में प्रगति को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। जीडीपी वृद्धि पर केंद्रित पहला उप-समूह पीपीपी (सार्वजनिक निजी भागीदारी) वाली परियोजनाओं को व्यवहारिक बनाने के लिए वित्त पोषण के समर्थन के साथ विनिर्माण, निर्यात और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखेगा।

# पीयूष गोयल ने यूरोपीय संघ के आयुक्त मारोस सेफकोविक से मुलाकात की, एफटीए पर हुई चर्चा

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय व्यापार आयुक्त मारोस सेफकोविक से मुलाकात की। यह दोनों नेताओं की एक महीने के भीतर दूसरी मुलाकात थी, जिसमें भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा की गई। गोयल ने इस महीने की शुरुआत में अपने यूरोपीय संघ समकक्ष के साथ बैठक की थी। यूरोपीय व्यापार आयुक्त मारोस सेफकोविक और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 'एक्स' पोस्ट पर इस मुलाकात और बातचीत की जानकारी दी है। यूरोपीय संघ के अधिकारी मारोस सेफकोविक ने शुक्रवार को 'एक्स' पोस्ट के माध्यम से कहा, ''अपने मित्र और समकक्ष पीयूष गोयल का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है। हम लगातार प्रगति कर



रहे हैं। आइए, हम कड़ी मेहनत और स्पष्ट फोकस के साथ गति बनाए रखें। मैं जल्द ही हमारी अगली बैठक की प्रतीक्षा कर रहा हूं। वहीं, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को मारोस सेफकोविक के पोस्ट के जवाब में 'एक्स' पर लिखा है, ''मेरे मित्र, गर्मजोशी से स्वागत के लिए धन्यवाद। हम भारत और यूरोपीय संघ की साझा समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं। आइए, हम इस गति को जारी रखें ! अमेरिका के दौरे पर गए वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल 23 मई को वाशिंगटन से ब्रुसेल्स पहुंचे, जबकि भारत के मुख्य वार्ताकार एल. सत्य श्रीनिवास और उनकी टीम भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता के लिए पहले से ही यूरोपीय संघ मुख्यालय में मौजूद हैं। दोनों नेताओं के बीच यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब दोनों पक्ष जुलाई तक अर्ली हार्वेस्ट व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का लक्ष्य बना रहे हैं।

# आयोग ने अपने कानूनी सलाहकारों मुख्य अधिकारियों के साथ की बैठक

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने एक अभिनव पहल के तहत अपने कानूनी तंत्र को मजबूत और पुनर्गठित करने के लिए राजधानी में अधिवक्ताओं और मुख्य चुनाव अधिकारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की मौजूदगी में चुनाव आयोग का प्रतिनिधित्व करने वाले विधि-सलाहकारों (वकीलों) के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। आयोग ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि यह रणनीतिक संवाद-सम्मेलन उसके कानूनी संसाधनों (विधि सलाहकारों) को देश में चुनाव संबंधी न्याय-प्रणाली के गतिशील परिदृश्य के साथ जोड़े और तैयार रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विज्ञप्ति के अनुसार सम्मेलन में उच्चतम न्यायालय और देश भर के 28 उच्च न्यायालयों




और उच्च न्यायालयों की पीठों के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ-साथ सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों और 36 मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने भाग लिया। आयोग ने कहा है कि इस पहल का उद्देश्य आयोग के कानूनी ढांचे को मजबूत और पुनर्गठित करना है ताकि तालमेल हासिल करके उभरती चुनौतियों का अधिक प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके। सम्मेलन में गैर-प्रतिकूल होने और सुनवाई के पर्याप्त अवसर प्रदान करने पर जोर दिया गया। दिन भर चले इस सम्मेलन ने आयोग और देश भर से आमंत्रित प्रमुख कानूनी पेशेवरों के बीच चुनाव से संबंधित कायदे -कानून और प्रक्रियाओं पर संवाद और चर्चा की गयी। चर्चा में चुनाव कानून, न्यायिक कार्यवाही और कानूनी सुधारों से संबंधित मुद्दों पर विशेष जोर देते हुए आयोग की कानूनी टीम की तैयारी, दक्षता और समन्वय को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। आयोग की ओर से कानूनी प्रतिनिधियों को विभिन्न न्यायिक मंचों पर अपनी प्रभावशीलता को सुदृढ़ रखने को कहा गया। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन में आयोग की सूचना प्रौद्योगिकी के समावेश की दिशा में की जा रही पहलों के लिए एक खाक तैयार करने और उसे मजबूत करने पर चर्चा की। आयोग ने 2025 में एक एकीकृत डैशबोर्ड, ईसीआईनेट को डिजाइन और विकसित करने के लिए एक नयी पहल की है, जो अपने सभी हितधारकों द्वारा अपेक्षित कानूनी प्रावधानों के दायरे में सभी प्रासंगिक डेटा तक एकल खिड़की पहुंच प्रदान करता है। यह अनूठी पहल आयोग की सभी संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी पर आधारित पहलों को एक छतरी के नीचे एकीकृत करेगी।

# आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का समय, राजनीतिक आलोचनाएं बाद में: सुप्रिया सुले

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने शनिवार को कहा कि वह दुनियाभर के नेताओं को आतंकवाद व उसके समर्थकों से लड़ने के भारत के दृढ़ संकल्प से अवगत कराएंगी।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के मुद्दे पर राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। राकांपा (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुले, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं राजीव प्रताप रूडी, अनुराग ठाकुर व वी मुरलीधरन, कांग्रेस नेताओं मनीष तिवारी व आनंद शर्मा, तेलगु देशम पार्टी (तेदेपा) नेता लवू श्री कृष्ण देवरायलू, आम आदमी पार्टी (आप) के नेता विक्रमजीत सिंह साहनी और पूर्व राजनयिक सैयद अकबरुद्दीन के साथ कतर, दक्षिण अफ्रीका, इथियोपिया और मिस्त्र जा रहे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं। सुले ने यहां संवाददाताओं से



कहा कि यह राजनीति का समय नहीं है बल्कि भारत के बारे में बात करने का समय है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हमला भारत की आत्मा पर हमला था जिस पर हमारी प्रतिक्रिया संतुलित थी, ताकि आतंकवाद के प्रति किसी प्रकार की नरमी नहीं दिखाने का स्पष्ट संदेश दिया जा सके। सुले ने कांग्रेस द्वारा इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने के प्रयासों पर कहा कि राकांपा (एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने पार्टी की ओर से स्पष्ट कर दिया है कि यह राजनीति करने या आलोचना करने का समय नहीं है।

सुले ने कहा, हम सभी के पास सरकार से पूछने के लिए कुछ कठिन सवाल हैं, लेकिन यह समय सरकार के साथ एकजुट होने का है। यह दिखाने का समय है कि भारत एकजुट है और आतंकवाद के प्रति किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। यह राजनीतिक बयानबाजी में लिप्त होने का समय नहीं है। चाहे कोई भी सत्ता में हो, हमारी नीति यही होगी कि पहले राष्ट्र, फिर राज्य, फिर पार्टी और उसके बाद परिवार। सुले नीत प्रतिनिधिमंडल सबसे पहले कतर जाएगा, जो पश्चिम एशियाई क्षेत्र में प्रभावशाली माना जाता है और क्षेत्रीय संघर्षों में मध्यस्थ की भूमिका निभाता रहा है। सुले ने कहा, मौजूदा समय दुनिया को यह बताने का है कि भारत आतंकवाद और उसके प्रायोजकों के खिलाफ एकजुट है।

# 'विकसित भारत' समीक्षा बैठक ध्यान भटकाने का एक और प्रयास : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को नीति आयोग की शासी परिषद की विकसित भारत लक्ष्य प्रगति को लेकर हो रही बैठक तब औचित्यहीन हो जाती है जब खुद सरकार सामाजिक ताना बाना तोड़ने और संवैधानिक संस्थाओं को बर्बाद करने में लगी हो। पार्टी ने बैठक को ध्यान भटकाने का एक और प्रयास बताया है।

कंग्रेस ने नीति आयोग को अब तक की सबसे अयोग्य बॉडी बताया और कहा कि आज हो रही विकसित भारत लक्ष्य समीक्षा प्रगति बैठक भी एक बार फिर सरकार की पाखंड करने और ध्यान भटकाने की कोशिश ही है। कंग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां जारी एक बयान में कहा, शासी परिषद की बैठक हो रही है। कहा गया है कि इसमें तथाकथित 'विकसित भारत' लक्ष्य की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जब सत्ता में बैठे लोग अपने ही शब्दों और कर्मों से सामाजिक सौहार्द के ताने-बाने को तोड़ने में लगे हों तो कैसा विकसित भारत होगा। उन्होंने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा, जब संसद, न्यायपालिका, विश्वविद्यालयों, मीडिया और संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता को सत्ता की सुविधा के अनुसार कुचला जा रहा हो तो कैसा विकसित भारत होगा। भारत जिन मूल्यों और आदर्शों के लिए जाना जाता रहा है, उन पर अंतरराष्ट्रीय मंचों के सामने ही योजनाबद्ध हमला किया जा रहा हो तो कैसा विकसित भारत होगा। जब देश की आर्थिक विषमता लगातार बढ़ रही हो और संपत्ति कुछ गिने-चुने लोगों के हाथों में सिमटती जा रही हो तो यह कैसा विकसित भारत होगा।

### कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अगुवाई वाला डेलीगेशन अमेरिका रवाना

# आतंकवाद के खिलाफ चुप नहीं बैठेंगे

एजेंसी

नई दिल्ली। विश्व के पांच देशों की यात्रा पर गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कंग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा है कि इस मिशन का उद्देश्य दुनिया को यह संदेश देना है कि ''हम आतंकवाद के सामने चुप नहीं बैठेंगे'' और ''हम यह भी नहीं चाहते कि दुनिया इससे नजरें फ़ेरे। थरूर ने यह टिप्पणी शुक्रवार देर रात उनके प्रतिनिधिमंडल के गुयाना, पनामा, कोलंबिया, ब्राजील और अमेरिका की यात्रा पर रवाना होने से पहले की। थरूर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में कहा, ''मेरे नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पांच देशों--गुयाना, पनामा, कोलंबिया, ब्राजील और अमेरिका की यात्रा पर जा रहा है। हम वहां इसलिए जा रहे हैं ताकि हम देश के लिए बोल सकें, इस भयावह संकट पर बात कर सकें जो हमारे देश पर आतंकवादियों के सबसे क्रूरतम हमले के कारण हमें झेलना पड़ा। तिरुवनंतपुरम से सांसद ने कहा कि यह प्रतिनिधिमंडल शांति एवं उम्मीद का मिशन है और यह एक दिन दुनिया को याद दिलाएगा कि भारत उन सभी मूल्यों के लिए खड़ा है जिन्हें ''हमें आज दुनिया में बनाए रखने की जरूरत है।''

उन्होंने कहा, ''हमें अपने देश के लिए, अपनी प्रतिक्रिया के लिए स्पष्टता एवं दृढ़ विश्वास के साथ बोलने की जरूरत है और दुनिया को यह संदेश देने की जरूरत है कि हम आतंकवाद के सामने चुप नहीं रहेंगे और हम यह भी नहीं चाहते कि दुनिया इससे नजरें फ़ेरे।''

उन्होंने अपने वीडियो संदेश में कहा, ''यह शांति का मिशन है। यह उम्मीद का मिशन है। यह एक ऐसा मिशन है जो दुनिया को एक दिन याद दिलाएगा कि भारत उन सभी मूल्यों के लिए खड़ा है जिन्हें हमें आज दुनिया में संरक्षित करने की आवश्यकता है - शांति, लोकतंत्र, स्वतंत्रता, न कि घृणा, हत्या एवं आतंकवाद। जय हिंद।'' थरूर ने विमान में सवार होने से पहले हवाई अड्डे पर मौजूद प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों की तस्वीरें भी साझा कीं। थरूर के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) की सांसद शांभवी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के जी एम हरीश बालयोगी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शशांक मणि त्रिपाठी, भुवनेश्वर कलिता एवं तेजस्वी सूर्या, शिवसेना के मिलिंद देवरा और पूर्व राजनयिक तरनजीत संधू शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल गुयाना, पनामा, कोलंबिया, ब्राजील और अमेरिका की यात्रा करेगा। भारत के रुख से अवगत कराने के लिए विभिन्न देशों की यात्रा पर जाने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका में 9/11 हमले सहित आतंकवाद के साथ पाकिस्तान के संबंधों को रेखांकित करेंगे ।

# मान ने पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया केन्द्र सरकार पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने केंद्र सरकार पर पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को यहां कहा कि किसी राज्य के साथ इस तरह का पक्षपातपूर्ण तथा भेदभावपूर्ण व्यवहार अनुचित और अवांछनीय है।

श्री मान ने यहां नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक में भाग लेते हुए राज्य से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए और दोहराया कि पंजाब के पास किसी भी राज्य के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। राज्य में पानी की गंभीर स्थिति के मद्देनजर सतलुज यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर के बजाय यमुना-सतलुज-लिंक (वाईएसएल) नहर के निर्माण के विचार पर जोर देते हुए श्री मान ने कहा कि रावी, ब्यास और सतलुज नदियों में पहले ही पानी कम हैं और अतिरिक्त पानी को कम बेसिन वाले क्षेत्र में ले जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब ने यमुना जल के आवंटन के लिए वार्ता में शामिल किए जाने का बार-बार अनुरोध किया है।

उन्होंने कहा कि 12 मार्च, 1954 को तत्कालीन पंजाब और उत्तर प्रदेश के बीच यमुना-सतलज-लिंक परियोजना के लिए एक समझौता हुआ था, जिसके तहत तत्कालीन पंजाब को यमुना के दो-तिहाई जल का अधिकार मिला था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समझौते में यमुना के जल से सिंचित होने वाले किसी विशेष क्षेत्र को निर्दिष्ट नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि पुनर्गठन से पहले, रावी और ब्यास की तरह यमुना नदी भी तत्कालीन पंजाब राज्य से होकर बहती थी। हालांकि, उन्होंने इस बात पर दुख जताया कि पंजाब और हरियाणा के बीच नदी के पानी का बंटवारा करते समय यमुना के पानी पर विचार नहीं किया गया, जबकि रावी और ब्यास के पानी को उचित रूप से ध्यान में रखा गया।

# पुंछ के लोगों की पीड़ा, न्याय देने की मांग राष्ट्रीय स्तर पर उठाऊंगा : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा है कि सीमा पार की गोलाबारी में जम्मू-कश्मीर में पुंछ क्षेत्र में लोगों को भारी संकट का सामना करना पड़ा है और उनके घरों की बर्बादी अत्यंत पीड़ादायक है इसलिए पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर वह उनकी मांग उठाएंगे।

श्री गांधी ने कहा, आज पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से मिला। टूटे मकान, बिखरा सामान, नम आंखें और हर कोने में अपनों को खोने की दर्द भरी दास्तान, पुंछ क्षेत्र के ये देशभक्त परिवार हर बार जंग का सबसे बड़ा बोझ साहस और गरिमा के साथ उठाते हैं। उनके हौसले को सलाम है। उन्होंने कहा कि वह पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं और उनकी मांगें और मुद्दे राष्ट्रीय



स्तर पर ज़रूर उठाएंगे। कांग्रेस नेता ने पीड़ित परिवारों के सदस्यों के साथ उनके घरों का भी मुआयना किया, जिन्हें गोलीबारी में भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि केन्द्रशासित प्रदेश के लोगों के लिए यह संकट की घड़ी है और इसमें हम सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

## बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अबू धाबी में किये मंदिर में दर्शन

अबू धाबी/अहमदाबाद। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का पक्ष बताने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) गये बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को अबू धाबी में विश्वप्रसिद्ध स्वामीनारायण मंदिर में दर्शन किये।

बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने बताया कि मंदिर की अद्वितीय सुंदरता, पवित्रता और आध्यात्मिकता से समूचा प्रतिनिधिमंडल बहुत प्रभावित हुआ और मंदिर के वैश्विक सौहार्द के संदेश ने सभी को छू लिया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे कर रहे हैं। इसके अन्य सदस्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद बांसुरी स्वराज, मनन कुमार मिश्रा, और एस.एस. अहलूवालिया; बीजेडी सांसद सस्मित पात्रा, आईयूएमएल सांसद ई.टी. मोहम्मद बशीर और राजदूत सुजन चिनॉय शामिल हैं।

मंदिर में यूएई में भारत के राजदूत संजय सुधीर और मंदिर समिति के चेयरमेन अशोक कोटेचा ने प्रतिनिधिमंडल का हार्दिक स्वागत किया।

# विवाद खड़ा करने की रमेश की प्रवृत्ति कांग्रेस को नुकसान पहुंचा रही: भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नीति आयोग की बैठक पर जयराम रमेश की टिप्पणी की शनिवार को आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता किसी न किसी मुद्दे पर विवाद पैदा करने की खुद की प्रवृत्ति के कारण अपनी पार्टी को खत्म कर देंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा, ''यह देश के विकास के लिए निर्णय लेने के वास्ते टीम इंडिया की बैठक है। जयराम रमेश इसमें भी खामियां ढूंढ़ रहे हैं।''

नीति आयोग को एक ''अयोग्य'' निकाय बताते हुए कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी रमेश ने केंद्र पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इसकी बैठक ''पाखंड एवं ध्यान भटकाने'' की एक और कवायद है। हुसैन ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता सरकार द्वारा बुलाई गई हर बैठक में कुछ न कुछ खामियां ढूंढ़ते रहते हैं ताकि कोई विवाद पैदा हो सके। उन्होंने कहा, ''जयराम रमेश कांग्रेस की राम-राम करके ही छोड़ेंगे। कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब नीति आयोग की 10वीं शासी परिषद की बैठक शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में यहां शुरू हुई। बैठक का विषय है 'विकसित राज्य के लिए विकसित भारत 2047'। भाजपा प्रवक्ता ने नीति आयोग की बैठक को 'टीम इंडिया की बैठक' बताया और इस पर आपत्ति जताने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। हुसैन ने कहा, ''नीति आयोग देश की एक बड़ी संस्था है। यह देश के लिए नीतियां बनाती है। इसकी बैठक में देश के विकास के लिए मुख्यमंत्रियों समेत कई प्रख्यात लोग एक साथ बैठते हैं। कांग्रेस ने इस पर भी आपत्ति जतानी शुरू कर दी है। भाजपा नेता ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जम्मू कश्मीर दौरे पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने एक गीत की पंक्ति दोहराते हुए कहा, ''बहुत देर कर दी हुजूर आते-आते। हुसैन ने कहा, ''हाल ही में वह आंबेडकर छात्रावास में राजनीति करने के लिए बिहार गए थे। अब उन्हें पुंछ और उरी के लोगों की याद आ रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जम्मू कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा सीमा पार से की गई गोलाबारी के पीड़ितों से शनिवार को मुलाकात की। उन्होंने गोलाबारी से हुई क्षति को एक ''बड़ी त्रासदी'' बताया और पीड़ितों की व्यथा को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का संकल्प लिया। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने पुंछ का दौरा किया और प्रभावित लोगों से एक घंटे से अधिक समय तक बातचीत की। इनमें सात मई से 10 मई के बीच हुई गोलाबारी में अपने सदस्यों को खोने वाले परिवार भी शामिल थे।

# पेज एक का शेष

## ऑपरेशन सिन्दूर...

नीति आयोग के अनुसार आज की बैठक का मुख्य विषय है- 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य 2047।' राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित इस बैठक में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राज्यों के विकास पर विशेष चर्चा हो रही है। आयोग का मानना है कि राज्यों को मानव विकास, आर्थिक विकास, स्थिरता, प्रौद्योगिकी और शासन सुधारों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने अद्वितीय भौगोलिक और जनसांख्यिकीय लाभों का लाभ उठाना चाहिए। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उप राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) भाग ले रहे हैं। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में शनिवार को यहां भारत मंडपम में दिन भर चली बैठक के बाद नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी वी आर सुब्रमण्यम ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बैठक में 31 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और प्रशासकों ने हिस्सा लिया। श्री सुब्रमण्यम ने प्रधानमंत्री को उद्धृत करते हुए कहा कि आज की चर्चा बहुत सार्थक और सकारात्मक रही। उन्होंने कि यह अब तक की बैठकों में सबसे अधिक भागीदारी वाली रही और इसमें जिन राज्यों के मुख्यमंत्री नहीं आ सके उन्होंने पहले ही इसकी सूचना दे दी थी। बैठक में केरल , बिहार, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक के मुख्यमंत्री मौजूद नहीं थे। श्री सुब्रमण्यम ने कहा कि बैठक में ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर पूरी तरह एकजुटता दिखी। सभी वक्ताओं ने भारतीय सैन्य बलो के शौर्य और प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर में भारतीय साजो सामान और स्वदेशी प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के परिणामों का भी उत्साहजनक संदेश मिला है जिसका देश में विनिर्माण के क्षेत्र में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि विकास की गाड़ी तभी तेजी से बढ़ेगी जब केन्द्र एवं राज्य साथ साथ चलेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित राज्य की थीम पर इस बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की सोच एक प्रवाह बन गयी है जिसमें सभी राज्य इसमें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से विकास करने की क्षमता है और केन्द्र तथा राज्यों के सामूहिक प्रयासों से देश अगले ढाई से तीन वर्षों में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा जो विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण पड़ाव होगा। प्रधानमंत्री ने नीति आयोग की इस वार्षिक बैठक के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इनसे देश के विकास को दिशा, गति एवं ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्य विकसित राज्य के लिए अपना अपना विज़न दस्तावेज जल्दी तैयार करें जिसमें नीति आयोग मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश और गुजरात ने क्रमशः 2.4 लाख करोड़ और 3.5 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि टीम इंडिया की भावना से ही विकसित भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है जैसे पूर्ण स्वराज्य का लक्ष्य 15 वर्ष में पूरा किया गया था। हमारे पास 22 वर्ष हैं। प्रधानमंत्री ने राज्यों को सलाह दी है कि वे बीच की अवधि के लिए भी अपने लिये लक्ष्य तय करें। डा. सुब्रह्मण्यम ने बताया कि बैठक में इस बात पर जोर दिया गया है कि कारोबारी सुगमता के लिए राज्यों में जटिलाएं एवं बाधाएं दूर होनी चाहिए और ये काम जिला एवं नगर निगम स्तर तक किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने बैठक में निर्यात प्रोत्साहन, एक जिला एक उत्पाद और कौशल विकास पर भी राज्यों में तेजी से काम किये जाने पर बल देते हुए पर्यटन क्षेत्र को बढ़ाने पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने एक राज्य में एक विश्व स्तरीय पर्यटन केन्द्र विकसित करने का मंत्र दिया और कहा कि इससे आसपास के पर्यटन सुविधाओं के विकास की प्रेरणा मिलेगी। प्रधानमंत्री ने नगरों को आर्थिक गतिविधियों की धुरी बताते हुए कहा कि 2047 तक भारत में शहरी आबादी 50 प्रतिशत हो जाएगी जिसके लिए उनका सुनियोजित विकास जरूरी है। सरकार ने एक लाख करोड़ रुपए के सिटी चैलेंज फंड का ऐलान किया गया है और इस बार बजट में 10 हजार करोड़ रुपए आवंटित किये गये। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने पूर्वोदय योजना का रोडमैप तैयार किया जा रहा है और इसे 15 जून तक जारी कर दिया जाएगा। इसमें बिहार झारखंड, ओडिशा और आंध्र प्रदेश को शामिल किया गया है। इसमें कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत पांच क्षेत्र शामिल किये गये हैं। एक अन्य प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि केन्द्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाने का मुद्दा केवल तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने उठाया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लक्ष्य को जनांदोलन में बदलने पर जोर दिया। बैठक में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को बढाने के लिए एक कार्य दल के गठन का सुझाव दिया गया।

## मानसून ने आठ...

दिया था, जो भारतीय उपमहाद्वीप में सामान्य से कम वर्षा के लिए जिम्मेदार होता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जो मौसम के औसत से 1.7 डिग्री कम है। इसके अलावा आईएमडी ने शनिवार और रविवार को बारिश के साथ आंधी का अनुमान जताया है, जबकि अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।

## सुप्रीम कोर्ट में गर्मी...

कोटिश्वर सिंह सुनवाई करेंगे। सात जुलाई से 13 जुलाई के दौरान (तीन पीठ) न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन, न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति आर महादेवन मामलों की सुनवाई करेंगे। इस अवधि के दौरान, रजिस्ट्री सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए सभी आंशिक कार्य दिवसों पर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक खुली रहेगी, शनिवार को छोड़कर (12 जुलाई, शनिवार को छोड़कर), रविवार और अन्य छुट्टियों पर भी कामकाज होगा। अधिसूचना के अनुसार, गैर-लिपिकीय कर्मचारी इन दिनों में भी सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक अपनी सेवाएं देंगे।

## यूपी में 347 नई...

मजबूत करेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को भी बढ़ावा देगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश' के विजन को साकार करने के लिए टीएचआर इकाइयों के विस्तार को प्राथमिकता दी है। इन इकाइयों में स्थानीय फसलों और स्वादों को शामिल कर पोषण की गुणवत्ता को और बेहतर किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि 3 से 6 वर्ष के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं तक समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पोषण पहुंचे, जिससे राज्य की नई पीढ़ी स्वस्थ और सशक्त हो।

## जून में शुरू हो सकता...

जिसके अनुरूप, 27 फरवरी 2025 को साइट का राइट ऑफ वे कंसेशनायर को हस्तांतरित कर दिया गया है। इस परियोजना के तहत फिल्म सिटी का मास्टर प्लान 30 जनवरी 2025 को अनुमोदित किया गया। भविष्य में शेष 770 एकड़ भूमि पर फ़ेज-2 और फ़ेज-3 के अंतर्गत विस्तार किया जाएगा।

# पर्यटन को मिलेगा नया आयाम, मंदिरों को जोड़कर बनेगा पर्यटन सर्किट : मंत्री धन सिंह रावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि राहु मंदिर पैठाणी, बूंखाल कालिंका मंदिर, भैरव मंदिर, तारा कुंड, बिनसर महादेव, हंसेश्वर महादेव मंदिर व श्रृंगी ऋषि मंदिर को पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित किया जाएगा।



मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को विकास भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को विकास कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाय, ताकि आम जनता को जल्द लाभ मिल सके। उन्होंने पर्यटन अधिकारी को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये। साथ ही राहु मंदिर पैठाणी के सौंदर्यीकरण और मार्ग के डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिये। जनपद के दूरस्थ मंदिरों की जानकारी को समाहित करते हुए डॉ. रावत ने एक कॉफी टेबल बुक तैयार करने को कहा, ताकि उन्हें भी पर्यटन मानचित्र में शामिल किया जा सके। उन्होंने संस्कृति विभाग को देवलगढ़ मंदिर के क्षतिग्रस्त पुश्ते के निर्माण को जल्द पूर्ण करने तथा पर्यटन विभाग को श्रीनगर में राफ्टिंग प्वाइंट विकसित करने के निर्देश भी दिये। मंत्री ने उद्यान विभाग को किसानों को चिन्हित कर उन्हें पॉलीहाउस उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने सीडीओ को जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक कर शिक्षक-छात्र अनुपात तय करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि 1 से 5 छात्रों पर एक, 5 से 30 पर दो, 30 से अधिक पर तीन, 60 से अधिक पर चार और 100 से अधिक छात्र होने पर पांच शिक्षकों की तैनाती की जाय। साथ ही उन्होंने कहा कि हर ब्लॉक में एक क्लस्टर विद्यालय स्थापित किया जाएगा, जहां आने-जाने के लिए छात्रों को 100 रुपये प्रतिदिन किराये के रूप में दिये जाएंगे। उन्होंने ग्रामीण निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि पूर्ण हो चुके कार्यों को संबंधित विभागों को हैंडओवर किया जाय और जो कार्य प्रगति पर हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाय। वहीं उन्होंने पाबौ बाजार में सार्वजनिक शौचालय बनाने को भी कहा।

# देहरादून में ट्रैफिक अभियान: बिना हेलमेट ट्रिपल राइडिंग पर कसा शिकंजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राजधानी देहरादून में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के निर्देश पर चलाए गए पुलिस और सीपीयू के संयुक्त अभियान में कुल 130 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान शहर के प्रमुख कट व चौराहों ऽ जैसे राधा स्वामी सत्संग व्यास कट, बिंदाल कट, ग्रेट वैल्यू तिराहा, कैलाश हॉस्पिटल कट, मातावाला बाग और केवल विहार (सहस्त्रधारा रोड) पर गलत दिशा में वाहन चलाने वालों पर पैनी नजर रखी गई।



अभियान के दौरान गलत दिशा में वाहन चलाने वाले 60 वाहन चालकों के एमवी एक्ट में चालान किये गए, इस दौरान बिना हेलमेट के 20 , ट्रिपल राइडिंग में 10 और यातायात के अन्य नियमों का उल्लंघन करने पर 35 वाहन चालकों के चालान किये गए, साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर 05 वाहनों को मौके पर ही सीज़ किया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात के नियमों के प्रति भी जागरूक किया गया और आम जनमानस से यातायात नियमों का पालन कर देहरादून पुलिस को सहयोग देने की अपील की। पुलिस ने नियम तोड़ने वालों के फोटो भी जारी किए गए हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## हत्या के मामले में दो नाबालिगों को पकड़ा

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के बुराड़ी इलाके में दिनदहाड़े हुई एक नाबालिग की हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच ने दो नाबालिगों को पकड़ा है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने शनिवार को बताया कि 22 मई को दो लड़कों ने मुकुंदपुर निवासी एक नाबालिग को चाकू से गोद डाला था। घटना के बाद घायल किशोर को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में बुराड़ी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। स्थानीय पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच ने मामले की जांच शुरू की। इस बीच पुलिस टीम को सूचना मिली कि हत्या में शामिल आरोपित नाबालिग धौला कुआं इलाके में देखे गए हैं। सूचना को पुख्ता कर पुलिस ने जाल बिछाकर दोनों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपितों ने अपना अपराध कबूल किया। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया। पूछताछ में सामने आया कि मृतक और आरोपित एक ही मोहल्ले के थे। दोनों के बीच पहले से आपसी विवाद था। मृतक ने आरोपितों को जान से मारने की धमकी दी थी। जिसका बदला लेने के लिए दोनों आरोपितों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी।

## मकान में लगी आग, तीन झुलसे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाहौरी गेट स्थित फर्श खाना इलाके स्थित एक मकान में आग लग गई। खबर मिलते ही स्थनीय पुलिस के अलावा दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची। घटना में एक मासूम समेत तीन लोग झुलस गए हैं। पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत नजदीकीअस्पताल में भर्ती कराया। दमकलकर्मियों ने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रहीहै। अग्नि शमन विभाग के अनुसार तड़के साढ़े तीन बजे दमकल कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि फर्श खाना इलाके स्थित एक मकान में आग लग गईहै। सूचना मिलते ही दमकल की पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। घटना में तीन लोग झुलस गए। घायलों की पहचान अनस (13), अहमद (18) और शाहनवाज (30) के रूप में हुई है। दमकलकर्मियों ने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। दमकल अधिकारी के अनुसार आग ग्राउंड फ्लोर पर बिजली मीटर बोर्ड और एक बाइक में आग लगी थी। जिसके कारण 03 लोग झुलस गए। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कररही है।

## पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक बदमाश को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गोगी गैंग से जुड़े एक कुख्यात अपराधी विकास उर्फ साका को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पक्की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार देर रात पुलिस ने आरोपित को बरवाला चौक, यूईआर-II, रोहिणी के पास घेराबंदी कर दी। इस दौरान आरोपित ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके दाहिने पैर में लगी। पुलिस ने घायल आरोपित को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है । पुलिस मुख्यालय द्वारा मिली जानकारी के अनुसार स्पेशल सेल को गुप्त सूचना मिली थी कि एक वांछित अपराधी बाइक से रोहिणी इलाके में आने वाला है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने इलाके में जाल बिछाया। आरोपित के आते ही पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। लेकिन उसने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। जिसमें एक गोली आरोपित के पैर में लगीजांच में आरोपित की पहचान हरियाणानिवासी विकास उर्फ साका (32) के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि आरोपित गोगी गैंग का सक्रिय सदस्य है। जांच में यह पता चला कि आरोपित ने अपने चचेरे भाई के साथ मिलकर गांव के ही एक युवक की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। बाद में शव को राजस्थान के किशनगढ़ बास थाना क्षेत्र में जला दिया था।

## पठानकोट में खेत से मोर्टार बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पठानकोट जिले के सीमावर्ती गांव के खेतों से एक मोर्टार बरामद किया है। खेतों में मोर्टार मिलने से सूचना से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने इस बारे में सेना को सूचित कर दिया है। जानकारी के अनुसार पठानकोट के सोली भोली गांव के एक खेत में मोर्टार मिलने से लोगों में दहशत फैल गई। इस बारे में तब पता चला जब एक ग्राणीण खेतों में गया तो उसने बमनुमा चीज देखी। पुलिस के अनुसार यह मोर्टार बीर सिंह नामक व्यक्ति के खेत में देखा था और उसके बाद ही पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उक्त बमनुमा चीज को कब्जे में लिया और आगे की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने इसकी सूचना सेना को भी दी। सेना की एक टीम मौके पर पहुंची और जिंदा मोर्टार को निष्क्रिय कर दिया।

## सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के गवाह पुलिस अधिकारी का निधन

**चंडीगढ़।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्या मामले के गवाह पूर्व एसएचओ अंग्रेज सिंह का निधन हो गया है। शुक्रवार को मूसेवाला केस में उनकी गवाही थी लेकिन वह तबियत खराब होने के कारण कोर्ट में पेश नहीं हो सके। इस बीच देर शाम उनका निधन हो गया। पूर्व थाना प्रभारी अंग्रेज सिंह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार को अदालत में पेश नहीं होने पर इस केस की सुनवाई चार जुलाई तक स्थगित करते हुए पुलिस अधिकारी को पेश होने के लिए कहा गया था। 29 मई 2022 को जब मूसेवाला का कत्ल हुआ था, तब अंग्रेज सिंह थाना सीटी के एसएचओ थे। घटना की सूचना मिलते ही सबसे पहले अंग्रेज सिंह मौके पर पहुंचे थे। पुलिस अधिकारी के निधन के बाद मूसेवाला केस में अब नया मोड़ आ गया है।

## बिहार के बक्सर में 3 लोगों की गोली मारकर हत्या, 2 लोग गंभीर रूप से घायल

**पटना।** बिहार में बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव में शनिवार सुबह आपसी विवाद में एक ही परिवार के 3 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली लगने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को पहले कोचस स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया गया है। घायल मंटू सिंह के पेट और पैर में गोली लगी है, जबकि पुंज सिंह यादव के पेट में गोली लगी है। मृतकों की पहचान विनोद सिंह यादव, सुनील सिंह यादव और वीरेंद्र सिंह यादव के रूप में की गई है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। दरअसल, शुक्रवार को अहियापुर निवासी विनोद यादव और सुनील यादव का गिट्टी-बालू बेचने को लेकर गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हुआ था। जिसे लेकर शनिवार की सुबह हथियारबंद लोगों ने उनके परिवार के लोगों को निशाना बनाकर गोलियां चलाईं, जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए।

# अपराधी शशि यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सहरसा। जिले के बख्तियापुर थाना क्षेत्र में गत वर्ष दो अलग अलग स्थानों पर घटित लूट मामले में पुलिस ने 25 हजार के इनामी अपराधी शशि यादव को गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से शुक्रवार देर रात गिरफ्तार कर लिया।



इस संबंध में शनिवार को बख्तियापुर थाना में मीडिया से बातचीत के दौरान पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर मु.सुजाद्दीन ने बताया कि बख्तियापुर थाना क्षेत्र के बलवाहाट-सिमरी बख्तियारपुर एनएच 107 सड़क मार्ग के गौशाला के समीप बदमाशों ने खोजू चक के गोरियारी गांव के रहने वाले भूपेंद्र कुमार से हथियार के बल पर उक्त अपराधी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिल कर लूटपाट की घटना का अंजाम दिया था। अपराधियों ने उसके पास से मोटर साइकिल, मोबाइल व दस हजार रुपये नगद लूट कर मौके से फरार हो गया था। जिसके बाद उक्त अपराधियों ने अन्य साथियों के साथ मिलकर गत वर्ष थाना क्षेत्र के ही एकपरहा गांव के समीप स्थित पुल के समीप एक बैंक कर्मी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के तरियामा पंचायत के एकपरहा गांव निवासी मोहर ठाकुर से हथियार के बल पर मोबाइल, लेपटाप सहित अन्य सामान लूट कर फरार हो गया था। उक्त दोनों घटनाओं में बख्तियापुर थाना में कांड दर्ज किया गया था। घटना के बाद से ही अपराधी शशि यादव फरार चल रहा था। पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर मु सुजाद्दीन ने बताया कि इस मामले में पूर्व में चार अपराधी को न्यायालय भेज दिया गया था। उन्होंने बताय की पकड़े गए अपराधी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया की वह सौर बाजार थाना क्षेत्र के इनरबा गांव के निवासी रमेश यादव उर्फ खेली यादव का पुत्र शशि यादव है। उक्त अपराधी के ऊपर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। मीडिया से बातचीत के दौरान सुजाद्दीन ने बताया की गिरफ्तार अपराधी से आवश्यक पूछताछ के बाद शनिवार को सहरसा न्यायालय भेज दिया गया है।

# 'गड्डी गैंग' का शातिर ठग गिरफ्तार

नई दिल्ली। नई दिल्ली जिले के नॉर्थ एवेन्यू थाना पुलिस ने 'गड्डी गैंग' के सक्रिय सदस्य अनिल उर्फ अमित उर्फ सनी (30) को गिरफ्तार किया है। आरोपित लंबे समय से फरार चल रहा था और उस पर दिल्ली के विभिन्न थानों में धोखाधड़ी, चोरी और जालसाजी के आठ मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपित रघुवीर नगर का रहने वाला है और गिरफ्तारी से बचने के लिए वह बार-बार अपना नाम बदलता रहा। पुलिस अधिकारी के अनुसार गड्डी गैंग दो लोगों की टीम में काम करता था। पहला सदस्य किसी महिला से बातचीत कर भरोसा जीतता, फिर दूसरा सदस्य आता और खुद को किसी मालिक से भागा हुआ नौकर बताकर नकली नोटों से भरा बैग दिखाता। कुछ असली नोट ऊपर रखे होते थे ताकि बैग असली लगे। उसके बाद वह महिला से कहता कि बैग नहीं ले जा सकता, बदले में गहने ले लेता। महिला जैसे ही गहने देती, दोनों आरोपित फरार हो जाते। इसके अलावा गैंग अस्पतालों में भी सक्रिय था। अकेली मरीज महिलाओं को निशाना बनाकर सहायता के बहाने उनसे कीमती सामान ठग लेते थे।

# नीतीश कुमार 25 मई को एनडीए शासित मुख्यमंत्रियों की बैठक में होंगे शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर आए हैं। शनिवार को नीति आयोग की बैठक में शामिल होने के बाद नीतीश कुमार रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलेंगे। रविवार को एनडीए शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों की एक बड़ी बैठक होनी है। नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 10वीं बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी ने की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधर, बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और योजना सचिव के. सेंथिल कुमार भी बैठक में मौजूद रहे। माना जा रहा है कि



बिहार विधानसभा चुनाव के पहले केंद्र सरकार, राज्य को बड़ा तोहफा दे सकती है, जिसमें नीति आयोग की बैठक में की गई मांगें बेहद अहम होंगी। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में 25 मई को एनडीए शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों की एक बड़ी बैठक होगी। इसमें एनडीए शासित राज्यों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी। एनडीए शासित राज्यों में केंद्र सरकार के द्वारा जो विकास के कार्य किए जा रहा हैं, उसे लेकर मुख्यमंत्रियों से फीडबैक लिया जाएगा और उसकी समीक्षा होगी।

# सरकारी अधिकारी बनकर बुजुर्ग महिला से वसूली करने वाला ठग गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिणी जिले के डिफेंस कॉलोनी थाना पुलिस ने खुद को सरकारी अधिकारी बताकर एक बुजुर्ग महिला से डेढ़ लाख रुपये की वसूली करने वाले आरोपित तौसीफ राजा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल बाइक, मोबाइल फोन और 28,500 नकद बरामद किए हैं। दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने शनिवार को बताया कि 76 वर्षीय बुजुर्ग महिला डिफेंस कॉलोनी के डी-ब्लॉक में रहती हैं। उन्होंने 20 मई को पुलिस में शिकायत दी कि 9 मई को एक व्यक्ति उनके घर आया और खुद को बागवानी विभाग और एमसीडी का अधिकारी



बताया। उसने नाली साफ न होने का हवाला देकर 50 हजार रुपये का चालान काटने और बिजली कनेक्शन काटने की धमकी दी। फिर मामले को रफा-दफा करने के लिए 25 हजार रुपये की मांग की। डर के मारे महिला ने उसे यह रकम दे दी। इसके बाद 13 मई को वह शख्स दोबारा आया और इस बार 50 लाख की मांग की। धमकी दी कि रकम न मिलने पर उनके बेटे की शादी में बाधा डालेगा। डर के चलते महिला के पति ने मोदी मिल फ्लाईओवर के पास उसे 1.5 लाख नकद दे दिए। रकम मिलने के बावजूद आरोपित धमकाता रहा।पुलिस ने पीड़िता के बयान पर केस दर्ज किया।डीसीपी के अनुसार एसएचओ संजय शर्मा की देखरेख में पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस टीम ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, मोबाइल की कॉल डिटेल्स और तकनीकी सर्विलांस से आरोपित की पहचान कर उसे ओखला से दबोचा। जांच में पता चला है कि आरोपित शहीन बाग में प्रॉपर्टी एजेंट है और पहले भी धोखाधड़ी के एक मामले में शामिल रहा है।


# हरिद्वार जिला न्यायालय में पतंजलि आयुर्वेद छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। पतंजलि भारतीय आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान के अंतर्गत संचालित पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय, हरिद्वार के बीएएमएस 2022 बैच के छात्रों ने जिला न्यायालय, हरिद्वार का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण राष्ट्रीय आयुर्वेद आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अंतर्गत अगद तंत्र एवं विधि आयुर्वेद विषय की व्यावहारिक जानकारी हेतु आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रशांत जोशी, जिला न्यायाधीश, हरिद्वार ने छात्रों को न्यायालय की कार्यप्रणाली, अदालती प्रक्रियाओं की जानकारी दी, जो आयुर्वेदिक चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत चिकित्सकों के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक है। छात्रों के साथ इस शैक्षणिक भ्रमण में अगद तंत्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्रोफ़ेसर डॉ. आशीष भारती गोस्वामी तथा



प्रोफ़ेसर डॉ. नरेंद्र कुमार वत्स एवं जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता शिव कुमार चौधरी तथा अधिवक्ता आर्यन चौहान भी उपस्थित रहे। इस भ्रमण की सफलतापूर्वक योजना एवं क्रियान्वयन में पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार एवं उपप्राचार्य डॉ. गिरीश केजे का विशेष योगदान रहा। यह भ्रमण छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ, जिससे उन्हें न्यायिक व्यवस्था की व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई और उनके विषय ज्ञान को व्यवहारिक दृष्टिकोण से सुदृढ़ करने में सहायता मिली।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063